✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 33 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 29 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




पीएम नरेन्द्र मोदी को मिला सेशेल्स का सर्वोच्च सम्मान


1,042 नव चयनित
इंटर एवं स्नातक
प्रशिक्षित सहायक आचार्यों का

## नियुक्ति-पत्र
## वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री राधाकृष्ण किशोर**
माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री संजय प्रसाद यादव**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग, झारखण्ड

29 जून, 2026 | अपराह्न 1:00 बजे
टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची



PR-383463 (School Education and Literacy) 26-27

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड

# पटना साइंस कॉलेज परिसर में स्थापित होगी यूनिवर्सिटी ऑफ फिजिक्स एंड साइंसेज : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने पटना साइंस कॉलेज का किया भ्रमण, व्यवस्थाओं की ली जानकारी, अधिकारियों को दिये निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना साइंस कलेज का निरीक्षण किया तथा परिसर का विस्तृत अवलोकन करते हुए इसके समग्र विकास के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि पटना साइंस कलेज परिसर में यूनिवर्सिटी ऑफ फिजिक्स एंड साइंसेज की स्थापना की जाएगी। यह विश्वविद्यालय भौतिकी एवं विज्ञान के क्षेत्र में उच्चस्तरीय शिक्षा, नवाचार तथा अत्याधुनिक अनुसंधान का उत्कृष्ट केन्द्र बनेगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों एवं शोधकर्ताओं को विश्वस्तरीय शैक्षणिक एवं अनुसंधान सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना साइंस कलेज की एक



गौरवशाली शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक परंपरा रही है। राज्य सरकार का उद्देश्य इस ऐतिहासिक संस्थान को पुनः विज्ञान के अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी संस्थान के रूप में विकसित करना है, ताकि इसका पुराना गौरव पुनर्स्थापित हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना एवं परिसर के समग्र विकास के लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आधुनिक प्रयोगशालाओं, अनुसंधान केन्द्रों, उन्नत शैक्षणिक अधोसंरचना तथा अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरुप सुविधाओं का विकास किया जाएगा जिससे बिहार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित कर सके। उन्होंने कहा कि साइंस कॉलेज की आधारभूत संरचना को और सुदृढ़ किया जायेगा। छात्रावास एवं प्ले ग्राउंड्स की व्यवस्था को और बेहतर किया जायेगा। इसके लिये शीघ्र टीम भेजी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। पटना साइंस कॉलेज परिसर में स्थापित होने वाला यूनिवर्सिटी ऑफ फिजिक्स एंड साइंसेज न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के विद्यार्थियों एवं शोधकर्ताओं के लिए ज्ञान, अनुसंधान और वैज्ञानिक उत्कृष्टता का प्रमुख केन्द्र बनेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुतीकरण के माध्यम से साइंस कॉलेज की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) अलका ने साइंस कॉलेज की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने पटना कॉलेजिएट स्कूल का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना कॉलेजिएट स्कूल का गौरवशाली इतिहास रहा है। इसे मॉडल (आदर्श) स्कूल के रुप में विकसित किया जायेगा। यहां विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं तथा बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराये जायेंगे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, शिक्षा विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल, जिलाधिकारी कुंदन कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने कबीर जयंती पर बिहारवासियों को दीं शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने कबीर जयंती के पावन अवसर पर बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने कहा है कि संत कबीरदास एक महान संत, कवि, समाज सुधारक तथा भक्तिकाल के प्रमुख स्तंभ थे। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से भेदभाव, संकीर्ण मतवाद, अलगाववादी प्रवृत्तियों तथा सामाजिक एवं धार्मिक रुढ़ियों के विरुद्ध जन-मानस में जागृति उत्पन्न करने का प्रयास किया। साथ ही उन्होंने प्रेम, भाईचारे, सद्भाव, समरसता और मानवता का संदेश देकर समाज को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि ज्ञानाश्रयी शाखा के महान साधक संत कबीरदास ने भक्ति तथा आंतरिक साधना के मार्ग का प्रवर्तन किया। भारतीय समाज और संस्कृति के प्रति उनका योगदान अमूल्य एवं अविस्मरणीय है। राज्यपाल ने बिहारवासियों से संत कबीर के जीवन-दर्शन से प्रेरणा ग्रहण कर एक स्वस्थ, समावेशी, न्यायपूर्ण एवं समरस समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया है।

# 'मन की बात' देश को आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में प्रेरित करने वाला मंच: संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पटना स्थित अपने आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण को सुना। कार्यक्रम के उपरांत उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का 'मन की बात' केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि देशवासियों को राष्ट्र निर्माण, आत्मनिर्भरता, जनभागीदारी और सेवा के लिए प्रेरित करने वाला एक सशक्त मंच बन चुका है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में भारत की अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियों और जनकल्याणकारी अभियानों का



उल्लेख किया। उन्होंने भारतीय नौसेना में शामिल किए गए स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस दुनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय का उल्लेख करते हुए कहा कि इनकी डिजाइन से लेकर निर्माण तक पूरी प्रक्रिया भारत में ही संपन्न हुई है। यह आत्मनिर्भर भारत और देश की बढ़ती रक्षा क्षमता का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने नालंदा विश्वविद्यालय की गौरवमयी ज्ञान परंपरा और भारत की समृद्ध बौद्धिक विरासत का उल्लेख करते हुए देश की सांस्कृतिक और शैक्षणिक धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संदेश दिया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से विश्व पटल पर भारत की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों की भी चर्चा की।

# राज्य में आंगनबाड़ी केंद्रों की निगरानी होगी पोषण ट्रैकर से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में 1 लाख 14 हजार 718 आंगनबाड़ी केंद्रों पर हो रही गतिविधियों की निगरानी को अधिक सशक्त बनाने की तैयारी चल रही है। समाज कल्याण विभाग अब मुख्यालय स्तर पर पोषण ट्रैकर कमांड सेंटर स्थापित करने जा रहा है जिसके माध्यम से सभी केंद्रों की हर गतिविधि की ऑन-टाइम निगरानी की जाएगी। यह एक केंद्र प्रायोजित मिशन के तहत राज्य में लागू किया जा रहा है। इसके शुरू होने के बाद छह वर्ष से कम आयु के बच्चों की पोषण स्थिति, वजन, ऊंचाई और समग्र विकास संबंधी सभी रिपोर्टें पोषण ट्रैकर कमांड सेंटर के सार्वजनिक डैशबोर्ड पर उपलब्ध होंगी। आम नागरिक भी इन आंकड़ों को देख सकेंगे। विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने हाल ही में आंगनबाड़ी केंद्रों की सभी गतिविधियों की निगरानी के लिए पोषण ट्रैकर एप लॉन्च किया है। इस एप के जरिए राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रभावी मॉनिटरिंग व्यवस्था की गई है। केंद्रों को अब ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस से भी लैस किया गया है, जिससे बच्चों के शारीरिक विकास को सटीक रूप से मापा जा सकेगा।

# बांकीपुर उपचुनाव में कायस्थ सम्मान से समझौता नहीं, उपेक्षा करने वालों को मिलेगा कड़ा जवाब : अखिलेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कायस्थ चित्रगुप्त सेना, बिहार प्रदेश महिला मोर्चा कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक सेनाध्यक्ष पाण्डेय अखिलेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में वृन्दावन कुंज, एक्जिबिशन रोड, पटना में जय शंकर प्रसाद के निवास पर आयोजित हुआ। बैठक में प्रस्तावित बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव एवं कायस्थ समाज की राजनीतिक भागीदारी पर व्यापक चर्चा की गई। सेनाध्यक्ष पाण्डेय अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास का नारा सिर्फ छलावा है और कुछ नहीं। भाजपा ने शुरू से अबतक कायस्थों को ठगा है जबकि कायस्थों ने इसे फर्श से अर्श पर



पहुंचाने में अपना शत प्रतिशत योगदान दिया है। 1980 में जब जनसंघ - भाजपा कि स्थापना हुई और कोई इससे जुड़ने और मद्दत के लिये तैयार नहीं था, तब कायस्थों ने राष्ट्रीय स्तर पर इसे अपना शत प्रतिशत वोट देकर इसे पहचान दिलाई और वहीं भाजपा राजनितिक साजिश करके कायस्थों को आज विधानसभा में 87 से शून्य पर ला दीं, यह कैसा विकास है। 2025 के विधानसभा चुनाव में तीन विधायक में से दो का टिकट भाजपा ने काटकर सिर्फ बांकीपुर से टिकट दिया अब कायस्थ बहुल बांकीपुर उप चुनाव में अगर किसी कायस्थ को उम्मीदवार न बनाकर गैर कायस्थ को प्रत्याशी बनाया तो इसका खामियाजा उसे ऐसा भुगतना पड़ेगा कि बीजेपी को आजीवन याद रहेगा।

# केवाइपी वेलफेयर सोसाइटी वैशाली के तत्वावधान में बाबा हरिहरनाथ मंदिर, सोनपुर में होगा रुद्राभिषेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वैशाली।** केवाइपी वेलफेयर सोसाइटी वैशाली के तत्वावधान में 30 जून को बाबा हरिहरनाथ मंदिर में भगवान शिव का पावन रुद्राभिषेक पूजन श्रद्धा एवं वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न कराया जाएगा। सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. आनन्द रंजन झा ने बताया कि यह विशेष पूजन समाज में सुख, शांति, समृद्धि तथा कौशल विकास से जुड़े सभी केवाईपी केंद्रों, संचालकों, प्रशिक्षकों, विद्यार्थियों एवं प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ से बिहार के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, रोजगार के अवसरों में वृद्धि, कौशल विकास कार्यक्रमों की निरंतर प्रगति तथा सभी के जीवन में सुख-समृद्धि की प्रार्थना की जाएगी। इस अवसर वैशाली जिला के केंद्र संचालक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम



को सफल बनाने के लिए शुभचिंतकों ने आर्थिक एवं नैतिक सहयोग प्रदान किया है। सहयोग राशि देने वालों में इं. रवि कुमार, चंदन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, राकेश सिन्हा, सुनील कुमार, मिरेंद्र प्रसाद, सुजीत कुमार सिंह, विकास कुमार, आभास चंद्र, मनीष कुमार, शशिकांत मिश्रा, धर्मदेव पासवान, बिपिन जी, प्रतीक कुमार, मो. अमजद तथा डॉ. आनन्द रंजन झा हैं। सोसाइटी ने सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से यह धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न होगा।

# मणिअप्पा पंचायत बनी जनभागीदारी आधारित ग्रामीण विकास की मिसाल

## पंचायत विकास दिवस पर उद्योग सचिव कुंदन कुमार ने किया भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना/बेगूसराय।** पंचायत विकास दिवस के अवसर पर उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आएडा कुंदन कुमार ने बेगूसराय जिले के मटिहानी प्रखंड स्थित मणिअप्पा पंचायत का भ्रमण किया। सामुदायिक सहभागिता, जनभागीदारी और सतत विकास के प्रभावी मॉडल के रूप में उभरी यह पंचायत आज राज्य की एक प्रेरणादायी आदर्श पंचायत के रूप में स्थापित हो रही है। भ्रमण के दौरान कुंदन कुमार ने पंचायत के ग्रामीणों से संवाद किया तथा विशेष रूप से महिलाओं के साथ विस्तृत चर्चा कर उनके अनुभवों,



आकांक्षाओं एवं ग्राम विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी को समझा। उन्होंने कहा कि मणिअप्पा पंचायत यह सिद्ध करती है कि जनभागीदारी, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक नेतृत्व के माध्यम से ग्रामीण विकास को नई दिशा दी जा सकती है। ऐसे मॉडल 'विकसित बिहार' और 'विकसित भारत' के निर्माण की मजबूत आधारशिला हैं। उन्होंने पंचायत में संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी पहलों की समीक्षा की तथा स्थानीय समुदाय द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता और समावेशी विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

# बिहार को स्वच्छ बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा राज्य में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 को लागू किया जाना स्वच्छता, जनस्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी कदम है। श्री पांडेय ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण और कचरा प्रबंधन की चुनौतियों को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा बनाई गई नई नियमावली न केवल कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण को सुनिश्चित करेगी, बल्कि आम नागरिकों के बीच स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करेगी। प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत मिशन की भावना के अनुरूप बिहार सरकार ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को जनभागीदारी से जोड़ने का सराहनीय प्रयास किया है।

# छात्रों ने चलाया पौधारोपण अभियान, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना सिटी।** श्री गुरु गोविंद सिंह कॉलेज के छात्रों ने रविवार को पटना सिटी में वृक्षारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण बचाने की मुहिम को आगे बढ़ाया। इस अभियान में करीब 25 से 30 छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी छात्रों के गले में पहचान पत्र थे और उनके हाथों में आम, नीम और अन्य प्रजातियों के पौधे थे। छात्रों ने खुद गड्ढे खोदकर पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प भी लिया। अमन ने बताया हमारा मकसद सिर्फ पौधे लगाना नहीं है, बल्कि लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। हर साल बढ़ती गर्मी और प्रदूषण को देखकर हमने यह पहल की है। यह अभियान राजधानी में विश्व युवक केंद्र एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन ने युवाओं में पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता का उदाहरण है। फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर सुलेखा ने बताया कि 5 जून से 5 जुलाई 2026 तक सघन पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है।

# कांग्रेस के संगठन को नई ऊर्जा देने के लिए प्रशिक्षण शिविर शुरू

## संगठन की मजबूती के लिए प्रशिक्षित और सक्रिय प्रखंड अध्यक्ष आवश्यक : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्षों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत गांव और प्रखंड स्तर पर कार्यरत कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में निहित होती है। उन्होंने कहा कि प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी की रीढ़ है और उन्हें पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यशैली तथा जनसरोकारों के प्रति पूरी तरह




प्रशिक्षित और सक्रिय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य प्रखंड अध्यक्षों को संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, जनसमस्याओं के समाधान तथा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने के लिए तैयार करना है। उन्होंने सभी प्रखंड अध्यक्षों से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दों बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, किसानों और युवाओं की समस्याओं को लेकर लगातार संघर्षरत है और प्रत्येक कार्यकर्ता को इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

# दिल्ली में प्रशासनिक पदाधिकारियों को दी जाएगी नियमों की ट्रेनिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय की ओर से कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली के सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान में छह दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जाएगा। 29 जून से चार जुलाई के बीच होने वाले इस प्रशिक्षण को लेकर निदेशालय के संयुक्त सचिव प्रभात कुमार ने उपरोक्त संस्थान के उप निदेशक को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में संयुक्त सचिव ने कहा है कि मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय की ओर से अखिल भारतीय सेवा नियमावली 1969 और बिहार सरकारी सेवक नियमावली 2005 के तहत आईएसटीएम, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण में बिहार निदेशालय समेत अलग-अलग विभाग एवं जिलों में तैनात पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाना तय है। प्रतिभागी के तौर पर सूची में शामिल अधिकारियों में निदेशालय के उप सचिव क्रमशः आलोक कुमार और राज वर्द्धन, प्रशिक्षक पदाधिकारी सतीश कुमार तिवारी, शालिग्राम पांडेय, भगवान साहू, मुंगेर के अपर समाहर्ता (वि. जांच) मनोज कुमार, नवादा लोक शिकायत निवारण के अपर समाहर्ता शम्भू शरण पांडेय, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के उप सचिव डॉ. सुनील कुमार, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, भोजपुर शशि शेखर, पूर्वी चंपारण समाहरणालय के अपर समाहर्ता मो. शिबगतुल्लाह, वैशाली, शेखपुरा और जहानाबाद के अपर समाहर्ता क्रमशः एहसान अहमद, संजय कुमार और विनय कुमार सिंह समेत कुल 25 पदाधिकारियों का नाम शामिल है।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए लघुकथा आंदोलन के प्रणेता सतीशराज पुष्करणा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के संस्थापक डॉ. सतीशराज पुष्करणा की छठी पुण्यतिथि पर आयोजित 'स्मृति पर्व' में लघुकथाकारों ने हिंदी लघुकथा आंदोलन में उनके अविस्मरणीय योगदान की विस्तृत चर्चा करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का उद्घाटन पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो अबु बकर रिजवी, बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा, नई धारा के संपादक प्रो शिवनारायण, अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के अध्यक्ष डॉ राम दुलार सिंह पराया एवं महासचिव डॉ ध्रुव




कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर ऋचा वर्मा, पूनम कतरियार, प्रभात कुमार धवन, विभा रानी श्रीवास्तव, मिन्नी मिश्रा, अनिल रश्मि, अनीता मिश्रा, प्रभात धवन, रामयतन यादव, सिद्धेश्वर, सुमन कुमार, सुधांशु चक्रवर्ती, श्रेया कुमारी, आलोक चोपड़ा, अतुल राय, नूतन सिंहा, ए आर हाशमी, अपराजिता रंजना, तनुजा सिंह, ममता सिंह, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, आशा रघुदेव, अनुराग, पंकज प्रियम, दीपक वर्णवाल, पीहू कुमारी, नीलू अग्रवाल ने अपनी लघुकथाओं का पाठ किया। सम्राट समीर ने संचालन किया धन्यवाद ज्ञापन अनिल रश्मि ने किया। मौके पर बापू टॉवर के उप निदेशक ललित कुमार सिंह, रणधीर कुमार मिश्र, सुनील झा, कल्याणी कुसुम सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# सशक्त पंचायतें ही विकसित बिहार की आधारशिला : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सशक्त पंचायत, जागरूक नागरिक एवं सक्रिय ग्राम सभा ही विकसित गांव, विकसित बिहार और विकसित भारत के निर्माण की सबसे मजबूत आधारशिला हैं। यह बातें पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने रविवार को प्रथम 'पंचायत विकास दिवस' कार्यक्रम के दौरान कहीं। वे रविवार को अरवल जिले के अरवल प्रखंड अंतर्गत अमरा एवं बेलखारा ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने अमरा पंचायत में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा दोनों पंचायतों में ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ संवाद कर पंचायतों के समग्र विकास एवं जनभागीदारी पर बल दिया। मौके पर नागरिकों से प्रत्येक माह आयोजित होने वाले पंचायत विकास दिवस में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं भारतीय लोकतंत्र की सबसे सुदृढ़ आधारशिला हैं। लोकतंत्र तभी प्रभावी एवं सार्थक बनता है जब विकास की योजनाएं जनता की सहभागिता से तैयार हों और उनका क्रियान्वयन भी जनसहयोग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि 'पंचायत विकास दिवस' ग्राम सभाओं को अधिक सक्रिय, उत्तरदायी एवं सहभागितापूर्ण बनाने की दिशा में राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है।

# राष्ट्रीय नाई महासभा के पटना महानगर अध्यक्ष ने ली भाजपा की सदस्यता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राष्ट्रीय नाई महासभा के पटना महानगर के अध्यक्ष सूरज ठाकुर ने अपने समर्थकों के साथ रविवार को आर ब्लॉक स्थित स्नातक भवन में भाजपा के वरिष्ठ नेता सह राष्ट्रीय नाई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधान परिषद आजाद गांधी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर सम्राट अशोक फाउंडेशन के अध्यक्ष निरंजन कुशवाहा पप्पू एवं भाजपा के सीमांचल प्रभारी नरेश शाह सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस मौके पर और विधान पार्षद आजाद गांधी ने कहा कि सूरज ठाकुर के भारतीय जनता पार्टी के संस्था लेने से पार्टी को मजबूती मिलेगा और देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी में




अति पिछड़ा समाज को एक मुखर आवाज मिलेगा। इस मौके पर सम्राट अशोक फाउंडेशन के अध्यक्ष वरिष्ठ में भाजपा नेता निरंजन कुशवाहा पप्पू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अति पिछड़ा समाज के आवाज एवं बिहार के कद्दावर नेता रहे पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर अति पिछड़ा समाज को एक बहुत बड़ा संदेश दिया है और इसमें आजाद गांधी की महती भूमिका रही है जिन्होंने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिलाने के लिए बिहार भर में पदयात्रा की थी। इस मौके पर भाजपा के सीमांचल प्रभारी नरेश शाह ने भारतीय जनता पार्टी में सूरज ठाकुर का स्वागत करते हुए कहा कि सूरज ठाकुर नाई महासभा के अध्यक्ष के नाते पटना में एक अपनी पहचान बन चुके हैं और उनके पार्टी में आने से पार्टी और मजबूत होगी। इस मौके पर सूरज ठाकुर के साथ सदस्यता लेने वालों में आर्यन कुमार, संतोष ठाकुर, पिंटू सोनी ,अमन ठाकुर, समीर ठाकुर, ध्रुव कुमार ठाकुर, कृष ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम में भाजपा नेता सुमन पटेल, नितेश कछवाहा, कृष्णा ठाकुर, उमेश ठाकुर, मदन पासवान, मनीष ठाकुर, संतोष कुमार, संजय ठाकरे सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी की साप्ताहिक बैठक आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी की साप्ताहिक बैठक क्लब के अध्यक्ष डॉ. बृज मोहन प्रसाद व सचिव रो. विष्णु झुनझुनवाला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के दौरान सत्र 2026-27 के अध्यक्ष रो. पंकज किशोर सिंह एवं सचिव रो. रव्यांशु प्रीत को उनके दायित्वों के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। रोटरी सत्र 2027-28 के लिए अध्यक्ष रो. अरविंद मेहता एवं सचिव रो. विजय कुमार यादव का सम्मान कर उन्हें सफल कार्यकाल हेतु हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त की गईं। क्लब के चेयरमैन रो. राजेश बल्लभ उर्फ मुन्ना यादव ने क्लब के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी सदस्यों को साथ लेकर रोटरी के आदर्श को आत्मसात करते हुए समाज हित में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे अथवा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामना व्यक्त किया। मौके पर रो. रवि शंकर प्रीत, रो. विष्णु झुनझुनवाला, रो. कृष्ण कुमार यादव, रो. बिनोद मिश्रा, रो. कवि सैनी, रो. सचिन शर्मा सहित क्लब के सभी सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 33 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 29 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



राजधानी पटना स्थित बिहार संग्रहालय का भ्रमण करते सद्गुरु

### मुख्यमंत्री ने किया टेटिया बंबर प्रखंड के भूना गांव में आयोजित पंचायत विकास शिविर का उद्घाटन

# गांवों के विकास से ही बिहार की तरक्की संभव : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब बिहार समृद्ध बनेगा। उन्होंने कहा कि बिहार की तरक्की गांवों और पंचायतों के विकास से ही संभव है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार ने हर महीने के अंतिम रविवार को सभी पंचायतों में पंचायत विकास शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुंगेर जिले के टेटिया बंबर प्रखंड के भूना गांव में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत विकास शिविरों में विकास, गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, बच्चों के उत्थान, जल प्रबंधन, पेयजल, स्वच्छता, खाद्यान्न उत्पादन और सामाजिक न्याय जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही लंबित योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पंचायत स्तर पर नियमित शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हर महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को सहयोग शिविर तथा अंतिम रविवार को पंचायत विकास शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सहयोग शिविरों के माध्यम से अब तक करीब चार लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से साढ़े तीन लाख आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी नागरिक का काम 30 दिनों के भीतर पूरा नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारी को 31वें दिन निलंबित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार जवाबदेही के साथ काम कर रही है और लोगों को समय पर सुविधाएं मिलना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि टेटिया बंबर बिहार का पहला ऐसा प्रखंड होगा, जहां दो डिग्री कॉलेज संचालित होंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की भौगोलिक और आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है ताकि यहां के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों में न जाना पड़े।



मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 अगस्त 2026 के बाद किसी भी सरकारी अस्पताल से मरीजों को बिना आवश्यकता रेफर नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों में जरूरी चिकित्सा सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2029 तक बिहार के सभी जिला मुख्यालयों को फोरलेन सड़कों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही प्रत्येक प्रखंड को पथ निर्माण विभाग की सड़कों से जोड़ने का कार्य भी तेज किया जाएगा। उन्होंने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने, जीविका से जुड़ी 1.81 करोड़ महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, दुग्ध और मत्स्य उत्पादन बढ़ाने तथा पशुपालन को प्रोत्साहित करने की योजनाओं की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और कानून-व्यवस्था से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य विकास, सुशासन और पारदर्शिता के माध्यम से बिहार को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करना है।

# खतरे में तेजस्वी की नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** बिहार में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से इस्तीफ़े की मांग किए जाने के सवाल पर उच्च शिक्षा एवं विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर ने तीखा पलटवार किया है। कैमूर के मोहनियां में उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि तेजस्वी यादव पहले अपनी राजनीतिक स्थिति देखें। उनका दावा था कि विपक्ष की संख्या लगातार कमजोर हो रही है और ऐसे हालात बन गए हैं कि नेता प्रतिपक्ष का पद भी संकट में पड़ सकता है। मंत्री ने कहा कि सम्राट चौधरी किसी व्यक्ति की कृपा से नहीं बल्कि बिहार की जनता के जनादेश से मुख्यमंत्री बने हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तेजस्वी यादव को जनता कई बार चुनाव में नकार चुकी है और अब वे केवल राजनीतिक बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने विपक्ष को सकारात्मक राजनीति करने की सलाह देते हुए कहा कि निराधार आरोप लगाने से जनता का विश्वास नहीं जीता जा सकता। संजय सिंह टाइगर ने आरोप लगाया कि विपक्ष जनहित के मुद्दों की बजाय अपनी राजनीतिक स्थिति बचाने में अधिक व्यस्त है। उन्होंने कहा कि विधानसभा की कार्यवाही के दौरान जनता के मुद्दों पर गंभीर चर्चा करने के बजाय विपक्ष अक्सर गैर-जिम्मेदाराना रवैया अपनाता है। भाजपा के लिए ऐसे बयानों का हर बार जवाब देना जरूरी नहीं है। मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने के लिए न्यूनतम 25 विधायकों का समर्थन होना आवश्यक माना जाता है। उनका आरोप था कि विपक्ष के एक विधायक के बागी होने के बाद उनकी स्थिति कमजोर हुई है। उन्होंने दावा किया कि इसी कारण विपक्ष अपने विधायक के खिलाफ कार्रवाई करने की स्थिति में नहीं है क्योंकि ऐसा होने पर नेता प्रतिपक्ष के पद पर भी असर पड़ सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा में 17 मुन्ना भाई गिरफ्तार

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पुलिस रेडियो में सिपाही (ऑपरेटर) के 993 पदों पर भर्ती के लिए रविवार को राज्यभर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लिखित परीक्षा आयोजित की गई। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने परीक्षा को पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित बताया है। हालांकि परीक्षा के दौरान कदाचार और फर्जी अभ्यर्थियों के जरिए परीक्षा में शामिल होने की कोशिश करने वाले 17 मुन्नाभाई के खिलाफ विभिन्न जिलों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इनमें 12 आरोपितों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

### मोस्ट वांटेड अपराधी कृष्णा सिंह पर 50 हजार का इनाम घोषित

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बक्सर के मोस्ट वांटेड अपराधी कृष्णा सिंह उर्फ अटल सिंह पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने आरोपी की तस्वीर और इनाम से संबंधित सूचना को सार्वजनिक करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण और सार्वजनिक स्थलों पर इसके पोस्टर भी लगाए गए हैं जिससे आरोपी की गिरफ्तारी में आम जनता का सहयोग मिल सके। सीबीआई ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी भी व्यक्ति को इस आरोपी के संबंध में कोई भी जानकारी मिले तो वह तुरंत केंद्रीय जांच एजेंसी या स्थानीय पुलिस को सूचित करे।

### पानी भरे गड्ढे में समा गई दो मासूमों की जिंदगी

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के केवटी थाना क्षेत्र के जलवारा गांव में शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसे में दो मासूम बच्चों की पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव के कई बच्चे जलवारा गांव के पूर्व दिशा में स्थित एक पानी भरे गड्ढे के पास खेल रहे थे। इसी दौरान 10 वर्षीय मो. कासिम और 8 वर्षीय मो. कमरान नहाने के लिए गड्ढे में उतर गए। कुछ ही देर में दोनों गहरे पानी में डूबने लगे। साथ खेल रहे अन्य बच्चों ने शोर मचाकर ग्रामीणों और परिजनों को इसकी सूचना दी।

### पटना में 30 जून तक आठवीं तक बंद रहेंगे सभी स्कूल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और अधिक तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला लिया है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में प्री-स्कूल से लेकर कक्षा 8 तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर 30 जून तक पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। जिला दंडाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में इन दिनों अत्यधिक तापमान दर्ज किया जा रहा है।

# मोदी कैबिनेट में मानसून सत्र से पहले फेरबदल संभव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में फ़ेरबदल की चर्चा तेज हो गई है। सत्तारूढ़ दल के शीर्ष स्तर से संकेत मिल रहा है कि यह फ़ेरबदल संभवतः संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले किया जा सकता है। संसद का मानसून सत्र आम तौर पर जुलाई के तीसरे सप्ताह में शुरू होता है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फ़ेरबदल भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में पार्टी की नई टीम की घोषणा के साथ ही किया जाएगा। माना जा रहा है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व पदाधिकारियों की सूची को अंतिम रूप दे चुका है और 'नितिन नवीन की टीम' का एलान जल्द होने की संभावना है। पार्टी के युवा चेहरों को संगठन में अहम भूमिका दिए जाने की संभावना है। इस बात की भी प्रबल संभावना है कि कुछ मंत्रियों को संगठन में भेजा जाए और पार्टी पदाधिकारियों को मोदी सरकार में शामिल किया जाए। कुछ मंत्रियों का विभाग बदले जाने की भी अटकलें हैं। सूत्रों के अनुसार सरकार में शीर्ष स्तर पर यह धारणा प्रबल हो रही है कि अहम मंत्रालयों में नए चेहरों की आवश्यकता है। इसके अलावा क्षेत्रीय, राज्यवार, जातीय और राजनीतिक निष्ठा से जुड़े समीकरणों को ध्यान में रखकर मंत्रिपरिषद में संतुलन बनाने की राजनीतिक मजबूरियां भी हैं। दो केंद्रीय मंत्रियों पंकज चौधरी और हर्ष मल्होत्रा को क्रमशः उत्तर प्रदेश और दिल्ली इकाई की जिम्मेदारी दी जा चुकी है। इस बात की प्रबल संभावना है कि भाजपा 'एक व्यक्ति, एक पद' के नियम का पालन करेगी जिसके कारण दोनों को सरकार से हटना पड़ सकता है।

# झारखंड प्रकृति का अनुपम उपहार : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को पत्नी कल्पना सोरेन और परिवार व करीबी मित्रों के साथ प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जोन्हा फॉल पहुंचें। उनके साथ सिल्ली की पूर्व विधायक सीमा महतो भी मौजूद थीं। करीब छह घंटे तक उन्होंने जोन्हा फॉल में समय बिताया और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी यात्रा की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि हरी-भरी वादियों के बीच कुछ सुकून भरे पल बिताने का अवसर मिला। इस दौरान उन्होंने स्थानीय फलों का स्वाद लिया और आसपास के लोगों से आत्मीय बातचीत भी की। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि जोन्हा फॉल की निर्मल जलधारा, घने जंगलों की हरियाली और पहाड़ों का शांत सौंदर्य यह एहसास कराता है कि झारखंड प्रकृति का अनुपम उपहार है। उन्होंने कहा कि राज्य की यह प्राकृतिक धरोहर सभी की साझी विरासत है, जिसे संरक्षित और सुरक्षित रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। हेमंत सोरेन ने लिखा कि झारखंड के किसी भी हिस्से में जाएं, प्रकृति अपने अलग-अलग रंगों में हर आगंतुक का स्वागत करती है। उन्होंने देशभर के पर्यटकों को झारखंड आने का आमंत्रण देते हुए कहा कि राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, संस्कृति और आतिथ्य का अनुभव हर सैलानी के लिए यादगार रहेगा। जोन्हा फॉल के मनोरम दृश्य को निहारते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि यहां की प्राकृतिक सुंदरता उन्हें बार-बार अपनी ओर आकर्षित करती है। उन्होंने कहा कि यह स्थल पर्यटन की अपार संभावनाओं से भरपूर है लेकिन समय के अनुरूप इसका अपेक्षित विकास नहीं हो सका है। उन्होंने जोन्हा फॉल को और बेहतर पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान कल्पना सोरेन ने झरने के मनमोहक दृश्य के बीच तस्वीरें और सेल्फी भी लीं तथा आसपास के प्राकृतिक वातावरण का आनंद उठाया। उनके दौरे को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। सुरक्षा कारणों से कुछ समय के लिए जोन्हा फॉल जाने वाले दोनों मार्गों पर आम पर्यटकों की आवाजाही रोक दी गई। रविवार होने के कारण बड़ी संख्या में पर्यटक फॉल घूमने पहुंचे थे लेकिन प्रवेश प्रतिबंधित होने से कई लोगों को लौटना पड़ा।



### उत्तर भारत में मानसून की दस्तक, लोगों को गर्मी से राहत की उम्मीद

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भीषण गर्मी और उमस से परेशान उत्तर भारत के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून धीरे-धीरे उत्तर भारत की ओर बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में कई क्षेत्रों में अच्छी वर्षा होने की संभावना है। पिछले कुछ सप्ताहों से लगातार बढ़ते तापमान ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है। ऐसे में मानसून की आहट ने लोगों के चेहरों पर उम्मीद की मुस्कान ला दी है। कई इलाकों में बादल छाने और हल्की बारिश होने से मौसम सुहावना हुआ है। किसानों के लिए मानसून विशेष महत्व रखता है क्योंकि खरीफ फसलों की बुवाई काफी हद तक वर्षा पर निर्भर करती है। समय पर और संतुलित बारिश कृषि उत्पादन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वहीं प्रशासन ने नागरिकों को जलभराव और यातायात बाधाओं जैसी संभावित समस्याओं के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी है। भारत में मानसून केवल मौसम परिवर्तन नहीं, बल्कि उम्मीद, खेती और आर्थिक गतिविधियों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण चरण है। अब लोगों की निगाहें आने वाले दिनों की बारिश पर टिकी हैं जिससे गर्मी से राहत मिलने के साथ-साथ किसानों को भी लाभ पहुंचने की उम्मीद है।

# गांवों को आत्मनिर्भर बनाना आवश्यक : निशांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** वैशाली के तीसिऔता पंचायत स्थित हाईस्कूल मैदान में पंचायत विकास दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा मंत्री ने कहा कि कि हम सब आज संकल्प लें कि राज्य व केंद्र द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारें। उन्होंने कहा कि मेरे पिता एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांधी जी के सपने को सरकार करने के लिए गांवों में कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की है। बताया कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में जीविका के माध्यम से योजनाएं चलाए गए। साइकिल, पोषक योजना आदि नीतीश कुमार द्वारा ही चलाएं गए हैं। पुलिस विभाग में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दी गई। आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उस योजना को जारी रखेंगे। गांधी जी का सपना था कि गांव मजबूत बने। नीतीश जी ने गांधी जी के सपने को आगे बढ़ाया। उन्होंने जीरामजी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि जहां विकास दर कम होगा वहां सबसे पहले ध्यान दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने आत्म निर्भर भारत बनाने के लिए संकल्प लिए है। इसके लिए गांवों को आत्मनिर्भर बनाना आवश्यक होगा। इसके पूर्व जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने जिले में महिला सशक्तीकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की चर्चा की। कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिविर लगाए गए। कार्यक्रम की समापन से पूर्व स्वास्थ्य मंत्री श्री कुमार ने हाईस्कूल के प्रांगण में स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा, बीपीआरओ डॉ. प्रभात रंजन, बीडीओ दीपक कुमार सिंह, अंचलाधिकारी प्रभात कुमार आदि उपस्थित थे।



# घर के अंदर फंदे से लटका मिला दंपति का शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**पूर्णिया।** नगर थाना क्षेत्र में बुजुर्ग दंपति का शव घर के अंदर रस्सी के फंदे से लटका मिला। बेटी ने अपने बड़े भाई पर माता-पिता की हत्या का आरोप लगाया है जबकि पुलिस पोस्टमार्टम और एफएसएल रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। मृत दंपति की पहचान वार्ड-8 स्थित हेम कॉलोनी मुशहरी निवासी गूलर ऋषि (65) और उनकी पत्नी मुनिया देवी (45) के रूप में हुई है। भतीजे तूजा ऋषि ने बताया कि गूलर ऋषि और मुनिया देवी का अपने बड़े बेटे मनोज ऋषि से पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। बेटा माता-पिता को खाना तक नहीं देता था। पिछले 12 दिनों से खाने को लेकर घर में रोज झगड़ा हो रहा था। शनिवार शाम भी विवाद इतना बढ़ गया कि बुजुर्ग दंपति ने बेटे से कह दिया कि यह उनका घर है और वह यहां से निकल जाए। इसके बाद दोनों दूसरे घर में चले गए। रविवार सुबह दोनों मृत मिले। मृतक की बेटी चम्पा देवी ने बताया कि उसका बड़ा भाई मनोज ऋषि, उसकी पत्नी फूल कुमारी देवी लगातार माता-पिता के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार करते थे। इसी वजह से दोनों पिछले करीब एक महीने से रात का खाना उसके घर पर खाते थे। जब वो माता-पिता को अपने साथ ले जाने पहुंची थी तब मनोज और उसके परिवार के लोगों ने गाली-गलौज और मारपीट की। उसी दौरान मनोज ने कहा था कि इन दोनों को जान से मार देंगे, तब ले जाना। उसके भाई की नजर माता-पिता की जमीन पर थी और उसी लालच में उनकी हत्या कर शवों को फंदे से लटका दिया गया ताकि मामला आत्महत्या लगे।

# बरौनी में बनेगा 800 मेगावाट का नया पावर प्लांट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बिहार के बरौनी में 800 मेगावाट क्षमता वाली एक नई और आधुनिक थर्मल बिजली यूनिट लगाने की तैयारी चल रही है। यह यूनिट अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल तकनीक पर आधारित होगी। इस नए प्लांट को लगाने के लिए जमीन की कोई कमी नहीं है। बरौनी में जो पुराना थर्मल पावर प्लांट अब बंद हो चुका है, उसी खाली जमीन का इस्तेमाल इस नए प्रोजेक्ट के लिए किया जाएगा। फिलहाल इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट पर काम हो रहा है। ऊर्जा मंत्रालय से मंजूरी मिलते ही इस काम में तेजी आ जाएगी। इस नए बिजली प्लांट के साथ बरौनी में एक बड़ा बैटरी स्टोरेज यूनिट भी बनाया जाएगा। एनटीपीसी बिहार में पहली बार इस तरह के सिस्टम पर काम करने जा रही है। इस तकनीक का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि जब राज्य में बिजली की मांग सबसे ज्यादा होगी तब इस बैटरी में स्टोर की गई बिजली का इस्तेमाल किया जा सकेगा। अभी पूरे बिहार में एनटीपीसी की सिर्फ एक 800 मेगावाट वाली यूनिट है, जो औरंगाबाद के नवीनगर में है। इस नए प्लांट में इस्तेमाल होने वाली अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल तकनीक के कई बड़े फायदे हैं। इसमें आम पावर प्लांट के मुकाबले प्रति यूनिट बिजली बनाने में 10 से 15 फीसदी कम कोयले की जरूरत पड़ती है। कोयला कम जलने की वजह से कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर और नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसी जहरीली गैसों का वातावरण में उत्सर्जन बहुत घट जाता है। इसके साथ ही इस प्लांट में पानी की भी भारी बचत होगी जिससे पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचेगा। बरौनी के अलावा एनटीपीसी आने वाले समय में कहलगांव और कांटी थर्मल पावर परिसरों में भी 800 मेगावाट की नई यूनिट्स लगाने पर विचार कर रही है। अभी वहां फिजिबिलिटी रिपोर्ट पर काम शुरू नहीं हुआ है लेकिन कहलगांव में तीसरे चरण के तहत इस नए प्लांट को लगाने के लिए साइट सर्वे का काम पूरा हो चुका है और वहां भी पर्याप्त जमीन उपलब्ध है। मौजूदा समय में बिहार के भीतर एनटीपीसी की कुल छह थर्मल पावर यूनिट्स काम कर रही हैं। इन सभी को मिलाकर राज्य की कुल कमर्शियल बिजली उत्पादन क्षमता 9500 मेगावाट है। इस समय एनटीपीसी की चालू बिजली प्लांट बिहार के बाढ़, औरंगाबाद, बरौनी, कांटी और कहलगांव में स्थित हैं।






C M Y K

# नालंदा की सभी पंचायतों में धूमधाम से मनाया गया पंचायत विकास दिवस

## पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले की सभी ग्राम पंचायतों में रविवार को पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। हिलसा प्रखंड के जूनियार पंचायत भवन में स्वास्थ्य विभाग के सचिव सह नालंदा के प्रभारी सचिव कुमार रवि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं और राज्य सरकार का लक्ष्य उन्हें अधिक सशक्त, आत्मनिर्भर एवं जनकल्याणकारी बनाना है, ताकि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंच सके। इस माह के पंचायत विकास दिवस की थीम महिला हितैषी ग्राम पंचायत रही।



कार्यक्रम में महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण, स्वरोजगार, सुरक्षा तथा सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर विशेष चर्चा की गई। जीविका दीदियों को गौ-पालन सहित विभिन्न आजीविका योजनाओं की जानकारी दी गई। जिले की सभी पंचायतों में मुखिया, वार्ड सदस्य, ग्रामसभा के सदस्य, युवा एवं जीविका समूह की महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन जैसे विषयों पर विचार-विमर्श कर कार्ययोजना तैयार की गई।राज्य सरकार के निर्देशानुसार वरीय प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न पंचायतों का भ्रमण कर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। साथ ही सोलर लाइट योजना, विकसित भारत जी-राम-जी अभियान समेत अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य शासन को जनता के द्वार तक पहुंचाना तथा पंचायती राज व्यवस्था को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी बनाना है। कार्यक्रम के अंत में जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित कई प्रशासनिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नीतीश कुमार से मिले मुन्ना सिद्दीकी, बिहारशरीफ के विकास पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। पटना स्थित 7, सर्कुलर आवास पर मुन्ना सिद्दीकी ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान बिहारशरीफ के समग्र विकास, आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।मुन्ना सिद्दीकी ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने सुशासन, सामाजिक न्याय, सड़क, पुल, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और आधारभूत विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आज बिहार विकास और सुशासन की एक मिसाल बनकर उभरा है।उन्होंने बिहारशरीफ में चल रहे विकास कार्यों को और अधिक गति देने का आग्रह किया। इस पर नीतीश कुमार ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।मुलाकात के दौरान मुन्ना सिद्दीकी ने नीतीश कुमार के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उनके मार्गदर्शन में बिहार के निरंतर विकास की उम्मीद जताई।इस अवसर पर मोहम्मद जमील शाह, रियाजुल हक, सैयद जाकिर हुसैन, मिस्बाहुल हसन, इकबाल खान उर्फ माला तथा सैयद अबू जेया भी उपस्थित रहे।

# मन की बात में प्रधानमंत्री ने की नालंदा विश्वविद्यालय की सराहना

**एआई के दौर में सांस्कृतिक और बौद्धिक जड़ों से जुड़े रहने का दिया संदेश**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**राजगीर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में नालंदा विश्वविद्यालय की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), नई तकनीकों और तीव्र नवाचारों के इस दौर में मानव की रचनात्मकता और समाज की सांस्कृतिक-बौद्धिक जड़ों को सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर खोजने का सार्थक प्रयास नालंदा विश्वविद्यालय कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हजारों वर्षों पुरानी नालंदा की ज्ञान परंपरा आज नए स्वरूप में भारत के भविष्य को दिशा दे रही है। उन्होंने याद दिलाया कि दो वर्ष पूर्व उन्हें विश्वविद्यालय के नए परिसर के लोकार्पण का अवसर मिला था।उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा पुनर्जीवित की गई शास्त्रार्थ परंपरा की विशेष सराहना करते हुए कहा कि यह केवल अपने विचार रखने का माध्यम नहीं, बल्कि तर्क, तथ्य, संवाद और मंथन की अनुशासित प्रक्रिया है। इससे दूसरों के विचारों को धैर्यपूर्वक सुनने और समझने की सीख मिलती है। प्रधानमंत्री ने बताया कि नालंदा विश्वविद्यालय ने अपने दीक्षांत समारोह में पारिस्थितिकी, सतत विकास और प्रौद्योगिकी समेत 25 विषयों पर शास्त्रार्थ आयोजित किया, जिसमें 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें लगभग आधे छात्र विभिन्न देशों से थे, जो विश्वविद्यालय की वैश्विक पहचान को दर्शाता है। उन्होंने इस पहल को अनुकरणीय बताते हुए देश के अन्य विश्वविद्यालयों से भी इसे अपनाने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन और समर्थन नालंदा विश्वविद्यालय के पुनरुत्थान तथा वैश्विक स्वरूप को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान परंपराओं को समकालीन वैश्विक विमर्शों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

# नीट यूजी पुनर्परीक्षा घोटाला मामले में पावापुरी मेडिकल कॉलेज का छात्र रविशंकर निकला मास्टरमाइंड

**डमी कैंडिडेट गिरोह चलाने के मामले का खुलासा**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। नीट यूजी पुनर्परीक्षा के दौरान लखीसराय के तीन परीक्षा केंद्रों पर सामने आई धांधली की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच एजेंसियों के अनुसार, पावापुरी स्थित बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (बिम्स) के एमबीबीएस चतुर्थ वर्ष के छात्र रवि उर्फ रविशंकर उर्फ सम्राट सिंह ने बायोमेट्रिक सत्यापन एजेंसी के संचालक प्रमोद यादव के साथ मिलकर डमी अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठाने का संगठित नेटवर्क तैयार किया था। जांच में पता चला है कि बिहार के अलावा झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और दिल्ली के मेडिकल छात्रों को मोटी रकम के बदले डमी अभ्यर्थी बनाया गया। इस नेटवर्क में पावापुरी मेडिकल कॉलेज के छात्र रंजीत कुमार तथा एनएमसीएच, गया के छात्र अर्पित सिंह की भी भूमिका सामने आई है। फिलहाल रविशंकर, प्रमोद यादव और रंजीत कुमार फरार बताए जा रहे हैं।आरोप है कि बायोमेट्रिक सत्यापन प्रक्रिया में भी हेराफेरी की गई। पीएमसीएच के छात्र मयंक कश्यप उर्फ अश्विनी को बायोमेट्रिक कर्मी बनाकर तैनात किया गया, जिसके जरिए फिंगरप्रिंट का मिलान नहीं होने के बावजूद कई डमी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिलाया गया। जांच के दौरान केंद्रीय विद्यालय हसनपुर खगौर, उच्च विद्यालय हसनपुर और केआरके उच्च विद्यालय, लखीसराय से तीन डमी अभ्यर्थी पकड़े गए। पूछताछ में उन्होंने रविशंकर उर्फ सम्राट सिंह, रंजीत कुमार और अर्पित सिंह के नाम उजागर किए। गिरफ्तार अभ्यर्थियों ने बताया कि उन्हें मोटी रकम का लालच देकर परीक्षा में बैठाया गया था। तीनों परीक्षा केंद्रों के केंद्राधीक्षकों ने भी अपने बयान में रविशंकर को पूरे गिरोह का मुख्य साजिशकर्ता बताया है। मामले की जांच जारी है और फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण, कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा बिहार पुलिस दूरसंचार (वितंतु) एवं तकनीकी अराजपत्रित संवर्ग में सिपाही (प्रचालक) के पद पर चयन हेतु आयोजित लिखित परीक्षा 28 जून 2026 (रविवार) को नवादा जिले के 18 परीक्षा केंद्रों पर एकल पाली में दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक संचालित की जा रही है। परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने सीताराम साहू कॉलेज, नवादा एवं संत जोसेफ स्कूल, नवादा परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर वीक्षण व्यवस्था, अभ्यर्थियों की उपस्थिति, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्राधीक्षकों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संचालित कराई



जाए।

जिला पदाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा की गोपनीयता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सोखोदेवरा जेपी आश्रम में त्रिपुरारी शरण की 13 वीं पुण्यतिथि मनाई गई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कौआकोल**। सर्वोदयी नेता व बिहार खादी पुरूष त्रिपुरारी शरण की 13वीं पुण्यतिथि रविवार को सोखोदेवरा जेपी आश्रम में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम निर्माण मंडल के परियोजना निदेशक डॉ० भारत भूषण शर्मा ने की। इस अवसर पर लोगों ने उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा से याद किया। मौके पर मौजूद वक्ताओं ने कहा कि त्रिपुरारी शरण एक महान समाजसेवी,सर्वोदय नेता एवं खादी आंदोलन के मजबूत स्तंभ थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाजसेवा,खादी ग्राम उद्योग, सर्वोदय एवं भूदान आंदोलन को समर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि खादी के क्षेत्र में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# आत्मज्ञान से ही जीवन का वास्तविक उद्देश्य समझ में आता : बासुदेव जी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। ग्राम अकरी स्थित सेवादल महात्मा गुड्डु के आवास पर उनकी माता मीणा देवी की श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन महात्मा डॉ. उमेश ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सत्संग में पटना से पधारे महात्मा बासुदेव जी ने अपने प्रवचन में कहा कि सबसे पहले मनुष्य को स्वयं की पहचान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंसान केवल शरीर नहीं, बल्कि परमात्मा का अंश है। जब तक आत्मज्ञान नहीं होता, तब तक मनुष्य अपने वास्तविक उद्देश्य को नहीं समझ पाता। उन्होंने कहा कि पशु और मनुष्य में अंतर केवल ज्ञान का है।




यदि मनुष्य में ज्ञान नहीं है तो उसका जीवन भी सार्थक नहीं हो सकता।

इस अवसर पर मुखी महात्मा विनोद जी, महात्मा सुबोध जी, महात्मा शिवशंकर जी, महात्मा मुकेश जी, सेवादल महात्मा गुड्डु जी, बहन मुन्नी, अनीता जी सहित बड़ी संख्या में निरंकारी परिवार के श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन श्रद्धांजलि एवं अरदास के साथ हुआ।

# मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़, चार हथियार तस्कर गिरफ्तार

**खेत की मेड़ पर चल रहा था अवैध हथियार निर्माण, तैयार व अर्द्धनिर्मित हथियार समेत कई उपकरण बरामद**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। नालंदा पुलिस ने अवैध हथियार निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए परवलपुर थाना क्षेत्र के महुआ कटहरी गांव में खेत की मेड़ पर संचालित मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने चारों ओर से घेराबंदी कर हथियार बना रहे चार तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। मौके से एक तैयार हथियार, कई अर्द्धनिर्मित हथियार तथा हथियार निर्माण में प्रयुक्त उपकरण और अन्य सामग्री बरामद की गई। परवलपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद विशेष टीम का गठन कर पहले इलाके की गुप्त निगरानी की गई। इसके बाद खेत को चारों तरफ से घेरकर एक साथ छापेमारी की गई। पुलिस पहुंचते ही आरोपित भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन घेराबंदी के कारण सभी को मौके पर ही दबोच लिया गया। बरामद सामान में एक तैयार हथियार, कई अर्द्धनिर्मित हथियार, पाइप, स्प्रिंग, ड्रिल मशीन, ग्राइंडर, हथौड़ी, फाइल सहित अन्य उपकरण शामिल हैं। पुलिस के अनुसार मौके पर हथियारों की फिनिशिंग और असेंबलिंग का कार्य चल रहा था, जिससे स्पष्ट है कि यहां लंबे समय से अवैध हथियार बनाए जा रहे थे।गिरफ्तार आरोपितों की पहचान परवलपुर निवासी राजदेव यादव तथा चिकसौरा थाना क्षेत्र के शिशुपाल मिस्त्री, पप्पू कुमार और देव विश्वकर्मा के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में सभी ने हथियार बनाकर बेचने की बात स्वीकार की है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों, सप्लाई चेन और खरीददारों की पहचान में जुटी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपितों की निशानदेही पर संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

# नवादा में शांतिपूर्ण माहौल में हुआ ताजिया का पहलाम, भाईचारे की मिसाल बना मोहर्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। मोहर्रम के अवसर पर नवादा जिले में ताजिया का पहलाम पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। पूरे जिले में जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय और मुस्तैद रहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई तथा प्रशासनिक अधिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण करते रहे।

सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ), सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी), नगर थाना प्रभारी तथा सर्किल इंस्पेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए जुलूस और पहलाम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी रखी। प्रशासन और



पुलिस की सतर्कता के कारण कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सामाजिक सौहार्द की भी सुंदर मिसाल देखने को मिली। समाजसेवी अंशुमान शर्मा सहित मुस्लिम समाज के कई गणमान्य लोगों ने एक-दूसरे को शांति, भाईचारे और आपसी सद्भाव का संदेश दिया। सभी ने मिलकर यह संदेश दिया कि नवादा की पहचान हमेशा गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी प्रेम और सामाजिक एकता रही है।

प्रशासन ने भी सभी अखाड़ा समितियों, ताजिया कमेटियों तथा आम नागरिकों के सहयोग की सराहना करते हुए शांतिपूर्ण आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। लोगों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह आपसी सहयोग, सद्भाव और भाईचारे के साथ सभी धार्मिक एवं सामाजिक पर्व मनाए जाते रहेंगे।

# मारपीट में युवक की आंख फोड़ी, दो आरोपित गिरफ्तार

**पकरीबरावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। थाना क्षेत्र के रोहुआ गांव में मजदूर बुलाने गए एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट कर उसकी एक आंख फोड़ दी गई। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी ने इसकी पुष्टि की। जानकारी के अनुसार रोहुआ निवासी प्रदीप गुप्ता के पुत्र सूरज कुमार गुप्ता शादी-विवाह सहित अन्य आयोजनों में खाना बनाने का कार्य करते हैं। वह मजदूर बुलाने के लिए गांव के महादलित टोला गए थे, जहां किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इसी दौरान बासुदेव मांझी उर्फ भगत और राकेश मांझी उर्फ राजेश मांझी ने उनके साथ मारपीट की तथा उनकी एक आंख फोड़ दी। घायल की पत्नी पूजा कुमारी ने दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि आरोपितों ने उन्हें पुलिस को शराब बिक्री की सूचना देने का आरोप लगाते हुए हमला किया। गंभीर रूप से घायल सूरज को प्राथमिक उपचार के बाद पावापुरी और फिर पटना रेफर किया गया। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि दोनों नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# महिला हितैषी ग्राम पंचायत से सशक्त होंगे गांव : डॉ. संतोष सुमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। नवादा। बिहार सरकार की अभिनव पहल के तहत प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले "पंचायत विकास दिवस" के अवसर पर अकबरपुर प्रखंड की माखर पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के लघु जल संसाधन विभाग के मंत्री सह नवादा जिला प्रभारी मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद करते हुए पंचायतों को विकास की सबसे महत्वपूर्ण इकाई बताया और जनसहभागिता को सशक्त बनाने पर बल दिया।




इस बार पंचायत विकास दिवस की थीम "महिला हितैषी ग्राम पंचायत" रखी गई थी। इसके अनुरूप आयोजित ग्राम सभा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं ने सरकार की महिला कल्याण एवं सशक्तिकरण योजनाओं से अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को साझा किया। साथ ही पंचायत स्तर पर महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री ने कहा कि पंचायत विकास दिवस केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास में आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रभावी मंच है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" का सामूहिक प्रसारण भी किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी नवीन कुमार पांडेय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजौली गुलशन कुमार सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अधेड़ की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**बिहारशरीफ**। मानपुर थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव में शनिवार रात संदिग्ध परिस्थिति में एक अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस प्रारंभिक तौर पर करंट लगने से मौत की आशंका जता रही है, जबकि मृतक के परिजनों ने पूर्व से चल रहे भूमि विवाद को लेकर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान विशनपुर गांव निवासी स्वर्गीय लखन यादव के 51 वर्षीय पुत्र दिनेश यादव के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि करीब डेढ़ माह से गांव के कुछ लोगों के साथ भूमि विवाद चल रहा था। आरोप है कि शनिवार की रात वही लोग दिनेश यादव को मछली मारने के बहाने अपने साथ ले गए। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। रविवार सुबह उनका शव खेत में पड़ा मिला। पुलिस और मृतक के साथ गए कुछ लोग करंट लगने से मौत होने की बात कह रहे हैं, लेकिन शव पर करंट लगने का कोई स्पष्ट निशान नहीं है। ऐसे में उन्हें हत्या की आशंका है। चार माह पहले सड़क हादसे में दिनेश यादव के पुत्र की भी मौत हो चुकी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा करंट लगने से मौत की सूचना दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

### बंद घर से 51.50 लाख की चोरी

**हरनौत**। थाना क्षेत्र के हरनौत नगर पंचायत अंतर्गत माधोपुर-सबनहुआ गांव में शनिवार देर रात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए करीब 51.50 लाख रुपये की नकदी और जेवरात की चोरी कर ली। घटना के समय घर के सभी सदस्य कल्याण बिगहा गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। गृहस्वामी अवधेन्द्र सिंह ने बताया कि देर रात लौटने पर घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाने पर दो कमरों समेत कुल आठ ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था। सूचना मिलते ही डायल-112 की पुलिस मौके पर पहुंची। गृहस्वामी के पुत्र सोमनाथ कुमार और शिक्षक रवि कुमार ने बताया कि चोरों ने अटैची, पेटी, संदूक, गोदरेज और बक्सों के ताले तोड़कर करीब 50 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण तथा 1.50 लाख रुपये नकद चोरी कर लिए। चोरी गए सामान में हार, चेन, अंगूठी, कान की बाली, झुमका, सेट, टीका, पायल सहित अन्य आभूषण शामिल हैं।थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा चोरों की तलाश के लिए डॉग स्क्वायड टीम की भी मदद ली जा रही है।

### पेड़ से गिरकर सात वर्षीय बालक जख्मी

**हिलसा**। चिकसौरा थाना क्षेत्र के सोहरापुर गांव में रविवार को पेड़ पर चढ़ने के दौरान सात वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि बच्चों की टोली के साथ खेलते हुए वह पेड़ पर चढ़ गया। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर पड़ा और गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने आनन-फानन में घायल बालक को हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया। घायल की पहचान जहानाबाद जिले के हुलासगंज थाना क्षेत्र के बलिपुर गांव निवासी राजेश कुमार के सात वर्षीय पुत्र अजीत कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि अजीत अपने ननिहाल सोहरापुर गांव आया हुआ था।

### करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**बिहारशरीफ**। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के कस्तूरी बीघा गांव में शनिवार की देर रात करंट लगने से 56 वर्षीय लक्ष्मी चौहान की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल है। परिजनों के अनुसार लक्ष्मी चैहान शनिवार शाम घर से बाहर निकले थे। आशंका जताई जा रही है कि आंधी और बारिश के बाद बिजली के खंभे में करंट उतर आया था। इसी दौरान वे उसकी चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। आनन-फानन में उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि लक्ष्मी चौहान खेत की पटवन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बिजली के पोल के संपर्क में आने से यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही इस्लामपुर थानाध्यक्ष रणविजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### एक ही रात में दो घरों पर धावा, लाखों की लूट

**बिहारशरीफ**। चंडी थाना क्षेत्र के मकुंदन बिगहा गांव में बदमाशों ने एक ही रात में दो घरों को निशाना बनाते हुए लूट और चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। घटनाओं के बाद पूरे गांव में भय और दहशत का माहौल है। पहली घटना अरुण चौधरी के घर हुई, जहां देर रात चार हथियारबंद बदमाश घुस गए। बदमाशों ने सबसे पहले ऊपरी मंजिल पर सो रहे उनके बेटे के कमरे की बाहर से कुंडी लगा दी। इसके बाद नीचे मौजूद उनकी पत्नी और बेटी को पिस्टल दिखाकर बंधक बना लिया। अपराधियों ने घर की तलाशी लेकर दो चांदी की सिकरी, दो जोड़ी कनबाली, दो चांदी की पायल समेत करीब चार लाख रुपये मूल्य के जेवरात और अन्य कीमती सामान लूट लिया। वारदात के बाद बदमाश फरार हो गए। इसी रात चोरों ने गांव के ही लक्ष्मी प्रसाद के बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीडित बाढ़ में रहने के कारण घर बंद था। चोर घर से सोने का ढोलना, एक जोड़ी कनबाली, पायल, अंगूठी, पीतल के बर्तन समेत लगभग चार लाख रुपये मूल्य के सामान ले गए। सूचना मिलने पर चंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि दोनों मामलों की छानबीन की जा रही है तथा जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### नवादा में ताजिया जुलूस के दौरान मारपीट, साउंड बॉक्स चालक पर हमला; वीडियो वायरल

**नवादा**। पकरीबरावां प्रखंड स्थित पकड़ी गांव में ताजिया जुलूस के दौरान साउंड बॉक्स वाहन चला रहे मोहम्मद जमील अंसारी पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में उनके घायल होने की सूचना है और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना से जुड़े सभी तथ्यों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगी।

### युवक से मारपीट का आरोप, थाने में दिया आवेदन

**नवादा**। नगर थाना क्षेत्र के गोपालनगर मोहल्ला निवासी शुभम कुमार ने अपने ही मोहल्ले के चंदन कुमार सहित अन्य लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए नगर थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित शुभम कुमार ने आवेदन में बताया है कि 28 जून 2026 को दोपहर करीब 1:30 बजे वह अपने घर के पास मौजूद थे। इसी दौरान गोपालनगर निवासी चंदन कुमार अपने साथ अन्य लोगों को लेकर वहां पहुंचा और बिना किसी कारण गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर चंदन कुमार एवं उसके साथियों ने मिलकर शुभम कुमार के साथ लात-घूंसों और थप्पड़ों से मारपीट की। आवेदन के अनुसार, आरोपितों ने शुभम कुमार को जबरन पकड़कर पास के एक घर तक ले जाकर भी पिटाई की, जिससे उन्हें चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि घटना के दौरान चंदन कुमार और उसके साथ मौजूद लोगों ने जान से मारने की धमकी भी दी। किसी तरह वह आरोपितों के चंगुल से निकलकर अपने घर पहुंचे और बाद में थाना जाकर घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई। शुभम कुमार ने आवेदन में कहा है कि आरोपितों के इस व्यवहार से उनका परिवार भयभीत है। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर चंदन कुमार एवं अन्य आरोपितों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। नगर थाना पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे में घायल युवक नवादा रेफर

**पकरीबरावां**। नवादा- जमुई पथ पर डुमरावां राईस मिल के पास सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा शनिवार की रात को 10 बजे के आस पास हुआ। बताया जाता है कि कादिरगंज के हसनपुरा गांव निवासी दिनेश यादव बाइक से पकरीबरावां की ओर आ रहा था। इस दौरान डुमरावां राईस मिल के पास लगे ट्रक से टकरा गया। एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी ने बताया कि वे उधर ही जा रहे थे। दुर्घटना को देखकर वे रुके। तुरंत घायल के परिवार वालों को इसकी जानकारी दी गई एवं घायल व्यक्ति को पुलिस ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे इलाज के लिए नवादा रेफर कर दिया गया है।

# डॉक्टर्स डे पर 51 चिकित्सक हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** आईडब्ल्यूसी सनराइज की ओर से डॉक्टर्स डे के अवसर पर ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल, गया में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संस्था की अध्यक्ष मधु प्रिया और सचिव स्नेहा शाही के नेतृत्व में संपन्न हुआ।
समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर त्रिविक्रम नारायण (विधायक, औरंगाबाद एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष), रोमित कुमार (विधायक, अतरी), डॉ. ए. एन. राय (हृदय रोग विशेषज्ञ एवं चेयरपर्सन, एम्स), धरम शाही (निदेशक, जी.डी. पब्लिक स्कूल), मधु प्रिया और स्नेहा शाही उपस्थित रहे।
कार्यक्रम में चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लगभग 51 चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। आयोजन का उद्देश्य समाज के प्रति डॉक्टरों की समर्पित सेवा, मानवीय योगदान तथा स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका का सम्मान करना था। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सक समाज के सच्चे संरक्षक हैं और उनका योगदान हर परिस्थिति में प्रेरणादायी तथा महत्वपूर्ण है। आईडब्ल्यूसी सनराइज परिवार ने ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल की प्राचार्या मधु प्रिया और उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही जी.डी. पब्लिक स्कूल के निदेशक धरम शाही तथा प्राचार्या स्नेहा शाही के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया। समारोह के समापन पर जी.डी. पब्लिक स्कूल की ओर से सभी सम्मानित चिकित्सकों को स्मृति-चिह्न और उपहार भेंट किए गए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# डॉ. प्रेम कुमार ने परिवार और कार्यकर्ताओं के साथ सुनीं 'मन की बात'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण का अपने परिवार एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक श्रवण किया। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी विचार समाज, राष्ट्र निर्माण और जनभागीदारी की भावना को सशक्त बनाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री



देशवासियों को सामाजिक सरोकारों, राष्ट्रीय दायित्वों और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर निरंतर प्रेरित करते हैं। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री के संदेशों को आत्मसात करने और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राष्ट्र के विकास में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है और सामूहिक प्रयासों से ही विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान परिवार के सदस्यों तथा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना और उनके संदेशों पर चर्चा भी की।

# डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के आवास पर सुना गया 'मन की बात' का 135वां संस्करण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें संस्करण का सामूहिक श्रवण भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के आवास पर कार्यकर्ताओं और गणमान्य लोगों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को जोड़ने वाला जन-आंदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से देश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों की जानकारी मिलती है तथा समाज में सकारात्मक सोच का प्रसार होता है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जल संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए 'बूंद-बूंद पानी बचाओ' का संदेश दिया, जो वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने नालंदा यूनिवर्सिटी की गौरवशाली विरासत, मेघालय की प्राकृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों की प्रेरणादायक उपलब्धियों का उल्लेख कर भारत की समृद्ध संस्कृति और विरासत से देशवासियों को परिचित कराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री प्रत्येक मन की बात के माध्यम से जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नवाचार, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर लोगों का मार्गदर्शन करते हैं। कार्यक्रम समाज में राष्ट्रहित और सेवा की भावना को मजबूत करता है। अंत में डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने गया की धरती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इसी प्रकार अपने प्रेरणादायक विचारों से विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देते रहें। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद, अधिवक्ता संतोष ठाकुर, गोपाल प्रसाद यादव, दीपक पांडे, महेश यादव और कुंदन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शेरघाटी में प्रसूता की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**शेरघाटी।** शहर के नयाबाजार स्थित सानवी हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। घटना के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार परैया थाना क्षेत्र के अमुखर गांव निवासी ममता कुमारी, पति विकास कुमार को शुक्रवार देर रात प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार चिकित्सकों द्वारा पहले सामान्य प्रसव कराने को लेकर इलाज किया जा रहा था, लेकिन बाद में अचानक ऑपरेशन करने की बात कही गई। ऑपरेशन के बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान मुख्य नस कट जाने के कारण अधिक रक्तस्राव होने लगा। स्थिति गंभीर होने पर मरीज को दो यूनिट ब्लड भी चढ़ाया गया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद चिकित्सकों ने मरीज को जवाब दे दिया। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सकों की लापरवाही के कारण महिला की जान गई। परिजनों ने बताया कि जब वे मरीज से मिलने पहुंचे तो वहां ब्लड बिखरा हुआ था। मृतका के भाई आशुतोष जैन ने आरोप लगाया कि घटना की तस्वीर और वीडियो बनाने पर अस्पताल संचालक डॉ. संजय यादव और उनकी पत्नी डॉ. सुलेखा यादव ने कहा कि अस्पताल रजिस्ट्रेशन आधारित है जहां जाना है जाओ। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि वीडियो में चिकित्सकों द्वारा धमकी देने की बात सामने आ रही है। घटना को लेकर परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं मामले में अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक मौके से फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** थाना पुलिस ने रविवार को अवैध बालू परिवहन के खिलाफ अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की। कुसुम्हार आहार के पास ददौर मोड़ की ओर से आ रहे करीब 100 सीएफटी अवैध बालू लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया। पुलिस की घेराबंदी होते ही चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली पर कोई पंजीकरण संख्या अंकित नहीं थी। वाहन को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। बरामद बालू की भी जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन और बालू के अवैध परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। फरार चालक और वाहन मालिक की पहचान की जा रही है। उनकी पहचान होने के बाद खनन अधिनियम के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध बालू कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस आगे भी नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान जारी रखेगी, ताकि अवैध खनन और परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# श्रीगांव पंचायत में पुस्तकालय व स्वास्थ्य उपकेंद्र का उद्घाटन, ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य व शिक्षा सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गया)।** प्रखंड की श्रीगांव ग्राम पंचायत में रविवार को पुस्तकालय एवं नवसृजित स्वास्थ्य उपकेंद्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत की मुखिया कलावती देवी ने किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) बिपुल भारद्वाज, उपमुखिया प्रतिनिधि रमेश कुमार उर्फ लालू यादव सहित पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे। मुखिया कलावती देवी ने बताया कि पंचायत में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से पंचायत सरकार भवन में स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए एक कमरा उपलब्ध कराया गया है। यहां एएनएम अनीता कुमारी की प्रतिनियुक्ति की गई है जिससे ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय खुलने से विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को भी लाभ मिलेगा। बीडीओ बिपुल भारद्वाज ने कहा कि सरकार की मंशा गांव स्तर पर स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधाओं को मजबूत करने की है। पंचायत द्वारा स्वास्थ्य उपकेंद्र के संचालन के लिए भवन उपलब्ध कराना सराहनीय पहल है जिससे ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। उपमुखिया प्रतिनिधि रमेश कुमार उर्फ लालू यादव ने कहा कि पंचायत में पुस्तकालय और स्वास्थ्य उपकेंद्र शुरू होने से लोगों को शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं गांव में ही उपलब्ध होंगी। उन्होंने ग्रामीणों से इन सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

# चयनित मेधावियों को किया गया सम्मानित

## युवाओं की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत : विधायक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड की अदई पंचायत अंतर्गत बैकठपुर गांव में रविवार को दांगी मेधा सम्मान मंच के तत्वावधान में बिहार लोक सेवा आयोग एवं अन्य विभिन्न सेवाओं में चयनित प्रीति कुमारी सहित कई प्रतिभाशाली मेधावियों के सम्मान में स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक अजय दांगी शामिल हुए। अपने संबोधन में विधायक अजय दांगी ने कहा कि सम्मानित मेधावियों की सफलता केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे समाज, गांव, प्रखंड और जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि इन युवाओं की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और उन्हें भी कड़ी मेहनत कर अपने लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा देगी। उन्होंने सम्मानित मेधावियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें, जनसेवा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें तथा समाज, जिला और बिहार का नाम निरंतर गौरवान्वित करें। समारोह में दांगी मेधा सम्मान मंच के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने चयनित मेधावियों को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्धजन, अभिभावक, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# लापता एलएलबी की छात्रा दिव्या कुमारी का मिला शव

## होटल संचालक पर हत्या का आरोप, परिजनों ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी/डोभी।** गया जिले के डोभी प्रखंड अंतर्गत अक्षमा गांव की रहने वाली एलएलबी छात्रा दिव्या कुमारी का शव चार दिनों से लापता रहने के बाद झारखंड के चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के जजलो गांव के पास एक पुराने माइंस के गड्ढे से बरामद हुआ। हंटरगंज पुलिस ने शव की पहचान चमारी पासवान की बेटी दिव्या कुमारी के रूप में की। घटना के बाद मृतका के परिवार में मातम पसरा हुआ है। मृतका की मां उर्मिला देवी ने शेरघाटी नई बाजार में होटल चलाने वाले एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक उनकी बेटी को अक्सर फोन कर परेशान करता था और अपने पास बुलाता था। परिजनों के अनुसार 24 जून को युवक दिव्या को कौलेश्वरी पहाड़ लेकर गया था। वहां से लौटने के बाद दिव्या घर आई, लेकिन बाद में आरोपी ने दोबारा फोन कर उसे धमकाकर बुलाया। इसके बाद वह घर से निकली और उसका मोबाइल बंद हो गया। परिजनों का आरोप है कि युवक ने ही दिव्या की हत्या कर शव को पुराने खदान के गड्ढे में फेंक दिया। मृतका की बहन ने आरोप लगाया कि जब वह अपनी मां के साथ आरोपी के होटल पर जानकारी लेने पहुंची तो वहां उनके साथ बदसलूकी और गाली-गलौज की गई। परिजनों ने पुलिस पर भी लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शिकायत लेकर शेरघाटी थाना पहुंचे तो आवेदन लेने से इनकार कर दिया गया। साथ ही आरोप लगाया कि आरोपी को पुलिस संरक्षण दे रही है। परिजनों ने थाना के एक कर्मी की ब्रेजा कार के इस्तेमाल होने का भी आरोप लगाया है। वहीं डीएसपी संदीप कुमार ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस सभी आरोपों की जांच कर रही है।

# कुष्ठ आश्रम विद्युत उपकेंद्र निर्माण में तेजी लाने की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** महिला विकास मंच और शहर की महिलाओं ने गया में बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग उठाते हुए कहा है कि कुष्ठ आश्रम में प्रस्तावित विद्युत शक्ति उपकेंद्र का निर्माण पिछले तीन वर्षों से लंबित है। संगठन ने बिहार सरकार के ऊर्जा मंत्री, प्रमुख सचिव और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को ई-मेल भेजकर शीघ्र निर्माण कराने की मांग की है। महिलाओं का कहना है कि पूरे शहर का बड़ा हिस्सा पंचैतिया अखाड़ा ग्रिड और चंदौती ग्रिड पर निर्भर है। अधिक भार के कारण मोहर्रम, छठ, रामनवमी, तीज सहित बड़े पर्वों के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित करनी पड़ती है। कई बार छह-छह घंटे तक बिजली गुल रहती है और चंदौती ग्रिड में तकनीकी खराबी आने पर पूरे शहर की आपूर्ति प्रभावित हो जाती है। ज्ञापन में कहा गया है कि कुष्ठ आश्रम अथवा बिथो शरीफ, कंडी क्षेत्र में नए विद्युत उपकेंद्र या ग्रिड का निर्माण अत्यंत आवश्यक है, ताकि पंचैतिया अखाड़ा ग्रिड का भार कम किया जा सके। लोगों का आरोप है कि योजना वर्षों से लंबित होने के बावजूद इस दिशा में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई। महिलाओं ने कहा कि नियमित बिजली बिल भुगतान के बावजूद लोगों को 12 से 18 घंटे तक बिजली कटौती झेलनी पड़ती है। इससे स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ गया आने वाले तीर्थयात्रियों को भी परेशानी होती है। उन्होंने दावा किया कि साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी नए ग्रिड की आवश्यकता से पटना और गया प्रशासन को अवगत कराया था।

# प्रशिक्षण शिविर में संगठन की मजबूती पर दिया गया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** प्रखंड के सीमारू हाई स्कूल मैदान में बिहार राज्य दलपति एवं ग्राम रक्षा दल महासंघ के तत्वावधान में आयोजित प्रशिक्षण शिविर का रविवार को समापन हो गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना पासवान के नेतृत्व में किया गया जिसमें संगठन के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार मंडल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने जिलाध्यक्ष अशोक कुमार मंडल, प्रखंड महामंत्री प्रेम कुमार उर्फ प्रेम मिश्रा तथा ट्रेनर गौरी शंकर को फूलों की माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वहीं प्रखंड उपाध्यक्ष योगेंद्र पासवान और प्रखंड सचिव शोभा कुमारी को भी सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष अशोक कुमार मंडल ने कहा कि वर्ष 2012 से संगठन अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहा है। सरकार के समक्ष कई बार मांगें रखी गई है, लेकिन अब तक अपेक्षित पहल नहीं हुई है। इसके बावजूद संगठन अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेगा। प्रखंड महामंत्री प्रेम कुमार उर्फ प्रेम मिश्रा ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी सदस्यों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने निष्ठा एवं समर्पण के साथ ग्राम रक्षा दल की भूमिका को समाज में और अधिक प्रभावी बनाने का आह्वान किया। प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त सभी सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे तथा सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्राम रक्षा दल के सदस्यों ने संविधान के दायरे में रहकर संगठन को मजबूत बनाने तथा अपने अधिकारों की लड़ाई जारी रखने का सामूहिक संकल्प लिया।

# खादी रत्न त्रिपुरारि शरण की 13वीं पुण्यतिथि मनाई गई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** मंडल खादी ग्रामोद्योग समिति गया जी के सभाकक्ष में रविवार को बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष, खादी रत्न एवं खादी पुरूष सम्मानित त्रिपुरारि शरण की 13वीं पुण्यतिथि लोकनायक नारायण द्वारा स्थापित संस्था ग्राम निर्माण द्वारा मनाई गई। इस मौके पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर सभी ने उनकी जीवनी पर विस्तार से चर्चा किया। साथ ही उनके व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। खादी समिति के मंत्री सुनील कुमार, ग्राम निर्माण मंडल के कोषाध्यक्ष दिलीप मंडल, व्यवस्थापक मोहन पांडेय, अखिलेश सिंह, अनिल कुमार सिंह, अनिल कुमार, सुरेंद्र कुमार सुमन, रामप्रवेश प्रसाद, नरेंद्र सिंह, महेश पाल, उदय कुमार सहित मौजूद रहे।

# परसावां एवं श्रीगांव पंचायत में ग्राम पंचायत दिवस सह ग्राम सभा आयोजित, नौ प्रमुख विषयों पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गया)।** बिहार सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को ग्राम पंचायत दिवस सह ग्राम सभा का आयोजन प्रखंड की परसावां एवं श्रीगांव पंचायत के पंचायत कार्यालय में किया गया। परसावां में कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया दिलीप कुमार एवं श्रीगांव में मुखिया कलावती कुमारी ने की। ग्राम सभा में बीडीओ बिपुल भारद्वाज ने ग्राम सभा के फायदे और समस्याओं के निदान पर चर्चा की। मौके पर पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, पंचायत सचिव, कनीय अभियंता, पंचायत कार्यपालक सहायक, पंचायत लेखापाल, पंचायत रोजगार सेवक, स्वच्छता पर्यवेक्षक, जीविका के सामुदायिक समन्वयक (सीएम), सभी वार्ड सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे। बैठक में पंचायती राज व्यवस्था के तहत निर्धारित नौ प्रमुख विषयों (थीम) पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही पंचायत के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ग्रामीणों की समस्याओं एवं सुझावों पर भी विचार-विमर्श किया गया। अंत में मुखिया दिलीप कुमार ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, पंचायत कर्मियों एवं ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया। जलपान के उपरांत ग्राम सभा की कार्यवाही संपन्न हुई।

# ग्राम सभा का आयोजन पीएचईडी अधिकारी के नहीं आने से ग्रामीण नाराज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** पंचायत विकास दिवस के अवसर पर रविवार को कुड़वा पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया गया सभा के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पीएचईडी (लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग) का कोई भी अधिकारी ग्राम सभा में उपस्थित नहीं हुये जिससे लोगों की शिकायतों का समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों का कहना था कि पंचायत में कई स्थानों पर नल-जल योजना एवं पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याएं बनी हुई हैं। इन शिकायतों को रखने के लिए लोग ग्राम सभा में पहुंचे थे, लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी के अनुपस्थित रहने से उन्हें निराशा हाथ लगी। ग्रामीणों ने मांग की कि भविष्य में ग्राम सभा के दौरान सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि आम लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो सके और विकास योजनाओं की सही समीक्षा हो।

# पंचायत विकास दिवस पर मुखिया ने ग्रामीणों के बीच गिनाईं उपलब्धियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** बिहार सरकार के निर्देशानुसार पंचायत विकास दिवस के अवसर पर काज पंचायत सरकार भवन में मुखिया रितेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्राम सभा को संबोधित करते हुए मुखिया रितेश कुमार सिंह ने महिलाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, स्वास्थ्य एवं पंचायत के समग्र विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अपने कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों का विस्तृत लेखा-जोखा ग्रामीणों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा कि पंचायत के सभी गांवों एवं वार्डों में उपलब्ध संसाधनों के अनुसार विकास कार्य कराए गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में पंचायत को जो भी राशि प्राप्त होगी, उससे शेष बचे विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। मुखिया ने ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वास्तविक गरीब लाभुकों के घर-घर जाकर लगभग 1500 पात्र परिवारों का नाम जुड़वाने का कार्य किया गया।

संपादकीय

# वेनेजुएला : भूकंप की विनाशलीला

दक्षिणी अमेरिकी देश वेनेजुएला में आए भयंकर भूकंप से हुई विनाशलीला दिल दहला देने वाली है। वहां भूकंप के एक के बाद एक झटके आए, जोकि अपने आप में बहुत विरल माना जाता है। भयानक भूकंप से इस देश की राजधानी कराकस समेत कई शहर तबाह हो गए हैं। वहां गुरुवार को 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो भूकंपों से तबाही मच गई। महज 40 सेकेंड में राजधानी कराकास की ऊंची इमारतें मलबे के ढेर में बदल गईं। अब तक इस हादसे में 235 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और 4300 से घायल हैं। वेनेजुएला सरकार के मुताबिक 39 हजार से अधिक लोग लापता हैं। कई लोग मलबे के अंदर दबे हुए हैं। जिन्हें निकालने का काम बचाव टीमें कर रही हैं। भूकंप से मरने वालों की संख्या अनुमानित से कहीं ज्यादा हो सकती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वेनेजुएला में भूकंप के बाद 30 आफ़्टर शॉक्स भी इतनी तेजी से आए कि बहुत से लोगों को जूते पहनने का भी नहीं मिला मौका। राष्ट्रपति रोड्रिगेज़ ने आगे बताया कि क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे और घरों के पुनर्निर्माण में मदद के लिए इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ़) से 20 करोड़ डॉलर का फ़ंड बनाया गया है। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर लगी पाबंदी हटा दी गई है। लोग सोशल मीडिया की ओर शिफ़्ट कर रहे हैं और लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। वैसे भी भूकंप कभी कह कर नहीं आता। लेकिन इस प्रमुख तेल उत्पादक देश में 25 जून को साल 1821 के काराबोबो युद्ध की याद में राष्ट्रीय अवकाश था। इसलिए ज्यादातर लोग घरों में थे और फीफा वर्ल्ड कप मैच देख रहे थे। इससे मलबे में दबने वालों की संख्या ज्यादा होने की आशंका है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक भूकंप से 10 हजार से ज्यादा लोगों के मारे जाने की 44% आशंका है। वहीं, एक लाख लोगों के जान गंवाने की 30% आशंका है। इस भूकंप की विनाशकता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस आपदा से वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था को 9.5 लाख करोड़ रुपए के नुकसान हो सकता है। कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रॉड्रिगेज़ ने कहा कि शहर में 'दर्जनों' इमारतें ढह गई हैं। उन्होंने ला ग्वेइरा को 'आपदा क्षेत्र' और 'वास्तविक त्रासदी' बताया। इसके अलावा मिरांडा, अरागुआ, काराबोबो और फाल्कोन राज्य भी भूकंप से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। एक और अहम बात यह है कि वेनेजुएला में भूकंप के दो झटके आए, उन्हें जुड़वा भूकंप कहा जाता है। जब कभी एक ही फॉल्ट लाइन पर दो बार प्लेटों के टूटने से एनर्जी निकलती है और दोनों बार बड़े भूकंप आते हैं। इनका एपिसेंटर यानी उद्गम केंद्र एक-दूसरे के बहुत करीब होता है। जुड़वा भूकंपों के बीच कुछ सेकेंड से लेकर कई सालों का अंतर हो सकता है। वेनेजुएला में ये महज 38 सेकेंड के भीतर आ गया। इस बीच देश में आपातकाल लगा दिया गया है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड्रिगेज़ से बात कर मानवीय आधार पर मदद की पेशकश की है। दरअसल यह लातिनी अमेरिकी देश पिछले कुछ महीनों से काफी उथल-पुथल से गुज़र रहा है। इसी साल की शुरुआत में अमेरिका ने वामपंथी नेता निकोलस मादुरो को हिरासत में लिया था और उन पर मुक़दमा चलाने के लिए उन्हें न्यूयॉर्क ले जाया गया। तबसे वेनेजुएला का कामकाज रोड्रिगेज़ कार्यवाहक राष्ट्रपति के तौर पर मादुरो की सहयोगी और पूर्व उप राष्ट्रपति डेल्सी संभाल रही हैं। वेनेजुएला में यह भूकंप 'गरीबी में आटा गीला' जैसी स्थिति है। कार्यवाहक राष्ट्रपति पहले ही अमेरिका के दबाव में काम कर रही है, अब भूकंप से हुई तबाही से निपटने की उनके सामने बड़ी चुनौती है।

# पासपोर्ट भी नहीं तो हमारी पहचान क्या?

**अंततः, नागरिकता का असली प्रमाण तो वही 'जन्म की श्रृंखला' है जो पीढ़ियों से चली आ रही है। लेकिन आधुनिक दौर की भीड़भाड़ और फर्जीवाड़े के बीच, सरकार का यह स्पष्टीकरण एक चेतावनी भी है अपने पुराने दस्तावेजों को सहेज कर रखें। सिर्फ एक कार्ड के भरोसे न रहें। जिस तरह घुसपैठिये नेक्सस का इस्तेमाल कर सिस्टम में घुस रहे हैं, उससे निपटने के लिए सरकार भले ही कड़े नियम बनाए, लेकिन उस चक्कर में आम नागरिक को एक ऐसी अंतहीन कागजी दौड़ में नहीं धकेला जाना चाहिए जिसका कोई अंत न हो। पासपोर्ट आपकी राष्ट्रीयता की पहचान है, और इसे और अधिक मजबूत व सुरक्षित बनाना विदेश मंत्रालय की जिम्मेदारी है ताकि फर्जी पासपोर्ट के आधार पर कोई भी इस देश का नागरिक न बन सके। आखिर में, भारतीयता सिर्फ कागजों की मोहताज नहीं है, पर इस डिजिटल युग में कागज ही आपकी पहचान की नींव हैं। इस नींव को मजबूत रखना, आज हर भारतीय की अपनी सुरक्षा के लिए पहली शर्त बन गई है।**

**अजय कुमार**

भारत में नागरिकता को लेकर चल रही हालिया बहस ने एक ऐसी गहरी कानूनी और सामाजिक पहेली को जन्म दिया है, जिसे सुलझाना अब आम नागरिक के लिए अनिवार्य हो गया है। हाल ही में विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट सेवा दिवस पर जो स्पष्टीकरण दिया, उसने देश भर के मध्यम वर्ग में खलबली मचा दी है। मंत्रालय ने दो टूक शब्दों में कहा कि पासपोर्ट केवल एक यात्रा दस्तावेज है, नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं। सुनने में यह तकनीकी लगता है, लेकिन इसकी गहराई में उतरने पर पता चलता है कि हमारी पहचान को लेकर जो सुरक्षा का बोध था, वह कितना कच्चा है। आज के दौर में जब हर गली-नुक्कड़ पर घुसपैठियों के फर्जी दस्तावेजों से नागरिकता हासिल करने की खबरें सुर्खियां बन रही हैं, तब यह सवाल पूछना लाजमी है कि आखिर भारत की नागरिकता का असली आधार क्या है? क्या हम उस सुरक्षा चक्रव्यूह में फंसे हैं, जहाँ कागजों की बाजीगरी किसी को भी भारतीय बना सकती है और किसी को भी बेघर? इस पूरी प्रक्रिया के पीछे का 'नेक्सस' (गठजोड़) बेहद व्यवस्थित और खतरनाक है। बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के मामले में जो पैटर्न सामने आया है, वह बताता है कि कैसे स्थानीय मदद से पहले आधार कार्ड बनवाया जाता है, फिर उसके आधार पर वोटर आईडी और अंत में पासपोर्ट। हाल के आंकड़ों पर गौर करें तो पता चलता है कि केवल 2025 में ही भारत ने करीब 1.39 करोड़ पासपोर्ट जारी किए। इतनी बड़ी संख्या में पासपोर्ट जारी करने वाली मशीनरी के भीतर जब फर्जीवाड़े की गुंजाइश बचती है, तो वह राष्ट्रीय सुरक्षा को सीधे चुनौती देती है। घुसपैठिये अक्सर स्थानीय बिचौलियों की मदद से उन इलाकों में अपनी जड़ें जमाते हैं जहाँ दस्तावेज बनवाना आसान होता है। एक बार आधार बन गया, तो वह नाम और पते की पहचान बन जाता है। इसी पहचान के दम पर वे वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराते हैं और फिर 'भारत के नागरिक' के रूप में पासपोर्ट के लिए आवेदन कर देते हैं। इस पूरे खेल में पुलिस वेरिफिकेशन की प्रक्रिया भी कभी-कभी सतही साबित होती है, जिसका फायदा उठाकर ये लोग भारतीय होने का कानूनी मुखौटा पहन लेते हैं।




कानूनी रूप से यह स्थिति और भी पेचीदा है। 1955 का नागरिकता कानून स्पष्ट करता है कि नागरिकता जन्म, वंश, पंजीकरण या प्राकृतिक तरीके से मिलती है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि देश की 99.99 फीसदी आबादी के पास कोई ऐसा 'सिंगल कार्ड' नहीं है जिसे वे 'नागरिकता का प्रमाण पत्र' कह सकें। आधार कार्ड नागरिकता नहीं देता, यह केवल निवास का प्रमाण है, जिसे सुप्रीम कोर्ट से लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट तक ने कई बार दोहराया है। वोटर आईडी भी केवल चुनावी सूची का हिस्सा होने का प्रमाण है। जब विदेश मंत्रालय यह कहता है कि पासपोर्ट नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं है, तो वह केवल कानून का पाठ पढ़ा रहा होता है, लेकिन एक आम नागरिक के लिए यह बयान उसकी पूरी अस्मिता पर प्रहार जैसा महसूस होता है। इस बहस की कड़ियों को अगर 2019 के सीएए-एनआरसी के दौर से जोड़कर देखें, तो डर स्वाभाविक है। उस समय सरकार ने कहा था कि जन्म की तारीख और जन्म स्थान से जुड़े दस्तावेज जमा करके नागरिकता साबित की जा सकती है, लेकिन कोई तय लिस्ट जारी नहीं की गई थी। अब अगर भविष्य में देशव्यापी एनआरसी लागू होता है, तो वह 'पासपोर्ट धारी' नागरिक भी सकते में है जिसे लगता था कि उसके पास सरकार का ही दिया दस्तावेज है। सच तो यह है कि पासपोर्ट अधिनियम 1967 के तहत भी केंद्र सरकार कुछ मामलों में गैर-नागरिकों को भी यात्रा दस्तावेज जारी कर सकती है। यानी, आपके हाथ में मौजूद पासपोर्ट आपकी भारतीयता का दावा तो करता है, लेकिन किसी कानूनी विवाद या एनआरसी जैसी प्रक्रिया के दौरान वह आपको 'अंतिम नागरिक' घोषित करने की गारंटी नहीं देता।

यही वह जगह है जहाँ आम आदमी के लिए सबसे बड़ा संकट खड़ा होता है। जब तक आप पर कोई कानूनी आंच नहीं आती, तब तक पासपोर्ट, आधार और वोटर आईडी के साथ आप पूरे भारत में स्वतंत्र घूम सकते हैं। लेकिन, अगर कभी 'कागज दिखाने' की नौबत आई जैसा कि असम में हुआ तो वहां के 19 लाख से अधिक लोगों के आवेदन खारिज हो गए थे। असम एनआरसी की प्रक्रिया ने दिखाया कि कैसे दशकों से रह रहे लोग भी सरकारी फाइलों में 'विदेशी' हो सकते हैं यदि उनके पास 1971 से पहले की लीगेसी (विरासत) के ठोस दस्तावेज न हों। भारत के बाकी हिस्सों में स्थिति थोड़ी अलग है, लेकिन कानूनी ढांचा वही है। यदि पासपोर्ट को ही अंतिम प्रमाण नहीं माना जा रहा, तो वह साधारण गरीब व्यक्ति क्या करेगा जिसके पास स्कूल का सर्टिफिकेट नहीं है, जिसके पास पैतृक जमीन के पुराने रिकॉर्ड नहीं हैं, और जो केवल एक सामान्य पासपोर्ट या आधार के सहारे अपना जीवन बिता रहा है? यह विवाद केवल कागजों का नहीं है, यह उस भरोसे का है जो एक नागरिक का अपनी सरकार के साथ होता है। विपक्षी दल इसे राजनीति से जोड़ रहे हैं, जबकि सरकार इसे कानूनी प्रक्रिया बता रही है। लेकिन इस बहस के बीच में जो 'सच्चाई' दबी हुई है, वह यह है कि भारत में नागरिकता 'अधिकार' से ज्यादा 'सिद्ध करने की जिम्मेदारी' बन गई है। फॉरेनर्स एक्ट 1946 की धारा 9 के तहत सबूत पेश करने का जिम्मा नागरिक का है, राज्य का नहीं। यानी, राज्य कभी भी आपसे आपकी नागरिकता मांग सकता है, और उस दिन पासपोर्ट या आधार केवल मददगार साबित हो सकते हैं, निर्णायक नहीं।

अंततः, नागरिकता का असली प्रमाण तो वही 'जन्म की श्रृंखला' है जो पीढ़ियों से चली आ रही है। लेकिन आधुनिक दौर की भीड़भाड़ और फर्जीवाड़े के बीच, सरकार का यह स्पष्टीकरण एक चेतावनी भी है अपने पुराने दस्तावेजों को सहेज कर रखें। सिर्फ एक कार्ड के भरोसे न रहें। जिस तरह घुसपैठिये नेक्सस का इस्तेमाल कर सिस्टम में घुस रहे हैं, उससे निपटने के लिए सरकार भले ही कड़े नियम बनाए, लेकिन उस चक्कर में आम नागरिक को एक ऐसी अंतहीन कागजी दौड़ में नहीं धकेला जाना चाहिए जिसका कोई अंत न हो। पासपोर्ट आपकी राष्ट्रीयता की पहचान है, और इसे और अधिक मजबूत व सुरक्षित बनाना विदेश मंत्रालय की जिम्मेदारी है ताकि फर्जी पासपोर्ट के आधार पर कोई भी इस देश का नागरिक न बन सके। आखिर में, भारतीयता सिर्फ कागजों की मोहताज नहीं है, पर इस डिजिटल युग में कागज ही आपकी पहचान की नींव हैं। इस नींव को मजबूत रखना, आज हर भारतीय की अपनी सुरक्षा के लिए पहली शर्त बन गई है।

अध्यात्म

# एक समय में एक लक्ष्य बनाना चाहिए

पुराने समय में एक व्यक्ति गरीबी से बहुत दुखी था। उसके पास न अच्छा घर था, न पर्याप्त भोजन और न ही जीवन में कोई स्थिरता। वह अक्सर सोचता कि अगर वह भी किसी धनवान सेठ जैसा बन जाए, तो उसका जीवन सुखी हो जाएगा। एक दिन वह बाजार में एक समृद्ध सेठ को देखता है। सेठ के वस्त्र, उसका सम्मान और उसकी जीवनशैली देखकर उसके मन में गहरी इच्छा पैदा होती है कि उसे भी ऐसा ही बनना है। उस दिन से वह व्यक्ति केवल धन कमाने की कोशिश में लग जाता है। वह दिन-रात मेहनत करता है, छोटे-मोटे काम करता है, और धीरे-धीरे कुछ पैसा भी जमा कर लेता है, लेकिन जैसे-जैसे उसकी इच्छाएं बढ़ती जाती हैं, वैसे-वैसे उसे यह धन भी कम लगने लगता है। उसे फिर भी संतोष नहीं मिलता। उसका मन फिर से बेचैन और दुखी हो जाता है। एक दिन उसकी मुलाकात एक विद्वान से होती है। विद्वान शांत स्वभाव का था और जीवन के गहरे अर्थ समझाता था। बातचीत के दौरान वह व्यक्ति अपनी पूरी कहानी बताता है। विद्वान उसे समझाता है कि केवल धन ही सुख का आधार नहीं है, बल्कि ज्ञान और समझ ही असली संपत्ति है। प्रभावित होकर वह व्यक्ति धन का विचार छोड़कर ज्ञान की ओर मुड़ जाता है। वह रोज किताबें पढ़ने लगता है, नए विचार सीखता है और सोचता है कि अब वह ज्ञानी बन जाएगा तो जीवन सफल हो जाएगा। कुछ समय बाद फिर उसका मन भटकने लगता है। एक दिन उसे एक संगीतज्ञ दिखता है, उसे देखकर वह सोचने लगता है कि शायद संगीत सीखने से जीवन अधिक सुंदर बन सकता है। वह संगीतज्ञ से मिलने के बाद संगीत सीखना शुरू कर देता है, लेकिन यहां भी कुछ समय बाद उसका उत्साह कम हो जाता है और वह फिर से असंतुष्ट हो जाता है। अंत में उसकी मुलाकात एक संत से होती है। वह संत को अपनी पूरी कहानी सुनाता है। संत मुस्कुराते हुए कहते हैं कि समस्या धन, ज्ञान या संगीत नहीं है, बल्कि तुम्हारा बार-बार लक्ष्य बदलना है। अगर मन स्थिर नहीं होगा, तो कोई भी मार्ग सफलता तक नहीं ले जाएगा। जीवन में एक ही लक्ष्य चुनकर उस पर लगातार मेहनत करना ही सच्ची सफलता का सूत्र है। स्पष्ट लक्ष्य तय करना। जब तक हमें यह स्पष्ट नहीं होगा कि हम क्या बनना चाहते हैं, तब तक हम किसी भी दिशा में सही प्रगति नहीं कर सकते। बार-बार लक्ष्य बदलना समय और ऊर्जा दोनों की बर्बादी करता है।

# नई भाजपा के रोल मॉडल हैं योगी, हेमंत और शुभेंदु

**उत्तर प्रदेश एक ऐसे मुख्यमंत्री से रूबरू है, जिसे राजनीति के मैदान में बहुत गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था। उनके बारे में यह ख्यात था कि वे एक खास वर्ग की राजनीति करते हैं और भारतीय जनता पार्टी भी उनकी राजनीतिक शैली से पूरी तरह सहमत नहीं है। लेकिन उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह अपनी पकड़ बनाई है और देश में एक अलग माडल खड़ा दिया है, वह सर्वत्र चर्चा का विषय है। इससे यह भी साबित हो रहा है कि 'अपनी राजनीति' के प्रति भाजपा का आत्मदैन्य कम हो रहा है। वहीं असम में हेमंत विश्वशर्मा उम्मीदों का चेहरा बनकर उभरे हैं, असम में तीसरी बार सरकार बनाकर भाजपा ने पूर्वोत्तर में इतिहास रच दिया है। इसी तरह गृहमंत्री अमित शाह की रणनीति से पश्चिम बंगाल की विजय ऐतिहासिक कही जा रही है और वहां बने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के ताबड़तोड़ फैसलों ने जनविश्वास की हिलोरें पैदा की हैं। जड़ता को तोड़कर एक नई उम्मीद बनी है**

**प्रो.संजय द्विवेदी**

। केंद्रीय राजनीति में नरेंद्र मोदी और अमित शाह के आगमन ने भारतीय राजनीति के परिदृश्य को बदलकर रख दिया है।

भाजपा का आज तक का ट्रैक हिंदुत्व का वैचारिक और राजनीतिक इस्तेमाल कर सत्ता में आने का रहा है। देश की राजनीति में चल रहे विमर्श में भाजपा बड़ी चतुराई से इस कार्ड का इस्तेमाल तो करती थी, किंतु उसके नेतृत्व में इसे लेकर एक हिचक बनी रहती थी। वो हिचक अटल जी से लेकर आडवानी तक हर दौर में दिखी है। भाजपा का हर नेता सत्ता पाने के बाद यह साबित करने में लगा रहता है वह अन्य दलों के नेताओं के कम 'सेकुलर' नहीं है। उत्तर प्रदेश की 'आदित्यनाथ परिघटना' दरअसल भाजपा की वैचारिक हीनग्रंथि से मुक्ति को स्थापित करती नजर आती है। नरेंद्र मोदी के राज्यारोहण के बाद योगी आदित्यनाथ का उदय भारतीय राजनीति में एक अलग किस्म की राजनीति की स्वीकृति का प्रतीक है। एक धर्मप्राण देश में धार्मिक प्रतीकों, भगवा रंग, सन्यासियों के प्रति जैसी विरक्ति मुख्यधारा की राजनीति में दिखती थी, वह अन्यत्र दुर्लभ है। भाजपा जैसे दल भी इस सेकुलर विकार से कम ग्रस्त न थे। धर्म और धर्माचार्यों का इस्तेमाल, धार्मिक आस्था का दोहन और सत्ता पाते ही सभी धार्मिक प्रतीकों से मुक्ति लेकर सारी राजनीति सिर्फ तुष्टीकरण में लग जाती थी। प्रधानमंत्रियों समेत जाने कितने सत्ताधीशों के ताज जामा मस्जिद में झुके होगें, लेकिन हिंदुत्व के प्रति उनकी हिचक निरंतर थी।

यह भी कम आश्चर्यजनक नहीं की एक समय में दीनदयाल जी उदार थे, तो अटलजी और बलराज मधोक अपनी वक्रता के चलते उग्र नेता माने जाते थे। अटलजी का दौर आया तो लालकृष्ण आडवाणी उग्र कहे जाने लगे, फिर एक समय ऐसा भी आया जब आडवानी उदार हो गए और नरेंद्र मोदी उग्र मान जाने लगे। आज की व्याख्याएं सुनें- नरेंद्र मोदी उदार हो गए हैं और योगी आदित्यनाथ और गृहमंत्री अमित शाह उग्र माने जाने लगे हैं। अब तो असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी आदित्यनाथ की परंपरा के मुख्यमंत्री कहे जाने लगे हैं।

यह मीडिया, बौद्धिकों की अपनी रोज बनाई जाती व्याख्याएं हैं। लेकिन सच यह है कि अटल, मधोक, आडवानी, मोदी, अमित शाह या आदित्यनाथ, हेमंत विश्वशर्मा और शुभेंदु अधिकारी कोई अलग-अलग लोग नहीं है। एक विचार के प्रति समर्पित राष्ट्रनायकों की सूची है यह। इसमें कोई कम जा ज्यादा उदार या कठोर नहीं है। किंतु भारतीय राजनीति का विमर्श ऐसा है जिसमें वास्तविकता से अधिक ड्रामे पर भरोसा है। भारतीय राजनेता की मजबूरी है कि वह टोपी पहने, रोजा भले न रखे किंतु इफ्तार की दावतें दे। आप ध्यान दें सरकारी स्तर पर यह प्रहसन लंबे समय से जारी रहा है। भाजपा भी इसी राजनीतिक क्षेत्र में काम करती है। उसमें भी इस तरह के रोग हैं। वह भी राष्ट्रनीति के साथ थोड़े तुष्टिकरण को गलत नहीं मानती। जबकि उसका अपना नारा रहा है सबको न्याय, तुष्टिकरण किसी का नहीं। उसका एक नारा यह भी रहा है-'राम, रोटी और इंसाफ।'



लंबे समय के बाद भाजपा में अपनी वैचारिक लाइन को लेकर गर्व का बोध दिख रहा है। असरे बाद वे भारतीय राजनीति के सेकुलर संक्रमण से मुक्त होकर अपनी वैचारिक भूमि पर गरिमा के साथ खड़े दिख रहे हैं। समझौतों और आत्मसमर्पण की मुद्राओं के बजाए उनमें अपनी वैचारिक भूमि के प्रति हीनताग्रंथि के भाव कम हुए हैं। अब वे अन्य दलों की नकल के बजाए एक वैचारिक लाइन लेते हुए दिख रहे हैं। दिखावटी सेकुलरिज्म के बजाए वास्तविक राष्ट्रीयता के उनमें दर्शन हो रहे हैं। मोदी जब एक सौ चालीस करोड़ हिंदुस्तानियों की बात करते हैं तो बात अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक से ऊपर चली जाती है। यहां देश सम्मानित होता है, एक नई राजनीति का प्रारंभ दिखता है। एक भगवाधारी सन्यासी जब मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठता है तो वह एक नया संदेश देता है। वह संदेश त्याग का है, परिवारवाद के विरोध का है, तुष्टिकरण के विरोध का है, सबको न्याय का है।

आजादी के बाद के सत्तर सालों में देश की राजनीति का विमर्श भारतीयता और उसकी जड़ों की तरफ लौटने के बजाए घोर पश्चिमी और वामपंथी रह गया था। जबकि बेहतर होता कि आजादी के बाद हम अपनी ज्ञान परंपरा की ओर लौटते और अपनी जड़ों को मजबूत बनाते। किंतु सत्ता,शिक्षा, समाज और राजनीति में हमने पश्चिमी तो, कहीं वामपंथी विचारों के आधार पर चीजें खड़ी कीं। इसके कारण हमारा अपने समाज से ही रिश्ता कटता चला गया। सत्ता और जनता की दूरी और बढ़ गयी। सत्ता दाता बन बैठी और जनता याचक। सेवक मालिक बन गए। ऐसे में लोकतंत्र एक छद्म लोकतंत्र बन गया। यह लोकतंत्र की विफलता ही है कि हम सत्तर साल के बाद सड़कें बना रहे हैं। यह लोकतंत्र की विफलता ही है कि हमारे अपने नौजवानों ने भारतीय राज्य के खिलाफ बंदूकें उठा रखी थीं। गृहमंत्री अमित शाह के दृढ़संकल्प की बदौलत आज माओवादी आतंक का अंत भी हमने देखा। पिछले सत्तर सालों में लोकतंत्र की विफलता की ये कहानियां सर्वत्र बिखरी पड़ी हैं। राजनीतिक तंत्र के प्रति उठा भरोसा भी साधारण नहीं था। आज ऐसा लगता है कि राजनीति से कुछ हो सकता है। मोदी,शाह, आदित्यनाथ भरोसे के प्रतीक बन गए। इसका मतलब यह भी है कि ये कुछ कह रहे हैं तो करेंगें भी।

नरेंद्र मोदी, अमित शाह, आदित्यनाथ देश की इन्हीं उम्मीदों के चेहरे हैं। तीनों अंग्रेजी नहीं बोलते। तीनों जन-मन-गण के प्रतिनिधि हैं। यह भारतीय राजनीति का बदलता हुआ चेहरा है। क्या सच में भारत खुद को पहचान रहा है? वह जातियों, पंथों, क्षेत्रों की पहचान से अलग एक बड़ी पहचान से जुड़ रहा है- वह पहचान है भारतीय होना, राष्ट्रीय होना। एक समय में राजनीति हमें नाउम्मीद करती हुयी नजर आती थी। बदले समय में वह उम्मीद जगा रही है। कुछ चेहरे ऐसे हैं जो भरोसा जगाते हैं। एक आकांक्षावान भारत बनता हुआ दिखता है। यह आकांक्षाएं राजनीति दलों के एजेंडे से जुड़ पाएं तो देश जल्दी और बेहतर बनेगा। राजनीतिक विमर्श और जनविमर्श को साथ लाने की कवायद हमें करनी ही होगी। जल्दी बहुत जल्दी। यह जितना और जितना जल्दी होगा भारत अपने भाग्य पर इठलाता दिखेगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आप अपने लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर पायेंगे। विपरीत परिस्थितियों का सामना मजबूती से करेंगे। रुग्ण लोगों के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा।

**वृषभ**
सरकारी अधिकारियों के विभाग में परिवर्तन हो सकता है। अनैतिक कार्यों से आपको दूर रहना चाहिये। उच्चाधिकारियों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे।

**मिथुन**
दाम्पत्य जीवन में परस्पर सम्मान की भावना कम हो सकती है। अपनी बातों को जीवनसाथी पर न थोपें। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको उत्तम सफलता मिलेगी।

**कर्क**
भौतिक सुख-सुविधाओं का आनन्द उठायेंगे। घर में धार्मिक गतिविधियाँ हो सकती हैं। सहयोगी आपके काम में हस्तक्षेप कर सकते हैं।

**सिंह**
दोस्तों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। तकनीक से जुड़े कार्यक्षेत्र में उत्तम धन-लाभ होगा। घर में बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों के बीच टकराव होने की आशंका है। सहकर्मियों का दबाव झेलना पड़ सकता है। अपनी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर पायेंगे।

**तुला**
वैवाहिक जीवन में प्रेम-भाव बढ़ेगा। आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं। मित्रों की जरूरतों का ध्यान रखें। जिम्मेदारियों का निर्वहन आसानी से कर पायेंगे।

**वृश्चिक**
आज आपका स्वास्थ्य कुछ कमजोर हो सकता है। विद्यार्थियों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। परिश्रम का सन्तोषजनक परिणाम मिलने में कठिनाई होगी।

**धनु**
नये व्यावसायिक अनुबन्धों से लाभ होगा। परिजन आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। लेखन कार्यों से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। अपनी गलतियों को सुधारने की कोशिश कर सकते हैं।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में आपको बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। आय और व्यय में उचित समन्वय बना रहेगा। शोधकार्यों के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। आत्मनिरीक्षण के लिये दिन उत्तम है।

**कुंभ**
नया व्यापार आरम्भ करने में सरलता होगी। बिना माँगे किसी को सलाह न दें। इसके साथ ही किसी पर भी अत्यधिक विश्वास करने से बचें।

**मीन**
वैवाहिक सम्बन्धों में प्रतिकूलता रहेगी। पुरानी बात को लेकर विवाद हो सकता है। कार्यक्षेत्र में मन नहीं लगेगा। पति-पत्नी के बीच अहम् को लेकर टकराव हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### करंट लगने से किशोर व बच्ची घायल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के शहरी और दाहौर गांव में बिजली का करंट लगने से एक किशोर और एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को परिजनों ने तत्काल इलाज के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत अब खतरे से बाहर है। पहली घटना शहरी गांव की है, जहां एक बच्ची घर में पानी के लिए बिजली का मोटर चालू करने गई थी। स्विच ऑन करते ही उसे तेज करंट लग गया, जिससे वह घायल हो गई। वहीं दूसरी घटना दाहौर गांव में हुई, जहां गोपाल नामक किशोर खेत में पटवन करने गया था। पीड़ित गोपाल और उसकी माँ ने बताया इसी दौरान बिजली प्रवाहित हो रहा एक नंगा तार टूट कर उसके हाथ पर गिर गया, जिससे उसे जोरदार करंट लगा और वह गंभीर रूप से झुलस गया। फिलहाल दोनों घायलों का इलाज बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। हालांकि दोनों की स्थिति ने अब सुधार बताया जा रहा है।

### सोनू-मोनू गिरोह का सहयोगी कुख्यात विपुल गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पचमहला थाना क्षेत्र के नौरंगा जलालपुर निवासी, सोनू सिंह और मोनू सिंह गैंग का शूटर कुख्यात अपराधी विपुल कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।विपुल, नौरंगा जलालपुर निवासी उमेश सिंह का पुत्र है।पचमहला थानाध्यक्ष विनोद कुमार के अनुसार विपुल के खिलाफ पंचमहला थाने में हत्या सहित पांच मामले दर्ज हैं।विपुल के लखीसराय जिले में होने की सूचना पर पुलिस टीम ने पीछा किया।बड़हिया से पीछा करते हुए रामगढ़ चौक थाना क्षेत्र, लखीसराय में घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया।गिरफ्तारी अवैध बालू खनन मामले से जुड़ी है। 23 मार्च को पंचमहला थाना पुलिस को नौरंगा जलालपुर गंगा किनारे जेसीबी और ट्रैक्टरों से अवैध बालू खनन की सूचना मिली थी। कार्रवाई के दौरान दो आरोपी अमन कुमार उर्फ शिवम और कन्हैया कुमार उर्फ राजेश को कट्टा, दो खोखा, दो कारतूस, मोबाइल और एक बाइक के साथ पकड़ा गया था।पुलिस को अब फरार सोनू और सौरव की तलाश जारी है।

### मोकामा से बाबा बफानीं के दर्शनों को रवाना हुआ अमरनाथ यात्रियों का पहला जत्था

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाबा अमरनाथ की पवित्र यात्रा के लिए मोकामा से श्रद्धालुओं का पहला जत्था आज रविवार को रवाना हुआ।मोकामा स्टेशन सुबह से ही श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। "हर हर महादेव" और "बम बम भोले" के जयघोष से पूरा स्टेशन परिसर गुंजायमान हो उठा।



परिजनों और स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं के साथ सभी यात्रियों को मंगलकामनाओं के साथ विदा किया।इस पहले जत्थे में कुल 60 श्रद्धालु शामिल हैं, जिनमें 15 महिलाएं और 45 पुरुष हैं। सभी यात्री मोकामा स्टेशन से हिमगिरि एक्सप्रेस में सवार होकर जम्मू के लिए रवाना हुए।यात्रा में शामिल सुदर्शन कुमार, मनोज कुमार, दिवाकर यादव समेत सभी श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। जत्थे के अनुसार, यह दल 5 जुलाई को प्रथम दिन बाबा बफानीं के पावन दर्शन करेगा।

### मसौढ़ी पत्रकार यूनियन की बैठक

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी अनुमंडलीय पत्रकार यूनियन की बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पत्रकार पंकज कुमार ने की। बैठक में अध्यक्ष पंकज कुमार,उपाध्यक्ष राजेश कुमार सोनू, महासचिव अरुण कुमार, सचिव शशि तुलस्थान,संयुक्त सचिव अरविंद कुमार, कोषाध्यक्ष अजय कुमार बब्लू आदी उपस्थित रहे। बैठक में पत्रकारों के हित और संगठन के विस्तार से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की शुरूआत मसौढ़ी के दिवंगत पत्रकार अविनाश कुमार की 11वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देकर हुई। उपस्थित सभी पत्रकारों ने



दो मिनट का मौन रखकर अविनाश कुमार की स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित की। यूनियन बैठक में पत्रकारों के हित को ध्यान में रखते हुए "पत्रकार कल्याण कोष" बनाने का निर्णय लिया गया। ताकि आकस्मिक स्थिति में जरूरतमंद पत्रकारों की मदद की जा सके। इसके लिए बैंक में संयुक्त खाता खोलकर अर्थराशि का संग्रह किया जाएगा। बैठक में संगठन में नए पत्रकार साथियों को जोड़ने पर प्रमुखता से विचार किया गया। निर्णय लिया गया कि यूनियन के नियमावली के तहत ही नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा।

### भारतीय जवान किसान पार्टी की बैठक आयोजित


**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जवान किसान पार्टी बिहार इकाई के तत्वावधान में प्रदेश अध्यक्ष पेटी ऑफिसर अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करना और इसका विस्तार समय की मांग है।इस पर सर्वसम्मति विचार की गई। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी की समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत निष्क्रिय सदस्यों के



स्थान पर सक्रिय सदस्यों को सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदों पर निर्वाचित किया गया। जहां प्रदेश सचिव दीपक कुमार यादव को निर्वाचित किया गया। वहीं प्रदेश कोषाध्यक्ष राजपति सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन जयराम सिंह, सूबेदार सिद्धनाथ सिंह जिलाध्यक्ष, पटना पश्चिमी प्रफुल कुमार, जिला उपाध्यक्ष, पटना पश्चिमी शशी कुमार, प्रखंड अध्यक्ष, पालीगंज महेश कुमार, प्रखंड अध्यक्ष, दानापुर पप्पू यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रेम कुमार ओझा, अशोक प्रसाद राय अध्यक्ष, प्रदेश सलाहकार समिति डी.के. शर्मा को बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष पेटी ऑफिसर अशोक कुमार सिंह ने कहा कि नई टीम के गठन से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

### मोकामा-घोसवरी में पंचायत विकास शिविर का आयोजन


**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा और घोसवरी प्रखंड में रविवार को पंचायत विकास शिविर का आयोजन किया गया। मोकामा के 15 पंचायतों और घोसवरी के 8 पंचायतों में एक साथ यह शिविर लगाया गया।शिविर में नाली उड़ाही, सामुदायिक भवन, मैरिज हॉल के निर्माण और सरकारी योजनाओं के



त्वरित निष्पादन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। ग्रामीणों ने अपनी स्थानीय समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।मोकामा बीडीओ ने हाथीदह पंचायत में शिविर में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।शिविर में,बीपीआरो अंजनी कुमार,मुखिया शशि शंकर शर्मा ,दरियापुर मुखिया शैलेन्द्र प्रसाद के साथ बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

### पंचायत विकास दिवस पर नशा मुक्ति का संदेश

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी के सभी पंचायतों में पंचायत विकास दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आम सभा के साथ-साथ मध निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार सरकार के सौजन्य से नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भगवानगंज, देवरिया और रेवां पंचायत में विशेष रूप से नशा मुक्ति पर आधारित चित्रांकन और नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ। देवरिया



पंचायत के प्राथमिक विद्यालय मिरचक में छात्रों ने पेंटिंग बनाकर और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। छात्रों ने संगीत पर नृत्य कर नशा से दूर रहने का संदेश दिया। पीएम श्री जी एस आर पी अनौली के छात्रों ने भी नशामुक्ति पर अद्भुत पेंटिंग बनाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। चित्रांकन प्रतियोगिता में मसौम कुमारी, दीपिका कुमारी, छवि कुमारी, निशा कुमारी एवं उत्तम दुबे का पेंटिंग प्रदर्शन हुआ। इसमें उत्तम दुबे को प्रथम और मसौम कुमारी को द्वितीय स्थान मिला।

# पारंपरिक गीतों की गूंज में रोपा गया धान

**धनरूआ में शुरू हुई धान रोपनी, पारंपरिक गीत गाकर खेतों में झूम रहीं महिलाएं, पुरुष बना रहे मोरी के बंडल**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानसून की पहली फुहार के साथ धनरुआ प्रखंड स्थित तेलहाडी गांव में धान की रोपनी जोर-शोर से चल रही है। यहां महिला किसान पारंपरिक गीत गाते हुए खेतों में झूम-झूमकर धान रोप रही हैं। महिलाओं का मानना है कि धान की अच्छी पैदावार के लिए भगवान इंद्र को प्रसन्न करना जरूरी है। महिलाओं ने कहा, "हम गीत गाकर इंद्र देव को खुश कर रही हैं। उनसे आशीर्वाद ले रही हैं कि इस बार धान की बंपर फसल हो। कीचड़ भरे खेतों में भी उनके चेहरे पर मेहनत के साथ खुशी साफ दिख रही थी। गांव में धान रोपनी का काम ज्यादातर महिलाएं ही करती हैं। वहीं पुरुष मोरी



निकालकर उसका बंडल बनाते हैं। ग्रामीणों की मान्यता है कि महिलाओं के हाथों से रोपनी करने पर फसल ज्यादा अच्छी होती है। यही वजह है कि पीढ़ियों से ये परंपरा चली आ रही है। धनरूआ में रोपनी शुरू हो चुकी है, लेकिन हर जगह तस्वीर एक जैसी नहीं है। कुछ खेतों में बिचड़ा खराब हो जाने से किसान परेशान हैं, तो कुछ खेतों में रोपाई का काम तेजी से चल रहा है। कृषि कार्यालय के मुताबिक, पिछले साल मानसून के साथ खरीफ फसलों की बुवाई में 7% की वृद्धि दर्ज की गई थी। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर रोपनी होने से फसल की पैदावार बेहतर होती है और किसान की मेहनत रंग लाती है। हालांकि, पर्याप्त वर्षा न होने के कारण उमस भरी गर्मी बरकरार है और आम लोग तथा किसान झमाझम बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जिन किसानों ने समय पर धान का बिचड़ा तैयार कर लिया था, उन्हें फिलहाल निजी संसाधनों जैसे पंपसेट के माध्यम से सिंचाई करने पर निर्भर रहना पड़ रहा है।मॉनसून की संभावना देखते हुए उन्होंने रोपाई शुरू कर दी है, लेकिन उनका कहना है कि कम बारिश से खेती में निरंतरता बनाए रखना मुश्किल होगा। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने जानकारी दी कि मौसम विभाग द्वारा क्षेत्र में बारिश की संभावना जताई जा रही है।

## पुनपुन में 10 लाख की अंग्रेजी शराब जब्त, मिनी ट्रक में कुरकुरे के नीचे छिपाई थी खेप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मध निषेध विभाग की सूचना पर पुनपुन पुलिस ने शनिवार रात पटना-गया-डोभी एनएच-22 पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अंग्रेजी शराब से लदे मिनी ट्रक को जब्त किया। ट्रक से 10 लाख रुपये की शराब बरामद की गई है। पुलिस ने डुमरी पुल के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान गया की ओर से आ रहे संदिग्ध मिनी ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। ट्रक में लदे कुरकुरे, बिस्कुट और अन्य सामानों के नीचे बड़ी चालाकी से शराब की पेटियां छिपाई गई थीं। पुलिस ने तलाशी में 1,728 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है।मौके से ट्रक चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार चालक की पहचान उत्तर प्रदेश



के रामपुर जिले के बिलासपुर थाना क्षेत्र स्थित हामिदनगर निवासी राज अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में चालक ने बताया कि शराब की खेप झारखंड से हाजीपुर ले जाई जा रही थी। इसके बदले उसे पारिश्रमिक मिलना था। हालांकि उसने इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी होने से इनकार कर दिया।प्रभारी थानाध्यक्ष कुलीन सरदार ने बताया कि शनिवार रात मध निषेध विभाग से सूचना मिली थी कि शराब की बड़ी खेप पुनपुन के रास्ते पटना की ओर ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने एनएच-22 पर डुमरी पुल के पास नाका लगाया और संदिग्ध वाहन को पकड़ लिया। पुलिस ने शराब और ट्रक को जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## मसौढ़ी-कादिरगंज मार्ग पर ऑटो-कार में जोरदार टक्कर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी-कादिरगंज मुख्य मार्ग पर भैसवां गांव के समीप शनिवार को ऑटो और मारुति कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहन सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे। हादसे में तकरीबन 4 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मसौढ़ी से तेल्हाड़ा जा रही ऑटो और विपरीत दिशा से आ रही सफेद रंग की मारुति कार की भिड़ंत हो गई। मारुति कार में सवार लोग रोशगद्दी कराकर अपने घर मसौढ़ी लौट रहे थे। भैसवां गांव के पास अचानक लाइट की चकाचौंध से ऑटो ड्राइवर का बैलेंस बिगड़ गया और वह बाएं साइड गड्ढे में उतर गया। बचने के प्रयास में कार भी गड्ढे में गिर गई। हादसे में ऑटो ड्राइवर का हाथ टूट जाने की खबर है। वहीं मारुति कार में सवार एक महिला समेत 2 लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं।

## बसपा मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र समीक्षा बैठक संपन्न, बूथ और सेक्टर कमेटी गठन पर जोर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बहुजन समाज पार्टी की मसौढ़ी विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक रविवार को धनरूआ प्रखंड के जलालपुर स्थित समुदाय भवन में आयोजित की गई।



बैठक में आगामी चुनावी तैयारियों को लेकर बूथ और सेक्टर कमेटी गठन पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के मुख्य अतिथि बसपा बिहार प्रदेश के केंद्रीय प्रभारी दिनेश कुमार गौतम थे। विशेष अतिथि के रूप में बसपा के जोन नंबर-3 प्रभारी हरकेश्वर पासवान, मसौढ़ी विधानसभा महासचिव एडवोकेट सुषमा कुमारी, विधानसभा प्रभारी चितरंजन कुमार, विधानसभा प्रभारी कृष्ण दास, विधानसभा प्रभारी संजीव कुमार, विधानसभा अध्यक्ष राजू दास, विधानसभा सचिव रणधीर कुमार और कोच अध्यक्ष धनवीर कुमार मौजूद रहे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि विधानसभा कमेटी और वोट कमेटी का गठन पहले ही हो चुका है। अब पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए बूथ कमेटी और सेक्टर कमेटी का गठन करना प्राथमिकता है। पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकताओं की टीम तैयार कर मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित किया जाए। केंद्रीय प्रभारी दिनेश कुमार गौतम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बसपा की ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं।

## 200 केवी ट्रांसफार्मर की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बिजली कार्यालय का किया घेराव

**घंटों डटे रहे लोग अधिकारी कार्यालय छोड़कर हटे, पुलिस को बुलाया गया**

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुढ़नी चक गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने शनिवार को 200 केवी क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग को लेकर बिजली विभाग के कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से वार्ता करने की कोशिश की, लेकिन संबंधित अधिकारी कार्यालय छोड़कर है गए और क्षेत्रीय निरीक्षण पर होने का हवाला दिए लिहाजा कार्यालय में मौजूद नहीं थे। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में पहले से लगा 63 केवी का ट्रांसफार्मर 24 साल से लगा हुआ था जिसे अपग्रेड करके 100 केवी का किया गया थाट्रांसफार्मर लगातार ओवरलोड होने के कारण बार-बार जल जाता है, 2 महीना में पांच बार जल जाने के चलते अब उसे अपग्रेड कर करीब 200 परिवारों को नियमित रूप से बिजली संकट का सामना करना पड़ता है। जिसकी क्षमता बढ़ाकर 200 केवी किया जाए स्थानीय ग्रामीण ऋषि कुमार ने बताया कि लगभग एक महीने पहले गांव के लोगों ने 200 केवी ट्रांसफार्मर लगाने के लिए विभाग को आवेदन दिया था। इसके बावजूद विभाग 100 केवी का ट्रांसफार्मर लगाने की बात कर रहा है। उनका कहना है कि अब तक 100 केवी का ट्रांसफार्मर पांच बार लगाया जा चुका है, लेकिन अधिक लोड होने के कारण वह भी बार-बार खराब हो जाता है और पूरे गांव की बिजली व्यवस्था ठप हो जाती है।

## नप अध्यक्ष के आवास के बाहर से स्कॉर्पियो की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद अध्यक्ष सुजीत कुमार के घर के बाहर से स्कॉर्पियो जिसका नंबर इफ01खद 8619 के खगौल में चोरों ने एक बार फिर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए नगर परिषद अध्यक्ष के आवास के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो वाहन पर हाथ साफ कर दिया।जानकारी के अनुसार, खगौल नगर परिषद अध्यक्ष सुजीत कुमार एवं नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार के दरवाजे पर खड़ी एक स्कॉर्पियो देर रात चोरी हो गई। वाहन पर "बिहार सरकार" का बोर्ड भी लगा हुआ था। बताया जा रहा है कि यह स्कॉर्पियो उनके बहनोई शंभूनाथ राय के नाम से है । वही नगर परिषद अध्यक्ष सुजीत कुमार बताया कि हमारे बहनोई के नाम से गाड़ी है।

## महाबलीपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने वार्ड सदस्य को कुचला, मौत

**आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, पुलिस ने ट्रक जब्त कर जांच शुरू की**

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र के महाबलीपुर बाजार मोड़ पर रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में वार्ड संख्या-11 के वार्ड सदस्य देव प्रसाद चौधरी की मौत हो गई। वे महाबलीपुर बाजार में सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार बालू लदे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और आक्रोशित लोगों ने पालीगंज-अरवल मुख्य सड़क को कुछ देर के लिए जाम कर दिया। सूचना मिलते ही पालीगंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए





अनुमंडलीय अस्पताल पालीगंज भेज दिया। साथ ही दुर्घटना में शामिल बालू लदे ट्रक को जब्त कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और प्राप्त आवेदन पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस हादसे के बाद महाबलीपुर गांव एवं आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वार्ड सदस्य देव प्रसाद चौधरी के निधन पर स्थानीय लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया। वही महाबलीपुर पंचायत के मुखिया निकेश कुमार ने चौधरी के सड़क दुर्घटना में मौत होने पर दुख व्यक्त किया है वही सरकार से मृतक के परिजनों को तत्काल 5 लाख रुपया मुआवजा देने की मांग की है।

## पार बिगहा में सूरत पासवान की हत्या: माले टीम ने की जांच, नेताओं ने दी चेतावनी

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीते 25 जून 2026 की मध्य रात्रि समीपवर्ती हिलसा के पार बिगहा निवासी सूरत पासवान की गोली मारकर हत्या के मामले की जांच के लिए भाकपा माले की टीम मंगलवार को गांव पहुंची। टीम ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। जांच में सामने आया कि सूरत



पासवान पड़ोसी गांव शिवशंकरपुर में एक शादी समारोह में गए थे। वहीं घात लगाए अपराधियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। माले नालंदा जिला सचिव श्रीनिवास शर्मा के नेतृत्व में पहुंची टीम में अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रखंड सचिव दिनेश कुमार यादव, इनौस प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान और माले प्रखंड कमेटी सदस्य कैलेंद्र पासवान शामिल थे। जिला सचिव श्रीनिवास शर्मा ने कहा कि भाजपा-जदयू सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। सरकार सुशासन का दावा कर रही है, जबकि हत्या-बलात्कार की घटनाएं रोज हो रही हैं। किसान महासभा प्रखंड सचिव दिनेश कुमार यादव ने कहा कि गांवों में दहशत का माहौल है। गरीब-मजदूर सुरक्षित नहीं हैं। पुलिस अपराधियों पर नकेल कसने में नाकाम है। इनौस प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान ने कहा कि नौजवानों में आक्रोश है। अगर हत्यारों को तुरंत गिरफ्तार नहीं किया गया तो इनौस सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। भाकपा माले ने मांग की कि सभी अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल के तहत सख्त सजा दी जाए। मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपये मुआवजा और परिवार को सुरक्षा दी जाए।

## महिला से मारपीट छेडखानी करने का आरोप, मसौढ़ी थाने में शिकायत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खेत में पटवन करने गई महिला से मारपीट,छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने मसौढ़ी थाने में लिखित शिकायत देकर दो लोगों पर आरोप लगाए हैं। पुलिस शिकायत के आधार पर जांच में जुट गई है। शिकायतकर्ता कारी देवी, पति लाली प्रसाद तरपुरा, ने बताया कि वह अपने खेत में पटवन का काम कर रही थी। इसी दौरान अचानक गांव सगुनी, के शिव शर्मा उम्र करीब 30 वर्ष, पिता रमेश्वर शर्मा पटवन का पाइप और मोटर का स्टार्टर खोलने लगे मना करने पर उसे गाली गलौज किया और मारपीट करते हुए उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए गाली-गलौज करते हुए मारने की धमकी दी।


## सहरी में शुरू हुआ बिहार का एकलव्य रग्बी प्रशिक्षण केंद्र

**अब बनेगा 50 लाख का कन्या विवाह उत्सव हॉल**

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के सहरी गांव स्थित समुदाय भवन में बिहार राज्य एकलव्य आवासीय रग्बी खेल प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाढ़ विधायक डॉ. सियाराम उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बेहतर प्रशिक्षण, पौष्टिक खान-पान और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। विधायक ने बाढ़ और बिहार के उभरते खिलाड़ियों, जैसे स्वीटी कुमारी और गौरव कुमार का उदाहरण देते हुए बच्चों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' का संदेश देते हुए कहा कि खेल के माध्यम से युवा अपना भविष्य संवार सकते हैं। जैसे सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कहां होगा, क्योंकि पहले इस भवन का उपयोग इसी उद्देश्य से किया जाता था। इस संबंध में पूछे जाने पर विधायक डॉ. सियाराम ने कहा कि बिहार सरकार की कन्या विवाह उत्सव हॉल योजना के तहत सहरी पंचायत में लगभग 50 लाख रुपये की लागत से नया कन्या विवाह उत्सव हॉल बनाया जाएगा।

## स्कॉर्पियो लूट मामले में मसौढ़ी पुलिस की कुर्की कार्रवाई, पिस्टल के बल पर लूटी थी गाड़ी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिस्टल के बल पर स्कॉर्पियो लूट के 6 साल पुराने मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मसौढ़ी थाना कांड संख्या 65/19 के अप्राथमिकी अभियुक्त उपेंद्र कुमार के घर पर कुर्की जब्ती की कारवाई की गई है। घटना के वादी मधुकर कुमार, पिता अनूप लाल सिंह, निवासी बैरीचक ने 24 जनवरी 2019 को मसौढ़ी थाने में लिखित आवेदन दिया था। आवेदन में उन्होंने बताया था कि 24 जनवरी की सुबह करीब 8:15 बजे वे अपनी स्कॉर्पियो से बैरीचक से नौबतपुर जा रहे थे। नूरा कावर पुल के पास पीछे से आ रही अल्टो कार ने उनकी गाड़ी में धक्का मार दिया। इसके बाद अल्टो से उतरे



4 लोगों ने पिस्टल का भय दिखाकर उनकी स्कॉर्पियो लूट ली और नौबतपुर की ओर फरार हो गए थे। इस मामले में मसौढ़ी थाना कांड संख्या 65/19, दिनांक 24/01/19, धारा 395 भादवी दर्ज है। मामले में नामजद अप्राथमिकी अभियुक्त उपेंद्र कुमार, पिता अंबिका यादव, निवासी इस्लामचक, थाना काको, जिला जहानाबाद के घर पर पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की।

## 'दो बूंद जिंदगी की' का संकल्प, पीएचसी मसौढ़ी से पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**नवजात को दवा पिलाकर शुरू हुआ पहला चरण, 28 जून से 2 जुलाई तक चलेगा अभियान**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान-2026 के प्रथम चरण का शुभारंभ रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मसौढ़ी से किया गया। नवजात शिशु को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरूआत की गई। अभियान का लक्ष्य 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो से सुरक्षित रखना और क्षेत्र के हर पात्र बच्चे तक दवा पहुंचाकर इसे शत-प्रतिशत सफल बनाना है। इस अवसर पर डब्ल्यूएचओ के मॉनिटर ईश्वर चंद्र सिंह, ललन कुमार सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक कुंदन कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी डॉ. आनंद, विभा कुमारी, संगीता कुमारी, रीना कुमारी, रिंकू कुमारी, आरती कुमारी, आशा कुमारी, निशा कुमारी, सालसा कुमारी सहित चिकित्सक, एएनएम, आशा कार्यकर्ता और अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि पोलियो जैसी घातक बीमारी से बच्चों को बचाने के लिए हर अभिभावक की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने सभी माता-पिता से अपील की कि 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं और घर-घर पहुंच रही स्वास्थ्यकर्मियों की टीम का पूरा सहयोग



करें।स्वास्थ्य प्रबंधक कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि मसौढ़ी प्रखंड में अभियान को सफल बनाने के लिए सभी टीमों को पहले ही प्रशिक्षण दिया जा चुका है और दवा व लॉजिस्टिक की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। अभियान 28 जून से 2 जुलाई 2026 तक चलेगा। इस दौरान घर-घर भ्रमण के साथ-साथ बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, ईंट-भट्टा, निर्माण स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विशेष बूथ लगाकर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। अभियान की व्यवस्था में घर-घर भ्रमण टीम में 101,ट्रांजिट टीम, 18,मोबाइल टीम,4 सुपरवाइजर 40, शामिल है। सभी स्वास्थ्यकर्मियों ने संकल्प लिया कि अभियान अवधि में हर पात्र बच्चे तक पहुंचकर दवा पिलाई जाएगी। लोगों से अपील की कि "दो बूंद जिंदगी की" संदेश को घर-घर पहुंचाकर अभियान को सफल बनाएं, ताकि आने वाली पीढ़ी पोलियो मुक्त रहे।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### रसूलपुर में ग्रामीणों ने सुनी पीएम के मन की बात

**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय चट्टी के रसूलपुर पंचायत भवन पर रविवार को मुखिया रीता देवी के नेतृत्व में पंचायत दिवस मनाया गया।मौके पर आयोजित आम सभा में भारी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।आम सभा में रेडियो पर प्रसारित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात लोगों ने सुनी। मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद ने कहा कि पंचायत के विकास और समस्याओं के समाधान पर विस्तार से चर्चा अब हर महीने के आखिरी रविवार को किया जाएगा।साथ ही पीएम के प्रसारित मन की बात को भी सुन ग्रामीण लाभान्वित होंगे।आम सभा में मुख्यरूप से उपमुखिया मनोज सोनी, सरपंच प्रतिनिधि विकास कुशवाहा, बीपीआरओ सूरज कुमार, बीडीसी प्रतिनिधि मुन्ना मियां, डाटा ऑपरेटर आनंद कुमार, विजय कुमार, मोइ्ठ मुतुर्जा साईं, फिरोज मियां, अशोक दुबे, भुवर यादव, कृष्णा प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

### श्रावणी मेला के पूर्व रेलवे की हर व्यवस्था होगी चुस्त दुरुस्त

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मालदा डिवीजन के सीनरी कमर्शियल मैनेजर कार्तिक सिंह रविवार को जमालपुर स्टेशन पहुंचकर वाचन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डिविजनल मैनेजर ने वेटिंग रूम, स्टॉल, शौचालय, टिकट रूम, पार्किंग, साफ सफाई, शौचालय एवं यात्री सुविधा का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश देते हुए कहा कि विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला शुरू होने वाला है। इसके पहले जो भी श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा का ख्याल रखते हुए हर छोटी बड़ी



सुविधा को बेहतर बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रियों के सुरक्षा के साथ हम लोगों को रेलवे राजस्व के प्रति गंभीर होना होगा। यात्रियों को जागरुक एवं सचेत करने को लेकर प्लेटफार्म पर लगातार माइकिंग के साथ प्लेटफॉर्म एवं ट्रेन में टिकट चेकिंग अभियान को जारी रखना है। डिविजनल मैनेजर ने स्टेशन की लचर व्यवस्था को देखकर स्टेशन प्रबंधक को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्लेटफार्म पर यात्रियों को किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं हो इसको लेकर संबंधित पदाधिकारी के साथ यात्रियों से भी पूछताछ किया। मौके पर स्टेशन प्रबंधक मनोरंजन कुमार,सीआईटी जावेद, आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव, सीएचआई पंकज कुमार, मोतीलाल सहित कई मौजूद थे।

### जून चक्र के पल्स पोलियो अभियान की हुई शुरूआत

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में जून चक्र 2026 के पल्स पोलियो अभियान का उद्घाटन जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के द्वारा बरियारपुर के वार्ड 44 महादलित टोला में कार्यक्रम का किया गया जहाँ उद्घाटन स्थल पर फीता काटकर जिलाधिकारी ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जिलाधिकारी ने सिद्धांत, शिवांश और रूद्रा को पोलियो की खुराक दिया।उन्होंने बताया कि पोलियो मुक्त भारत के लिए जरूरी है कि - पाँच वर्ष तक के





बच्चों को पोलियो की खुराक हर हाल में उपलब्ध हो। वहीं डब्लूएचओ के मनोज तुमराडा ने बताया कि 1863 घर घर भ्रमण के लिए जबकि 275 ट्रांजिट टीम लगाया गया है। कार्यक्रम 28 जून से 2 जुलाई तक चलेगा। उद्घाटन में मौजूद सिविल सर्जन डॉ दिलीप कुमार तथा जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम की गंभीरता से मॉनिटरिंग की जाएगी। ताकि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा कवच से वंचित न रहे। पाकिस्तान, नेपाल जैसे पड़ोसी देश में में पोलियो संक्रमण का मामला के बाद पूरे देश में इसे लेकर विशेष चौकसी बरती जा रही है। गौरतलब है कि दुनिया के देशों में पोलियो का वायरस मिलने के बाद बिहार सहित देश के अन्य हिस्सों में इसके प्रसार का खतरा बरकरार है। बाहरी राज्यों में बसे लोगों का बिहार आगमन होता है। लिहाजा जिला सहित राज्य के अन्य हिस्सों में इसे लेकर विशेष एहतियात बरती जा रही है। जिले के सिविल सर्जन डॉ दिलीप कुमार ने कहा कि बाहरी लोगों से आग्रह है कि स्वास्थ्य कर्मियों को सहयोग करें एवं अपने बच्चे को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। कार्यक्रम में राजेश तिवारी, गुंजा कुमारी, डॉ.धर्मेन्द्र, डॉ.हर्षिता नरोत्तम कुमार, अरुण दुबे इत्यादि मौजूद थे।

# भारत विकास परिषद की छपरा शाखा कार्यशाला आयोजित



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत विकास परिषद, छपरा शाखा द्वारा रविवार को श्री दावत रेस्टोरेंट में शाखा कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ शाखा सचिव डॉ. आशुतोष दीपक द्वारा प्रस्तुत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री ईश्वर प्रसाद जी ने भारत विकास परिषद के संस्थापक महामंत्री स्वर्गीय डॉ. सूरज प्रकाश जी के प्रेरणादायी जीवन, व्यक्तित्व एवं संगठन के प्रति उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समन्वय शाखा अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार वर्मा ह्रसंकल्पह्न ने किया। कार्यशाला में शाखा के मुख्य संरक्षक डॉ. सी. एन. गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं शाखा के कोषाध्यक्ष श्री जयंत सरावगी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। प्रथम सत्र में श्री सुधीर कुमार सिंह (प्रांत महासचिव) ने परिषद की कार्यप्रणाली, दायित्व ग्रहण, सदस्य संकल्प तथा संगठन की विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात श्री विनीत गर्ग, राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव ने परिषद की विचारधारा, उद्देश्य एवं सेवा कार्यों पर प्रेरक उद्बोधन देते हुए कार्यकर्ताओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा, संस्कार एवं संगठन के मूल्यों को पहुँचाने का आह्वान किया। द्वितीय सत्र में डॉ. वाल्मीकि कुमार, रीजनल सेक्रेटरी (ईस्ट) ने भारत विकास परिषद के प्रोटोकॉल, कार्यक्रम संचालन की व्यवस्था एवं बैठकों की कार्यपद्धति पर विस्तार से जानकारी देते हुए संगठनात्मक अनुशासन के महत्व पर बल दिया। इसके उपरांत डॉ. नवनीत शांडिल्य ने संगठन विषय पर अपने विचार रखे। श्री भरत भूषण पांडेय ने संस्कार विषय पर भारतीय जीवन मूल्यों एवं सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वहीं श्री अमरनाथ प्रसाद ने संपर्क विषय पर समाज के विभिन्न वर्गों से प्रभावी संवाद एवं जनसंपर्क स्थापित करने के उपायों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला के दौरान आगामी सेवा एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई तथा सदस्यों ने परिषद की गतिविधियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सदस्यता विस्तार अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव श्री विनीत गर्ग ने 10 से अधिक नए सदस्यों को भारत विकास परिषद की सदस्यता की शपथ दिलाई। नवसदस्यों में डॉ. नागेंद्र कुमार, अमन कुमार सिंह, संजय सिंह, साकेत श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार मिश्रा, डॉ. राजू कुमार, चुनमुन सिंह रौशन, छोटू कुमार सिंह, मोनू कुमार सिंह एवं विशाल भास्कर सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। सभी नवसदस्यों ने परिषद के सेवा, संस्कार, सहयोग, समर्पण एवं संपर्क के आदर्शों का पालन करते हुए समाजसेवा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। अंत में डॉ. विकास कुमार सिंह ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगान एवं सामूहिक अल्पाहार के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

## मोतिहारी चीनी मिल जमीन घोटाला 14 एकड़ भूमि का गलत परिमार्जन करने पर राजस्व कर्मचारी निलंबित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी चीनी मिल की 14 एकड़ भूमि के गलत परिमार्जन मामले में नव- पदस्थापित डीएम सौरभ सुमन यादव ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने सदर अंचल के राजस्व कर्मचारी कृष्णा कुमार श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आरोप है कि उन्होंने तीन अलग-अलग आवेदनों में गलत जांच रिपोर्ट तैयार की थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर चीनी मिल की जमीन का नियम विरुद्ध परिमार्जन हुआ था। सदर डीसी एल आर के संज्ञान में मामला आने के बाद पोर्टल पर इसे शून्य कर दिया गया है। चर्चा है कि एक बड़े अधिकारी के डाटा ऑपरेटर ने राजस्व कर्मचारी पर 'साहब का आदेश है' कहकर दबाव बनाया था। इसी दबाव में आकर कर्मचारी ने गलत अनुशंसा की, जिसे कर्तव्यहीनता और अनुशासनहीनता माना गया है। अधिकारियों के अनुसार यह आचरण भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 और बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली 1976 के खिलाफ है प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर यह निलंबन आदेश जारी किया गया है । राजस्व कर्मचारी कृष्णा कुमार श्रीवास्तव ने तीनों परिमार्जन मामलों में अनियमितता बरती है। इनका आचरण भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली के खिलाफ है।

# बिजली की अनियमितता से एकमा के गांवों में हाहाकार

**देवपुरा गांव में जले एसी टीवी व मोटर वाटर पंप ● एक हर दो घंट पर मिल रहा 15 से 20 मिनट के लिए बिजली ● सबस्टेशन के लिए जमीन देने पर भी बिजली विभाग मौन**

**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भीषण गर्मी में एकमा रसूलपुर का ग्रामीण क्षेत्र काफी हलकान है।सुदूर में गांवों दो घंटे पर मात्र 15 से 20 मिनट बिजली आपूर्ति होने से उमस भरे गर्मी में त्राहिमाम त्राहिमाम मची है।देवपुरा पंचायत के देवपुरा गांव के ग्रामीणों का आरोप है कि वो वोल्टेज के कारण देवपुरा गांववासी अजीत शाही का एसी,सूर्यनंदन शाही, राजेंद्र शाही व नन्हे शाही का पंखा, राजेंद्र शाही व अजय शाही का मोटर वाटर पंप जल गया है।उधर मुकुंदपुर फीडर में दिन और रात मिलाकर कुछ ही घंटे बिजली मिल रही है।मानवबल लाइनमैन मनीष सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी में लोड शेडिंग के कारण बिजली कटौती हो रही है। बारिश होने के बाद ही स्थिति में सुधार होगा। रसूलपुर के उपमुखिया मनोज सोनी ने बताया कि एकमा ग्रीड में रसूलपुर फीडर की सबसे अधिक बिजली तारों की लम्बाई और दूरी 70 से 90 किमी है।इसके एक मात्र समाधान के लिए बिजली विभाग रसूलपुर थाना क्षेत्र में सबस्टेशन बनाने के लिए जमीन की खोज में है पर जमीन नहीं मिल रहा।उधर देवपुरा पंचायत के ग्रामीण व भाजपा नेता सूर्यनंदन शाही द्वारा रसूलपुर थाना क्षेत्र के जमनपुरा गांव में जमीन उपलब्ध कराने के बावजूद बिजली विभाग मौन साधे हुए हैं।शाही के अनुसार जमीन देने की लिखित जानकारी सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल व विधायक मनोरंजन सिंह धूमल की उपस्थिति में दी गई है। इस संबंध में एकमा ग्रीड के जेई से संपर्क किया गया पर जेई ने फोन रीसिव नहीं किया। रसूलपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद ने कहा कि बहुत जल्द बिजली विभाग को रसूलपुर में ही जमीन उपलब्ध कराने की कवायद चल रही है। रसूलपुर में सब स्टेशन बनने से बिजली की सारी समस्या हल हो जाएगी।

# डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती पर भारत विकास परिषद् ने याद किए सेवा और राष्ट्रनिर्माण के आदर्श




**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत विकास परिषद् शाखा, रक्सौल ने शनिवार को परिषद् के संस्थापक एवं प्रथम राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. सूरज प्रकाश की 106वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। कोइरिया टोला स्थित सूर्य नारायण कॉम्प्लेक्स में आयोजित समारोह में उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया तथा केक काटकर जयंती समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शाखा अध्यक्ष रजनीश प्रियदर्शी ने कहा कि डॉ. सूरज प्रकाश का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सामाजिक समर्पण और मानवता के लिए समर्पित रहा। उनके विचार आज भी समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर वक्ताओं ने भारत विकास परिषद् की स्थापना और उसके उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान गठित सिटीजन काउंसिल ने 1963 में भारत विकास परिषद् का स्वरूप ग्रहण किया। आज परिषद् सेवा, संस्कार, सहयोग, संपर्क और समर्पण के पंचसूत्र के साथ देशभर में जनकल्याण एवं राष्ट्र निर्माण के विविध कार्यों का संचालन कर रही है। कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, सेवा संयोजक सह मीडिया प्रभारी बिमल कुमार सर्राफ, संपर्क संयोजक उमेश सिकारिया, संस्कार संयोजक नीतेश कुमार सिंह, पर्यावरण संयोजक विजय कुमार साह एवं अजय कुमार ने डॉ. सूरज प्रकाश के जीवन, भारत विभाजन के दौरान उनके मानवीय योगदान तथा परिषद् की विकास यात्रा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने उनके आदर्शों को अपनाकर समाजहित में कार्य करने का आह्वान किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस दौरान सुरेश धानोठिया, प्रशांत कुमार, अरुण कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ प्रसाद, मेनका गुप्ता, विनोद रौनियार, संतोष कुमार, विजय कुमार गुप्ता, दिनेश प्रसाद, सीमा गुप्ता, किरण गुप्ता सहित शाखा के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी सेवा संयोजक बिमल कुमार सर्राफ एवं संपर्क संयोजक उमेश सिकारिया ने संयुक्त रूप से दी।

## अवैध तस्करी विरोधी दिवस पर जिला जनता एवं बंदियों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोतिहारी द्वारा नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत वर्ष 2025 की कार्ययोजना के अनुरूप आज एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली गांधी मैदान से प्रारंभ होकर एडीआर भवन तक निकाली गई, जिसमें उत्पाद विभाग/एक्साइज विभाग के सहयोग से पैनल अधिवक्ताओं, पीएलवी एवं प्राधिकरण के कर्मियों के साथ-साथ उत्पाद विभाग के पुलिस अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। रैली के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। रैली का समापन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में हुआ, जहाँ उपस्थित सभी प्रतिभागियों द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के समर्थन में शपथ ग्रहण किया गया। इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर केंद्रीय कारा, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी में एक विधिक जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया।

# रेल अधिकारी ने किया पौधरोपण

**काली पहाड़ी में किया वृक्षारोपण ● महोगनी सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प**

**जमालपुर(मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से काली पहाड़ी क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान लगातार जारी है। रेलवे अधिकारियों एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित लोगों की पहल से हरित क्षेत्र को और समृद्ध बनाने का प्रयास किया जा रहा है। रविवार को पूर्व रेलवे लोको शेड, जमालपुर के एसएसई (एडब्ल्यूएम) एवं ईआरएमयू के पूर्व अध्यक्ष विष्णु देव सिंह यादव के नेतृत्व में पर्यावरण प्रहरियों ने काली पहाड़ी के रमणीय क्षेत्र में महोगनी सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस दौरान सभी ने पौधों के संरक्षण एवं पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित बनाए रखने का संकल्प लिया।विष्णु देव सिंह यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है, तभी हरियाली का वास्तविक उद्देश्य पूरा होगा।कार्यक्रम में ईआरएमयू के सचिव परमानंद यादव, गौतम सिंह, विनय दास, भगवान पासवान, राजेंद्र विश्वकर्मा, दशरथ साह सहित कई पर्यावरण प्रेमी एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया। सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।उल्लेखनीय है कि काली पहाड़ी क्षेत्र अपनी प्राकृतिक हरियाली और जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध है। यहां लगातार चल रहे वृक्षारोपण अभियान से क्षेत्र का हरित आवरण और मजबूत होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी नई दिशा मिल रही है। रेलवे अधिकारियों एवं पर्यावरण प्रहरियों की यह पहल लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बन रही है।

# गुरुगोष्ठी में बीईओ ने दिए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा व शत-प्रतिशत नामांकन के निर्देश



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चिरैया कोठी के सभागार में शनिवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रखंडस्तरीय मासिक गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापकों, प्रधान शिक्षकों एवं प्रभारी प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया। गुरुगोष्ठी में विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की गई। बीईओ ने 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने, ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर सभी नामांकित विद्यार्थियों का विवरण दर्ज करने, आधार (अपार) आईडी बनाने, यू-डायस पोर्टल पर विद्यार्थियों की अद्यतन प्रविष्टि करने तथा विद्यालय के मुख्य दीवार पर शिक्षा विभाग, बिहार सरकार का टोल-फ्री नंबर अंकित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कक्षा 6 से 8 तक प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण (पीबीएल) को निर्धारित समयावधि में पूरा कराने, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति की सतत निगरानी करने पर जोर दिया। साथ ही किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तत्काल उपलब्ध कराने को कहा। गुरुगोष्ठी में विद्यालयों में इको क्लब, बाल संसद एवं मीना मंच के गठन एवं नियमित संचालन, निर्धारित तिथि पर अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित करने तथा उपलब्ध संगीत वाद्य यंत्रों एवं खेल सामग्री का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। अंत में बीईओ ने सभी विद्यालय प्रधानों से विभागीय निर्देशों का समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में पीबीएल की तकनीकी टीम के सदस्य सह प्रधान शिक्षक कार्तिक कुमार, शिक्षक अशोक कुमार पटेल, प्रधानाध्यापक अबुल कलाम आजाद, मिराज अंसारी, संजय कुमार निराला, कौशल किशोर, अरुण कुमार सुमन, दयाशंकर पंडित, संजीव तिवारी, साहेब बैठा, यमुनाकांत मिश्रा सहित प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं प्रधान शिक्षक उपस्थित थे।

# गुरुकुल मैनेजमेंट कॉलेज का हुआ शुभारंभ, अब एकमा में ही मिलेगी बीबीए-बीसीए की शिक्षा



**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा-सिवान राष्ट्रीय राजमार्ग-531 के किनारे स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल परिसर में शनिवार को आयोजित भव्य समारोह के बीच गुरुकुल मैनेजमेंट कॉलेज का विधिवत शुभारंभ किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में इसे एकमा एवं आसपास के क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। कॉलेज की शुरूआत के साथ अब स्थानीय विद्यार्थियों को बीबीए, बीसीए सहित अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

**दीप प्रज्वलन के साथ हुआ उद्घाटन, छात्राओं ने प्रस्तुत किया स्वागत गीतः**

कार्यक्रम का शुभारंभ कुंवर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र स्वामी, पटना एम्स के कैंसर विभागाध्यक्ष डॉ. जगजीत पांडेय, पूर्व प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश सिंह, जन सुराज नेता ब्रजेंद्र कुमार सिंह उर्फ मुन्ना भवानी, शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह तथा बंशीधर तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के बाद गुरुकुल पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधानाध्यापक रामनरेश सिंह ने किया, जबकि अध्यक्षता माकपा नेता डॉ. अरुण कुमार ने की। मुख्य अतिथि पटना एम्स के कैंसर विभाग के अध्यक्ष डॉ. जगजीत पांडेय ने कहा कि एकमा जैसे क्षेत्र में मैनेजमेंट कॉलेज की स्थापना शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि बीबीए एवं बीसीए जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने से विद्यार्थियों का समय और आर्थिक बोझ दोनों कम होंगे। उन्होंने सरकार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्र भी अब बिना किसी आर्थिक बाधा के उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। गुरुकुल ग्रुप छपरा के निदेशक डॉ. संजीव कुमार सिंह ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को महानगरों जैसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि गुरुकुल में 11वीं एवं 12वीं की पढ़ाई करने वाले छात्र अब बीबीए, बीसीए सहित अन्य रोजगारपरक एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई भी इसी परिसर में कर सकेंगे। इससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम होगा और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।

# स्थायी समिति ने नियम- 19को किया विलोपित, अध्यक्ष पद के लिए पुनः प्रत्याशी हो सकेंगे अनिल सुलभ

**वर्तमान-सत्र की अंतिम बैठक में पारित हुए सात प्रस्ताव, जुलाई में आरंभ होगी अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया**




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन की स्वामिनी-समिति 'स्थायी समिति' ने, विगत 29 मार्च में हुई स्थायी समिति में, सम्मेलन-नियमावली के नियम-19 के विलोपन के लिए गए निर्णय की पुष्टि कर दी है। रविवार को संपन्न इस सभा में सर्वसम्मति से इसकी संपुष्टि की गयी। इस निर्णय से सम्मेलन के वर्तमान अध्यक्ष डा अनिल सुलभ अध्यक्ष पद के लिए पुनः प्रत्याशी हो सकते हैं। अगस्त में समाप्त हो रहे, पाँच वर्ष के इस वर्तमान-सत्र की यह स्थायी समिति की अंतिम बैठक थी। इस बैठक में सात प्रस्तावों को सर्व-सम्मति से पारित किया गया, जिनमें मतदाता निरूपण समिति द्वारा अद्यतन की गयी सम्मेलन की मतदाता-सूची का अनुमोदन, निर्वाचन-पदाधिकारी से आगामी-सत्र के लिए सम्मेलन-अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु प्रक्रिया आरम्भ करने का आग्रह, वित्तीय-वर्ष 2025-26 का अंकेक्षण, स्थायी समिति के विगत पाँच वर्षों के कार्यकाल पर चर्चा सम्मिलित है। राष्ट्र-गान से आरम्भ हुई इस बैठक में माननीय सदस्यों का अभिनन्दन करते हुए सम्मेलन-अध्यक्ष ने वर्तमान-कार्यकाल में सम्मेलन को प्राप्त हुई विशिष्ट उपलब्धियों का उल्लेख किया और स्पष्ट किया कि किस प्रकार सम्मेलन के उद्यम से इसकी प्रतिष्ठा संपूर्ण भारतवर्ष में और देश की सीमाओं को तोड़कर अंतर्राष्ट्रीय-स्तर पर हुई है। बैठक में स्थायी समिति के वरिष्ठ सदस्य और पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो रास बिहारी सिंह, सम्मेलन के वरीय उपाध्यक्ष जियालाल आर्य, उपाध्यक्ष बिहार सरकार के पूर्व विशेष सचिव डा उपेंद्रनाथ पाण्डेय, बिहार संगीत नाटक अकादमी के पूर्व अध्यक्ष और सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, पूर्व प्राचार्या डा कल्याणी कुसुम सिंह, मुजफ़्फ़रपुर ज़िला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के प्रधानमंत्री उदय नारायण सिंह, सारण ज़िला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष ब्रजेंद्र कुमार सिन्हा, बक्सर ज़िला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष महेश्वर ओझा 'महेश', आरा ज़िला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो बलिराज ठाकुर, पश्चिमी चंपारण ज़िला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के प्रधानमंत्री आनन्द किशोर मिश्र, लखीसराय ज़िला सम्मेलन के अध्यक्ष अरविंद कुमार भारती, उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार आजाद, सम्मेलन के अर्थमंत्री कुमार अनुपम, प्रचारमंत्री विभारानी श्रीवास्तव, लोकभाषा मंत्री डा पुष्पा जमुआर, संगठन मंत्री डा शालिनी पाण्डेय, पुस्तकालयमंत्री ई अशोक कुमार, प्रबंधमंत्री कृष्ण रंजन सिंह, भवन-अभिरक्षक प्रवीर पंकज, वरिष्ठ सदस्य प्रो व्रजभूषण शर्मा, वरिष्ठ कवि आरपी घायल, शिवानन्द गिरि, डा संजय माँझी, डा इंदु पाण्डेय, डा विद्या चौधरी आदि सदस्यों ने विभिन्न प्रस्तावों पर अपने विचार रखे। डा दिनेश कुमार दिवाकर, डा पूनम आनन्द, रामेश्वर नाथ विहान, आराधना प्रसाद, डा ऋचा वर्मा, श्रीकांत व्यास, जय प्रकाश पुजारी, डा मनोज गोवर्धनपुरी, प्रो उषा सिंह, सरिता कुमारी, शशि भूषण कुमार, आनन्द मोहन झा, प्रो अरुण कुमार सिन्हा, डा सत्या नारायण उपाध्याय, संजय शुक्ल, सिद्धेश्वर, ओम् प्रकाश पाण्डेय, अंबरीष कांत, राजेश भट्ट, शमा कौसर 'शमा', डा विद्या चौधरी, इंदु भूषण सहाय, डा नीतू सिंह, डा एम के मधु, डा रेणु मिश्र, डा सुमेधा पाठक, उर्मिला नारायण, अश्मजा प्रदर्शनी, ज्ञानेश्वर शर्मा, डा प्रतिभा रानी, शम्भु अमिताभ, सुनील कुमार दूबे,सुनील कुमार, डा पंकज पाण्डेय, नीरव समदर्शी, ई बाँके बिहारी साव, मनोज कुमार झा, लता प्रासर, शिवानन्द गिरि, अरुण कुमार श्रीवास्तव,बिंदेश्वर प्रसाद गुप्ता, जगदीश्वर प्रसाद सिंह, डा कुंदन लोहानी, अरुण कुमार निराला, मीरा प्रकाश, सुधांशु कुमार चक्रवर्ती, रामयतन यादव, नागेंद्र कुमार केशरी, उत्तरा सिंह, ज्योति मिश्र, प्रेमलता सिंह, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, नमिता लोहानी, डा पुरुषोत्तम कुमार, चंदा मिश्र, डा विपिन दूबे, निर्मला सिंह, अभय सिन्हा, सुधीर मधुकर, सुरेश विद्यार्थी, डा अमरनाथ प्रसाद, आचार्य अनिमेश, नीता सहाय, पुनीता कुमारी

# रक्सौल के मेन रोड में गुमटी संख्या-33 पर ओवरब्रिज निर्माण की तैयारी तेज, मिट्टी जांच शुरू

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर में प्रस्तावित रेल ओवरब्रिज (आरओबी) परियोजनाओं को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में रेलवे गुमटी संख्या-33 पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए मिट्टी जांच (सॉयल इन्वेस्टिगेशन) का कार्य शुरू कर दिया गया है। इससे इस बहुप्रतीक्षित परियोजना के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण तकनीकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। निर्माण एजेंसी के विशेषज्ञ आधुनिक मशीनों की सहायता से विभिन्न स्थानों पर बोरिंग कर मिट्टी के नमूने एकत्र कर रहे हैं। जांच के माध्यम से भूमि की भार वहन क्षमता, मिट्टी की गुणवत्ता तथा भू-स्तर का अध्ययन किया जाएगा। इसी रिपोर्ट के आधार पर ओवरब्रिज की नींव और संरचना का तकनीकी डिजाइन तैयार होगा। गौरतलब है कि इससे पहले रेलवे गुमटी संख्या-34 पर भी प्रस्तावित ओवरब्रिज के लिए मिट्टी जांच का कार्य पूरा किया जा चुका है। अब गुमटी संख्या-33 पर सॉयल टेस्टिंग शुरू होने से शहर के दोनों प्रमुख रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण की प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है। तकनीकी विशेषज्ञों के अनुसार किसी भी पुल या ओवरब्रिज के निर्माण से पहले सॉयल इन्वेस्टिगेशन अनिवार्य प्रक्रिया होती है। इसकी रिपोर्ट के आधार पर ही यह तय किया जाता है कि नींव कितनी गहरी होगी और किस प्रकार की निर्माण तकनीक अपनाई जाएगी, ताकि पुल सुरक्षित और लंबे समय तक टिकाऊ रहे। रक्सौल की दोनों रेलवे गुमटियों पर अक्सर ट्रेन परिचालन के दौरान फाटक बंद रहने से लंबा जाम लग जाता है।

# अपनी परंपरा और जड़ों से अज्ञानता खतरनाक

## अनावश्यक रूप से दिखाया जा रहा है भविष्य का भय कब्जा हो जाने और ड्रग्स बिक्री तक का दिखाया जा रहा खतरा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** किसी भी समाज के लिए यह खतरनाक है कि वह अपनी परंपरा और जड़ों से कट जाए। इतिहास की बुनियाद को बुलंदी देकर ही वर्तमान और भविष्य को समृद्ध और विकसित बनाया जा सकता है। बाबा बिहारी दास संगत के मामले में कुछ लोग समाज को इतिहास, परंपरा और उसकी जड़ों से काटने की कोशिश कर रहे हैं। 17वीं शताब्दी में जब नौवें गुरु श्री तेग बहादुर जी असम और बंगाल की अपनी आध्यात्मिक यात्रा के दौरान बिहार (पटना साहिब व आसपास के क्षेत्रों) पधारे थे, तब वे इस क्षेत्र में भी आए थे। इस संगत की स्थापना सर्वप्रथम 17वीं शताब्दी में बाबा बालक दास जी (जिन्हें कुछ लोग बाबा बालाजी दास भी कहते हैं) द्वारा की गई थी। बाबा बालक दास जी गुरु के अनन्य भक्त और उदासी या नानकशाही परंपरा के संत थे। उनकी घोर तपस्या और याद करने पर ही गुरु तेग बहादुर जी ने इस पवित्र धरती पर अपने चरण रखे थे और संगतों को दर्शन दिए थे। इसी परिसर में बाबा बालक दास जी की समाधि भी बनी हुई है। वह जिंदा समाधि बताई जाती है। अगर तब यहां लिखे गए हस्तलिखित गुरु ग्रंथ साहिब को दाउदनगर के पुरखों ने संभाल कर नहीं रखा होता तो आज ज्ञान भारतम् मिशन के तहत वह धरोहर के रूप में शामिल नहीं होता। भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में जिले में सनातन परंपरा से जुड़ी यह सबसे बेशकीमती धरोहर शामिल की गई और ऐसा इसलिए हुआ कि इस शहर में सिख समुदाय के ना रहते हुए भी हिंदुओं ने इसे संरक्षित किया। सिख समुदाय के गुरु परंपरा से संबंधित तमाम धार्मिक अनुष्ठान करते रहा। प्रकाशोत्सव हो चाहे कड़ाह प्रसाद। यही तो सनातन परंपरा है। अब इसे जब आगे बढ़ाने की बात नहीं तो कुछ लोग सिखों द्वारा इस जमीन पर कब्जा कर लेने, बाद में ड्रग्स तस्करी करने जैसे आरोप खुलेआम सोशल मीडिया पर लगाने लगे। जबकि दाउदनगर अभी ड्रग्स की चपेट में है, जबकि कोई सिख आबादी नहीं रहती है। दरअसल, जो लोग बाबा बिहारी दास संगत का विकास नहीं चाहते, इसके आसपास के क्षेत्र का विकास और आबादी की समृद्धि नहीं चाहते उन्होंने नया वितंडा खड़ा कर दिया। जबकि मुद्दे को समझना चाहिए। हर कार्य में धार्मिक अंधापन और जड़ता का पेंच घुसाना समाज को कट्टरता की तरफ ले जाएगा, जिससे वर्तमान व आने वाले पीढ़ी को ही क्षति होनी है।

# करोड़ों रुपये खर्च कर निर्माण कराई गईं सैकड़ों दुकानें, फिर भी किसान-व्यापारी बेहाल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** किसानों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी योजना के तहत करोड़ों रुपये खर्च कर विकसित की गई बाजार समिति आज बदहाली की तस्वीर पेश कर रही है। करीब 100 नई दुकानें, सोलर सिस्टम और मछली विक्रेताओं के लिए वातानुकूलित भंडार जैसी सुविधाएं तैयार होने के बावजूद उनका लाभ किसानों और व्यापारियों को नहीं मिल पा रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने के करीब एक वर्ष बाद भी दुकानों का आवंटन नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार बाजार समिति की व्यवस्था का दायित्व नगर निगम एवम अनुमंडलाधिकारी को होता है, लेकिन इन अधिकारियो का ध्यान अब तक इस ओर नही खिंच रहा है जिसका परिणाम है कि हल्की बारिश होते ही बाजार परिसर में जलजमाव, कीचड़ और दुर्गंध की समस्या गंभीर हो जाती है। जगह-जगह टूटे और खुले नाले दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। किसान अपनी उपज लेकर जोखिम के बीच बाजार पहुंचने को मजबूर हैं, जबकि ग्राहकों को भी आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। गंदगी और बदबू के कारण ग्राहक अधिक देर तक बाजार में नहीं रुकते, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा है। दूसरी ओर, लाखों रुपये की लागत से लगाए गए सोलर पैनल और अन्य आधुनिक सुविधाएं भी अपेक्षित उपयोग से वंचित हैं।स्थानीय किसानों और व्यापारियों ने प्रशासन से जल्द दुकानों का आवंटन करने, जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त कराने तथा नियमित सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद यदि मूलभूत सुविधाएं ही नहीं मिलें, तो विकास कार्यों का उद्देश्य अधूरा रह जाता है।

# आपदा पीड़ित परिवारों को मिली एक करोड़ की सहायता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा (भोजपुर)।** बिहार सरकार की नई पहल के तहत रविवार को भोजपुर जिले के उदवंतनगर प्रखंड की नवादाबेन पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन परिसर में 'पंचायत विकास दिवस' का शुभारंभ 'महिला हितैषी ग्राम पंचायत' थीम के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार सरकार के श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण तथा युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सह भोजपुर प्रभारी मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने की। इस अवसर पर संदेश विधायक राधाचरण साह, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव सह भोजपुर प्रभारी सचिव संतोष कुमार मल्ल (आईएएस), जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया, पुलिस अधीक्षक राज सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आयोजित ग्रामसभा में महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। पंचायत के समग्र विकास, महिला सशक्तिकरण, स्थानीय विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जनभागीदारी को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड का सामूहिक प्रसारण भी किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने विभिन्न आपदाओं में मृत 25 लोगों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये की दर से कुल एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राहत राशि हस्तांतरित की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंचायतों को ग्रामीण विकास की आधारशिला मानते हुए उन्हें अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने महिलाओं की सक्रिय भागीदारी, युवाओं के कौशल विकास, रोजगार सृजन तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया। प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने पंचायतों को सुशासन और समावेशी विकास की सबसे महत्वपूर्ण इकाई बताते हुए योजनाओं के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी क्रियान्वयन पर जोर दिया। वहीं जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने कहा कि पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य ग्रामसभाओं को अधिक सक्रिय बनाकर जनभागीदारी के माध्यम से विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारना है। कार्यक्रम में पंचायत सशक्तिकरण, स्वच्छता एवं मद्यनिषेध पर आधारित नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसने ग्रामीणों को नशामुक्ति, सामाजिक जागरूकता और पंचायतों की भूमिका के प्रति प्रेरित किया।

# आम की खेती से की जा सकती है अच्छी कमाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मदनपुर।** भागलपुर साबौर कृषि अनुसंधान परिषद में आम महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मदनपुर के किसान दल शामिल हुआ। मां उमंगेश्वरी एग्रो फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के किसान सदस्यों का दल सचिव परमानन्द सिंह के नेतृत्व में दो दिवसीय आयोजित आम महोत्सव साबौर में आठ सदस्यीय दल शामिल हुआ। जहां किसानों का आम के किस्मों का अवलोकन कराया गया। इस दौरान आम की खेती करने की विधि और तरीके की जानकारी दी गई। किसानों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि आम की खेती कर अच्छी कमाई की जा सकती है। परमानन्द सिंह ने बताया कि आम की खेती करने के लिए विधि विधान बताई गई है। उन्होंने बताया कि दल में रामजन्म महतो, परमानन्द सिंह, संतोष कुमार सिंह, राम ध्यान महतो, गोपाल महतो, युगेश्वर चौधरी, सत्यनारायण सिंह, गुप्ता महतो सहित अन्य लोग शामिल थे। बताया कि भागलपुर कृषि विश्वविद्यालय साबौर में आम समागम महोत्सव में प्रशिक्षण कर अन्य किसानों का भी गुर सिखाएंगे।

# महिलाओं को और सशक्त बनाने पर दिया गया जोर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पंचायती राज विभाग बिहार सरकार के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों के सतत विकास के लिए पंचायत विकास दिवस का आयोजन प्रखंड के सभी पंचायतों में किया गया। पंचायत सरकार भवन, पंचायत भवन, सरकारी विद्यालय परिसर या अन्य सार्वजनिक स्थलों पर संबंधित पंचायत के मुखिया की अध्यक्षता एवं पंचायत सचिव की उपस्थिति में आयोजन किया गया। इससे पहले सुबह में प्रभात फेरी निकाली गई और ग्रामीणों को पंचायत विकास दिवस के बारे में जागरूक किया गया। प्रभात फेरी में स्कूली छात्र-छात्राएं, जीविका दीदी ,आशा, आंगनबाड़ी सेविका- सहायिका एवं पंचायती राज जन प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बीडीओ मो. जफर इमाम अंकोढ़ा और शमशेर नगर पंचायत में आयोजित ग्राम सभा में पहुंचे। गोरडीहा में अध्यक्षता मुखिया कौशल्या देवी ने की। सभा में पंचायत सचिव बसंत कुमार, विकास मित्र, किसान सलाहकार, टोला सेवक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुखिया कौशल्या देवी ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए ग्रामवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा पंचायत के समग्र विकास, जनकल्याण और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी को साथ लेकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। सतत विकास लक्ष्य के नौ थीमों में से एक थीम पर परिचर्चा की गई। महिलाओं की शिक्षा ,स्वास्थ्य ,पोषण ,स्वच्छता, सुरक्षा, आजीविका संवर्धन, वित्तीय समावेशन, लैंगिक समानता, सरकारी योजनाओं की पहुंच तथा पंचायत स्तर पर महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 135 वें संस्करण को सुना गया। बताया गया कि बिहार सरकार द्वारा प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को पंचायत विकास दिवस आयोजित करने का निर्देश दिया गया है।

# एनटीपीसी अस्पताल में 140 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी परियोजना क जीवन ज्योति अस्पताल मे आज से पांच-दिवसीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का शुभारंभ परियोजना प्रमुख (प्रभारी) मनोरंजन परिदा द्वारा 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुछ बच्चों को पोलियो टीके की दो बूंद खुराक पिलाकर किया गया। अभियान के प्रथम दिवस पर रविवार को करीब 142 बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। मौके पर जीवन ज्योति अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्ण कांत चौधरी ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि यद्यपि भारत वर्ष 2011 से पोलियो मुक्त है, फिर भी प्रत्येक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के दौरान 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलानी चाहिए, उन्होंने कहा कि चाहे बच्चे को पूर्व में नियमित टीकाकरण अथवा पल्स पोलियो की कई खुराकें मिल चुकी हों। बार-बार दी जाने वाली पोलियो की खुराक बच्चों की प्रतिरक्षा को सुदृढ़ बनाती है तथा देश को स्थायी रूप से पोलियो मुक्त बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह अस्पताल स्थानीय समुदाय के स्वास्थ्य संवर्धन हेतु निरंतर कार्यरत है तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से स्वस्थ एवं सशक्त भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। अस्पताल भविष्य में भी जनस्वास्थ्य से जुड़े ऐसे अभियानों में सक्रिय सहभागिता निभाता रहेगा और राष्ट्रीय स्वास्थ्य लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# पल्स पोलियो अभियान हुआ आरंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । 28 जून से दो जुलाई तक चलने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत दाउदनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनमोल कुमार ने एक बच्चे को पोलियो की दवा पिलाकर की। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक आयुषी अश्वनी वर्मा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। बताया गया कि दाउदनगर प्रखंड में शून्य से पांच आयु वर्ग के लगभग 27000 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 92 टीमें बनाई गई हैं। कुल 79 टीम में हाउस टू हाउस घूम कर दवा पिला रही है। 12 ट्रांसिटिव टीम बनाया गया है। एक टीम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद है।

# महिला हितैषी ग्राम पंचायत थीम पर आयोजित हुई ग्राम सभा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**नवादा।** बिहार सरकार की अभिनव पहल के तहत प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित किए जाने वाले "पंचायत विकास दिवस" कार्यक्रम का शुभारंभ 28 जून 2026 को नवादा जिले की सभी ग्राम पंचायतों में किया गया। नवादा सदर प्रखंड अंतर्गत सोनसिहारी पंचायत सरकार भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश ने सहभागिता करते हुए ग्राम सभा को संबोधित किया। इस माह "पंचायत विकास दिवस" की थीम "महिला हितैषी ग्राम पंचायत" निर्धारित की गई थी। इस अवसर पर आयोजित ग्राम सभा में महिलाओं की उल्लेखनीय एवं सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं प्रयासों से समाज में आए सकारात्मक परिवर्तनों पर अपने अनुभव साझा किए तथा महिला हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान सोनसिहारी पंचायत के मुखिया द्वारा पंचायत में अब तक संपादित विकास कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। साथ ही पंचायत में संचालित विकास योजनाओं, भावी कार्ययोजना एवं जनहित से जुड़े प्रस्तावित कार्यों की जानकारी ग्राम सभा के समक्ष रखी गई। ग्राम सभा को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए ग्राम पंचायतों के अधिकारों, कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पंचायतों के समग्र विकास में जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है तथा विकास योजनाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन ग्राम सभा की सक्रिय सहभागिता से ही संभव है। इस अवसर पर जिले की सभी पंचायतों में आयोजित "पंचायत विकास दिवस" कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" का सामूहिक लाइव प्रसारण भी किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सुना।

# भरत तिवारी की याद में निकला कैंडल मार्च




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के भदवा बाजार में क्रांतिवीर भरत तिवारी की शहादत को श्रद्धांजलि देने के लिए शनिवार देर शाम सैकड़ों ग्रामीणों, युवाओं और बच्चों ने शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकाला। हाथों में जलती मोमबत्तियां लेकर लोगों ने उन्हें नमन किया और निष्पक्ष व शीघ्र न्याय की मांग उठाई। पूर्व एबीवीपी गया नगर सह मंत्री ओमप्रकाश ने कहा कि भरत तिवारी ने समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया, इसलिए उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। जिंकेश कुमार ने कहा कि न्याय मिलने तक लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से आवाज बुलंद होती रहेगी। रामानुज मिश्रा ने बिहार सरकार और पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। वहीं आनंद मोहन ने कहा कि शहीदों का सम्मान तभी सार्थक होगा, जब पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा। मार्च के दौरान "भरत तिवारी अमर रहें", "न्याय दो" और "शहीदों का सम्मान करो" जैसे नारों से पूरा भदवा बाजार गूंज उठा। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओमप्रकाश, अभिषेक कुमार,जिंकेश कुमार, रामानुज मिश्रा, आनंद मोहन, रविरंजन कुमार, अनुराग रौशन, सतीश चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में युवाओं और ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका रही।

# महिलाओं की भागीदारी और जनसहयोग से ही होगा पंचायतों का समग्र विकास : दीपक आनंद




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** पंचायती राज विभाग की ओर से "विकसित भारत-समृद्ध बिहार" अभियान के तहत रविवार को सबौर प्रखंड की बरारी ग्राम पंचायत में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। इस माह की थीम "महिला हितैषी पंचायत" रही। कार्यक्रम में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव सह भागलपुर के प्रभारी सचिव दीपक आनंद तथा जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने भाग लेकर ग्रामीणों को पंचायत विकास में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। प्रभारी सचिव दीपक आनंद ने कहा कि पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य ग्राम सभा के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा करना और आगामी योजनाओं को जनसहभागिता के आधार पर तय करना है। उन्होंने बरारी पंचायत में सड़क, नाला निर्माण और वॉलीबॉल कोर्ट जैसी विकास योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह पंचायत की दूरदर्शी सोच का परिचायक है। उन्होंने महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति को सशक्त समाज का सकारात्मक संकेत बताते हुए कहा कि विकास की हर प्रक्रिया में महिलाओं की समान भागीदारी आवश्यक है। जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने कहा कि पंचायत का सर्वांगीण विकास तभी संभव है, जब महिलाएं, युवा, बुजुर्ग और आम नागरिक विकास योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने पंचायत के मुखिया जयकरण पासवान एवं उनकी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए ग्रामीणों से आगामी ग्राम सभाओं में अपनी समस्याएं और सुझाव खुलकर रखने की अपील की। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के 'मन की बात' का सामूहिक प्रसारण किया गया तथा मद्यनिषेध विषय पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशामुक्त समाज का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, जीविका दीदियां, आंगनबाड़ी सेविकाएं-सहायिकाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पिकअप एवं बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो युवक घायल, एक रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के तिवारी बिगहा के पास पिकअप वाहन और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को आनन-फानन में रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। घायलों की पहचान फेसर गांव निवासी कपिल राम के 22 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार तथा बड़गांव गांव निवासी मिथलेश राम के 26 वर्षीय पुत्र बिरजू कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बिरजू कुमार अपने भगिना सुजीत कुमार के साथ बाइक से बड़गांव जा रहा था, तभी तिवारी बिगहा के पास यह हादसा हो गया। घायल सुजीत कुमार एवं बिरजू कुमार को प्राथमिक उपचार किया गया। सुजीत की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर संजय कुमार ने बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग अस्पताल पहुंचे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# महिला हितैषी ग्राम पंचायत के रूप में मनाया जाएगा पंचायत विकास दिवस : प्रभारी मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले की सभी पंचायतों में प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को 'पंचायत विकास दिवस' तथा प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को 'सहयोग शिविर' आयोजित कर विकास योजनाओं की समीक्षा के साथ-साथ मद्यनिषेध नीति एवं नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसी क्रम में रविवार को सदर प्रखंड के गढ़भेली पंचायत सरकार भवन में पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री सह बिहार सरकार के भूतत्व एवं खनन तथा कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सदर विधायक एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार, अपर समाहर्ता डॉ. विनोद कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री ने कहा कि पंचायत विकास दिवस को "महिला हितैषी ग्राम पंचायत" की अवधारणा के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सरकार के प्रतिनिधि पंचायतवासियों से सीधे संवाद करेंगे, विकास कार्यों की जानकारी देंगे तथा आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना तथा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

# पंचायत विकास दिवस का आयोजन, विकसित भारत समृद्ध बिहार के संकल्प पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** तिलौथू क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरैया में रविवार को 'सतत विकास हेतु विकसित भारत-समृद्ध बिहार' अभियान के अंतर्गत पंचायत विकास दिवस का भव्य आयोजन दुर्गा मंदिर मैदान में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, महिला समूहों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के सामूहिक श्रवण से हुई। इसके बाद पंचायत विकास दिवस के उद्देश्य एवं पंचायतों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से महिला हितैषी नौ विषयों (थीम) पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं की भागीदारी, सुरक्षा,




सशक्तिकरण, कौशल विकास तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक बैठक का भी संयुक्त आयोजन किया गया जिसमें पैरवी संस्था के अध्यक्ष संतोष उपाध्याय अपने सहयोगियों के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डिहरी के चर्चित चिकित्सक डॉ. निर्मल कुमार सिंह थे। पंचायत के मुखिया संजय चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायत के समग्र विकास के लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है। वहीं, गांव के निवासी एवं एसटीएफ में डीएसपी पद पर कार्यरत गुलाम सरवर ने लोगों को साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूक करते हुए सतर्क रहने और डिजिटल सुरक्षा अपनाने की अपील की। समाजसेवी हंसराज कुमार ने जैव विविधता संरक्षण पर जोर देते हुए जल संरक्षण, अधिक से अधिक वृक्षारोपण तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचने का आह्वान किया। कार्यक्रम को समाजसेवी सत्यान्द कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन उपमुखिया अमित गुप्ता ने किया। सभी अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर परिवर्तन विकास के विनोद कुमार, आशा सिंह, शारदा कुमारी, पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविकाएं, आशा कार्यकर्ता, जीविका की सीएम सहित सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# बीपीएससी में सफलता प्राप्त करने पर राजन पटेल को विधायक ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** कोआथ नगर पंचायत के चेयरमैन धर्मेंद्र चौधरी के भतीजे राजन पटेल बीपीएससी 70वीं परीक्षा में 358वां रैंक हासिल कर नगर पालिका के कार्यपालक पदाधिकारी बनने पर गांव में भव्य स्वागत किया गया। पहली बार गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल माला और अंग वस्त्र से उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह ने भी पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर राजन को सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि यह पूरे विधानसभा के लिए गौरव की बात है कि मुख्य पार्षद के भतीजे ने बीपीएससी में सफलता पाकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। मुख्य पार्षद धर्मेंद्र चौधरी ने खुशी जताते हुए आशीर्वाद दिया कि जिस दिन राजन आईएएस बनकर गांव और जिले का नाम रोशन करेगा, खुशी दोगुनी हो जाएगी। कार्यक्रम में



जिला परिषद प्रतिनिधि विकास पटेल, मुखिया संजय सिंह, पूर्व प्रमुख चितरंजन पासवान, रवि सिंह, साधु जी समेत कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी राजन को सम्मानित किया। राजन के पिता मिथलेश चौधरी मणिपुर में व्यवसाय करते हैं। राजन बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के छात्र रहे हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा कोआथ और सासाराम से हुई। इसके बाद सैनिक स्कूल त्रिपुरा और तमिलनाडु से स्कूली पढ़ाई कर ए एन कॉलेज पटना से स्नातक किया। चौथे प्रयास में उन्होंने बीपीएससी 70वीं परीक्षा क्रैक की। राजन ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता और चाचा धर्मेंद्र चौधरी को दिया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने प्रतियोगी छात्रों से कहा कि हार से घबराना नहीं चाहिए। मेहनत करने वालों को सफलता जरूर मिलती है। राजन का अगला लक्ष्य यूपीएससी पास कर परिजनों का सपना पूरा करना है। मौके पर अभिषेक पटेल, चुन्नू पटेल, कपिल पासवान, धनजी पटेल, रितेश केशरी, सुरेंद्र चंद्रवंशी, प्रवीण तिवारी, विक्की सिंह, रघुनाथ सिंह समेत आसपास के दर्जनों लोग मौजूद थे।

# बिहार पेंशनर समाज की बैठक में सदस्यता अभियान तेज करने का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार पेंशनर समाज अनुमंडल शाखा, डिहरी की बैठक शाखा कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष शिवजग प्रसाद ने की जबकि संचालन सचिव बच्चन चौबे ने किया। बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों ने बताया कि 80 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद मूल पेंशन में वृद्धि का प्रावधान है, लेकिन इसके लिए पेंशनरों को बार-बार बैंकों का चक्कर लगाना पड़ता है जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। इसे गंभीर विषय मानते हुए सचिव को संबंधित बैंकों के प्रबंधकों से वार्ता कर समाधान निकालने के लिए अधिकृत किया गया। बैठक में बताया गया कि जनवरी 2026 से जून 2026 तक केवल 15 नए सदस्य ही बनाए जा सके हैं, जो अपेक्षा से काफी कम है। चूंकि पेंशनर समाज की आय का मुख्य स्रोत सदस्यता शुल्क है, इसलिए सदस्यता अभियान को तेज गति से चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही संरक्षक सदस्य, आजीवन सदस्य तथा गैर-पेंशनरों (नॉन पेंशनर) को भी संगठन से जोड़ने पर सहमति बनी। इस दौरान मुन्ना जी ने कहा कि देश के कुछ राज्यों में पुरानी पेंशन प्रणाली (ओपीएस) लागू की जा चुकी है। उन्होंने मांग की कि बिहार में भी पुरानी पेंशन प्रणाली लागू की जाए, ताकि कर्मचारियों और पेंशनरों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल सके। बैठक में धीरेंद्र प्रसाद, शंकर विजय सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, बच्चन चौबे, इं. लक्ष्मण सिंह, छठू शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, रामराज प्रसाद, राजबली सिंह, अशोक कुमार सिंह, मुमताज कुरेशी, रामबाबू पंडित सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# भैंसहा पंचायत में पंचायत विकास दिवस आयोजित

## सात जुलाई को लगने वाले सहयोग शिविर की दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार सरकार के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत भैंसहा के पंचायत भवन कार्यालय, बस्तीपुर में पंचायत विकास दिवस शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया मंजू देवी ने की। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों की समस्याओं के समाधान पर चर्चा करना, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना तथा राज्य सरकार द्वारा लागू शराबबंदी कानून के प्रति लोगों को जागरूक करना था। इस अवसर पर पंचायत में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी आम जनता को दी गई तथा उनके लाभों से अवगत कराया



गया। बैठक में सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में आयोजित किए जा रहे सहयोग शिविरों के महत्व पर भी विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही आगामी 7 जुलाई को पंचायत में आयोजित होने वाले सहयोग शिविर में किए जाने वाले कार्यों एवं उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की जानकारी उपस्थित ग्रामीणों को दी गई। कार्यक्रम में पंचायत सचिव राजकुमार राय, किसान सलाहकार संजीव कुमार, विकास मित्र संगीता देवी, आवास सहायक सुनीता कुमारी, प्रखंड ऑडिटर पदाधिकारी, सरपंच कार्यालय के सचिव, वार्ड सदस्य यशोदा देवी, वार्ड सदस्य रविंद्र कुमार सिंह, जीविका दीदी सुमित्रा देवी, रीना दीदी, सुभद्रा कुमारी, नरेश यादव, प्रियंका कुमारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मुखिया मंजू देवी ने ग्राम सभा में उपस्थित सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए पंचायत के विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग की अपील की।

# नि:शुल्क शिक्षादान के लिए नूतन पाण्डेय को अखिल विश्व गायत्री परिवार ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ द्वारा समाज में शिक्षा, संस्कार एवं जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए नूतन पाण्डेय को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें वर्षों से निःस्वार्थ भाव से जरूरतमंद एवं वंचित बच्चों को निःशुल्क शिक्षादान, समाज में सकारात्मक जागरूकता फैलाने तथा सेवा और संस्कार आधारित कार्यों के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किया गया। सम्मान ग्रहण करने के उपरांत नूतन पाण्डेय ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि उन सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, सहयोगियों एवं समाज के उन लोगों का है जो शिक्षा और संस्कार के इस अभियान में निरंतर साथ



खड़े हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है और भविष्य में भी वे पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ समाजहित में कार्य करती रहेंगी। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने नूतन पाण्डेय के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा विश्वास व्यक्त किया कि उनका यह प्रयास समाज में शिक्षा और सेवा की नई प्रेरणा बनेगा।

# आर. एस. के. पब्लिक स्कूल में एनसीसी 'बी' सर्टिफिकेट परीक्षा संपन्न

## भोजपुर-बक्सर-रोहतास के 300 कैडेट्स हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बस्तीपुर स्थित आर. एस. के. पब्लिक स्कूल में रविवार को एनसीसी 'बी' सर्टिफिकेट की लिखित परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई। एनसीसी से संबद्ध क्षेत्र के पहले पब्लिक स्कूल के रूप में पहचान रखने वाले इस विद्यालय में आयोजित परीक्षा में भोजपुर, बक्सर एवं रोहतास जिलों के लगभग 300 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। परीक्षा के दौरान विद्यालय परिसर में सुरक्षा, अनुशासन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की गईं। परीक्षा के सफल आयोजन पर 42 बिहार बटालियन एनसीसी, सासाराम के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अनूप कुमार ने विद्यालय प्रबंधन




की सराहना करते हुए कहा कि अब तक के विभिन्न परीक्षा केंद्रों की तुलना में आर. एस. के. पब्लिक स्कूल बुनियादी एवं तकनीकी सुविधाओं की दृष्टि से उत्कृष्ट है। उन्होंने परीक्षा संचालन की सुव्यवस्थित एवं अनुशासित व्यवस्था की विशेष प्रशंसा की। परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक एवं 38 बिहार बटालियन एनसीसी के कर्नल अजय कुमार ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में एनसीसी युवाओं के व्यक्तित्व विकास और करियर निर्माण का मजबूत माध्यम है। उन्होंने कहा कि मेडिकल, इंजीनियरिंग, रक्षा सेवाओं और पुलिस विभाग सहित विभिन्न क्षेत्रों में एनसीसी प्रमाणपत्र का विशेष महत्व है। अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि एनसीसी 'सी' सर्टिफिकेट ने उन्हें भारतीय सेना में अधिकारी बनने का अवसर प्रदान किया। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह एवं संयुक्त निदेशक गिन्नी सिंह ने परीक्षा में शामिल सभी कैडेट्स को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने एनसीसी अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय को इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए केंद्र के रूप में चयनित किया जाना गर्व की बात है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आर. एन. सिंह, सीटीओ अरुण कुमार बादल तथा शारीरिक शिक्षक हरि ओम कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सफल परीक्षा आयोजन को लेकर कैडेट्स और अभिभावकों ने भी विद्यालय प्रबंधन की व्यवस्थाओं की सराहना की।

# मारपीट मामले में नामजद प्राथमिकी, एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढी गोला(रोहतास)।** अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में अकोढी गोला थाने की पुलिस को थाना क्षेत्र अंतर्गत शहंशाह मुहल्ला (अकोढ़ी गोला) की रहने वाले इरफान आलम पिता इम्तियाज आलम ने फर्द बयान में बताया कि अकोढ़ी गोला बाजार स्थित शहंशाह मुहल्ला मोड़ पर अंडा के दुकान के समीप अकोढी गोला के ही रहने वाले कौशल कुमार, रोशन कुमार गुप्ता, सोनू कुमार, संदीप कुमार, अंकित कुमार, मोनू कुमार, रंजन कुमार कुल 8 लोगों ने मुझे मिल कर मारा जिससे मुझे सर एवं शरीर के अन्य हिस्से में चोटें आई जिसका इलाज मैंने सरकारी अस्पताल अकोढी गोला पर करवाया। इस मामले में अकोढी गोला थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि वादी के फर्द बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा कांड दर्ज करते हुए और रोशन कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है तथा अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# बाघाखोह पंचायत में विकास शिविर का विधायक ने किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** प्रखंड क्षेत्र के बाघाखोह स्थित पंचायत सरकार भवन पर पंचायत विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, बीडीओ रवि रंजन, मुखिया रामप्रवेश सिंह ने फीता काट कर किया। बीडीओ रवि रंजन ने बताया कि हर महीने की अंतिम रविवार को शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें पंचायत के विकास को लेकर कार्य किया जाएगा। विधायक ने कहा कि सरकार आपके हर गांव की विकास के लिए तत्पर है। उन्होंने बताया कि आज शिविर के माध्यम से महिलाओं के उत्थान के लिए आवेदन लिए जाएंगे। विधायक ने कहा कि महिलाओं के स्वरोजगार के लिए सरकार दस हजार रुपये दे चुकी है। महिलाओं को चाहिए कि उस पैसे से रोजगार शुरू कर अपना व्यवसाय को बढ़ावा शुरू करे यह नहीं कि उस पैसे को इधर उधर खर्च कर दे। वहीं जीविका सीएम लीलावती कुमारी ने मानदेय को लेकर आरोप लगाया कि उन्हें दस हजार की जगह तीन से चार हजार की कटौती कर चेक दिया जाता है जिसको लेकर विधायक ने लिखित आवेदन मांग कर कार्रवाई की बात कहीं।

# 125 यूनिट मुफ्त बिजली के नाम पर साइबर ठगी से बचें : विद्युत विभाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** राज्य सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा दिए जाने के बाद साइबर ठग सक्रिय हो गए हैं जिसे लेकर बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं को सतर्क किया है। विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम इं. ब्रवीम ने बताया कि अपराधी मुफ्त बिजली के पंजीकरण, सत्यापन, सब्सिडी दिलाने और स्मार्ट मीटर अपडेट के नाम पर फर्जी कॉल, मैसेज, लिंक और मोबाइल ऐप भेजकर ठगी का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे लिंक पर क्लिक करने या अज्ञात ऐप डाउनलोड करने से मोबाइल हैक हो सकता है और बैंक खाते से पैसा निकाला जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 125 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ लेने या स्मार्ट मीटर अपडेट करने के लिए किसी भी तरह के पंजीकरण, लिंक पर क्लिक या ऐप डाउनलोड की जरूरत नहीं है। विभाग ने अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति कॉल या संदेश के जरिए ओटीपी, बैंक खाता, एटीएम, यूपीआई पिन या अन्य गोपनीय जानकारी मांगता है तो उसे किसी भी हाल में साझा न करें। उपभोक्ता केवल बिजली विभाग के आधिकारिक माध्यमों से मिली सूचना पर ही भरोसा करें और अज्ञात लिंक व संदिग्ध ऐप से दूर रहें। विभाग सोशल मीडिया, अखबार और अन्य माध्यमों से लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। थोड़ी सी सावधानी बड़ी आर्थिक क्षति से बचा सकती है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या साइबर ठगी की आशंका पर तुरंत संबंधित विद्युत कार्यालय या राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं क्योंकि उपभोक्ताओं की सतर्कता ही साइबर अपराधियों के मंसूबों को विफल कर सकती है।

# श्री त्रिदंडी स्वामी मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा, महायज्ञ के बाद विशाल भंडारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** रोहतास एवं भोजपुर जिला के सीमा पर अवस्थित परमानपुर स्थित यज्ञ स्थल के पास नव-निर्मित श्री त्रिदंडी स्वामी मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई। यह आयोजन भारत के महान मनीषी संत श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के मंगलानुशासन में हो रहे महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ संपन्न कराया गया। श्री त्रिदंडी स्वामी महाविद्यालय, परमानंद नगर परिसर में भी वैदिक मंत्रों के साथ प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। महायज्ञ की पूर्णाहुति के उपरांत सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक विशाल भव्य भंडारे का आयोजन हुआ



जिसमें दूर-दराज से आए हजारों महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के दर्शन एवं दिव्य प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। अपने प्रवचन में उन्होंने श्रीमद्भागवत के प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए मानव जीवन के कर्तव्यों, नैतिक मूल्यों और धार्मिक आचरण का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि मनुष्य का वास्तविक धर्म सदाचार, मर्यादित जीवन, श्रेष्ठ आचरण और ईश्वर भक्ति में निहित है और जिसका रहन-सहन धर्म के अनुरूप होता है वही सच्चा धार्मिक है। स्वामी जी ने सभी श्रद्धालुओं से धर्ममय जीवन अपनाने, समाज में सद्भाव बनाए रखने तथा मानवता की सेवा को जीवन का उद्देश्य बनाने का आह्वान किया। महायज्ञ, मंदिर प्रतिष्ठा एवं भंडारे के सफल आयोजन से पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक और भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने आयोजन की भव्यता और व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक बताया।

# मकराइन ब्रह्माकुमारी सेंटर में मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की पुण्यतिथि मनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर परिषद क्षेत्र के ग्राम मकराइन स्थित ब्रह्माकुमारी सेंटर में मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की पुण्यतिथि श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक भावनाओं के साथ धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी परिवार से जुड़े भाई-बहनों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा थे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ हुई। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी



बहनों ने मातेश्वरी के जीवन, आदर्शों और आध्यात्मिक योगदान को स्मरण करते हुए अपने भाव व्यक्त किए। प्रांजलि बहन ने मातेश्वरी के प्रति अपनी भावनाओं एवं स्मृतियों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया जबकि पुष्पा माता ने भी उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बीके दुखराज भाई, मालती माता, रेखा देवी, सोनी कुमारी, पूनम देवी, बीके प्रमिला, रीता देवी, कमला देवी, विकास पाल सहित बड़ी संख्या में संस्था से जुड़े भाई-बहन उपस्थित रहे। समारोह का समापन ब्रह्माकुमारी सेंटर की संचालिका ब्रह्माकुमारी शोभा बहन के आशीर्वचन एवं शांति संदेश के साथ हुआ। उन्होंने मातेश्वरी के बताए आध्यात्मिक मार्ग पर चलकर समाज में शांति, प्रेम और सद्भावना का संदेश फैलाने का आह्वान किया।

# सरैया गांव में पैरवी की सामुदायिक बैठक, बच्चों के अधिकार और बाल संरक्षण पर दिया गया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** जिले के तिलौथू प्रखंड अंतर्गत सरैया गांव में पैरवी के बैनर तले एक सामुदायिक बैठक किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में महिलाओं, किशोरियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीणों ने भाग लिया। भीषण धूप और तेज गर्मी के बावजूद लोगों, विशेषकर महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि रही। मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध जन चिकित्सक डॉ. निर्मल कुमार सिंह ने कहा कि वे पैरवी के कई कार्यक्रमों में शामिल हो चुके हैं।



उन्होंने कहा कि पैरवी पिछले दो वर्षों से जेल में बंद जरूरतमंद लोगों तथा विधि के जोखिम में फंसे बच्चों को निःशुल्क जमानत दिलाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। समाज के कमजोर वर्गों के लिए इस प्रकार की पहल अत्यंत सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित इसी गांव के पुलिस उपाधीक्षक गुलाम सरवर ने कहा कि उनके गांव में पैरवी जैसे संगठन द्वारा लोगों को जागरूक करने का कार्य अत्यंत प्रसन्नता की बात है। उन्होंने बच्चों को हिंसा, शोषण और यातना से सुरक्षित रखने, उनके अधिकारों की रक्षा करने तथा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी पर विस्तार से प्रकाश डाला। पंचायत के मुखिया संजय चौधरी ने गांव की बाल संरक्षण समिति को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे का विद्यालय जाना सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी बच्चे से बाल श्रम न कराया जाए। कार्यक्रम का संचालन उपमुखिया अमित गुप्ता ने किया। उन्होंने पंचायत एवं गांव के बच्चों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए सामुदायिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

# रोहतास में 'पंचायत विकास दिवस' में महिला सशक्तिकरण पर रहा विशेष जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज(रोहतास)।** बिहार सरकार के निर्देश पर रोहतास जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 'पंचायत विकास दिवस' मनाया गया। नासरीगंज प्रखंड के पडुरी पंचायत भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिला प्रभारी सचिव सह सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार संदीप कुमार आर. पुडकलकुट्टी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए श्री पुडकलकुट्टी ने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की आधार है। सरकार का लक्ष्य पंचायतों को सशक्त, आत्मनिर्भर और पारदर्शी बनाना है ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंचे। उन्होंने पदाधिकारियों को योजनाओं का शत-प्रतिशत और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस माह की थीम 'महिला हितैषी ग्राम पंचायत' रही। इसके तहत महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता पर चर्चा हुई।

# पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला, जनभागीदारी से साकार होगा ग्राम स्वराज : रामकृपाल यादव

## जिला की सभी पंचायतों में पंचायत विकास शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगुसराय नगर**। बिहार सरकार की पहल पर प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले "पंचायत विकास दिवस" के तहत रविवार को जिले की सभी पंचायतों में पंचायत विकास शिविर लगाए गए। वीरपुर प्रखंड की नौला ग्राम पंचायत में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री रामकृपाल यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर नगर विधायक कुंदन कुमार, जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक मनीष सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री ने कहा कि भारत की वास्तविक शक्ति गांवों में निहित है और ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास एवं सुशासन की आधारशिला हैं। उन्होंने महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने का उल्लेख करते हुए कहा




कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा, जब प्रत्येक ग्रामीण विकास प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में प्रत्येक माह पंचायत विकास दिवस मनाने का निर्णय ग्रामीण विकास को नई दिशा देने वाला कदम है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र के अनुरूप पंचायतों को अधिकार, संसाधन और आधुनिक तकनीक से सशक्त बनाया जा रहा है। ई-ग्राम स्वराज एवं पंचायत बिहार पोर्टल के माध्यम से पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है। उन्होंने बताया कि बेगूसराय में प्राप्त 20,694 आवेदनों में से 19,102 का निष्पादन कर 92 प्रतिशत से अधिक सफलता हासिल की गई है। उन्होंने किसानों से पैक्स, सहकारी समितियों और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि इससे कृषि उत्पादन और किसानों की आय बढ़ेगी। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों से योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर तेघड़ा विधायक रजनीश कुमार तथा बेगूसराय के प्रभारी सचिव कुंदन कुमार ने भी विभिन्न पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया।

# दुष्कर्म पीड़िता को न्याय नहीं मिला तो आंदोलन होगा तेज : शशि यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय नगर**। बेगूसराय। भाकपा (माले) के पोलित ब्यूरो सदस्य, जिला प्रभारी सह विधान पार्षद शशि यादव ने रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में राज्य की कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बिहार सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में फर्जी मुठभेड़ और मॉब लिंचिंग जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं तथा अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। शशि यादव ने कहा कि बेगूसराय की सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए पार्टी लगातार संघर्ष कर रही है। उनका आरोप था कि पीड़िता द्वारा पहली घटना की शिकायत पुलिस से किए जाने के बावजूद समय पर कार्रवाई नहीं की गई, जिसके कारण बाद में उसके साथ दोबारा सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई। उन्होंने कहा कि पुलिस-प्रशासन की लापरवाही और संवेदनहीनता के कारण ऐसी घटनाएं दोहराई जा रही हैं। उन्होंने भाजपा के सांसदों और विधायकों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर उनकी चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पार्टी सड़क से लेकर सदन तक पीड़ितों



को न्याय दिलाने की लड़ाई जारी रखेगी और इस मामले को विधान परिषद में भी उठाया जाएगा। प्रेसवार्ता से पूर्व शशि यादव ने अस्पताल पहुंचकर दुष्कर्म पीड़िता से मुलाकात की और उसके परिजनों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को 11 माह से मानदेय नहीं मिलने और स्वास्थ्य व्यवस्था की समस्याओं का भी मुद्दा उठाया। प्रेसवार्ता में भाकपा (माले) जिला सचिव दिवाकर प्रसाद, खेग्रामस जिला सचिव चंद्रदेव वर्मा, किसान महासभा के जिला अध्यक्ष नवल किशोर सिंह, सचिव बैजू सिंह तथा राजेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# श्रीराम-जानकी मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न, हजारों श्रद्धालुओं ने किया दर्शन-पूजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**तेघरा (बेगूसराय)**। नगर परिषद क्षेत्र के दीनदयालपुर स्थित एनएच-28 चौक के श्रीराम-जानकी राधा-कृष्ण मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्रीराम कथा का रविवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में समापन हो गया। समापन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने नवप्रतिष्ठित विग्रहों के दर्शन-पूजन कर धर्मलाभ प्राप्त किया। यह महोत्सव परम पूज्य साकेतवासी महंत श्री 108 राम नारायण दास जी महाराज की पुण्य स्मृति को समर्पित रहा। श्रद्धालुओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके द्वारा स्थापित आध्यात्मिक परंपरा आज इस भव्य आयोजन के रूप में साकार हुई है। समापन समारोह में बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के सदस्य हेमराज मुख्य अतिथि, जबकि तेघरा के अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार एवं विधायक रजनीश कुमार




विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने नव-निर्मित मंदिर का अवलोकन कर इसकी भव्यता की सराहना की और कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र समाज में संस्कार, सेवा, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं। मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष महंत रामसेवक दास महाराज (मौनी बाबा), कोषाध्यक्ष भगवान राम तथा मुख्य आयोजक रामबली सिंह सहित समिति के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि रामबली सिंह के समर्पण, दूरदृष्टि और अथक प्रयासों से यह मंदिर क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। समापन अवसर पर न्यास समिति ने आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को और अधिक भव्य रूप से आयोजित करने की घोषणा करते हुए तेघरा को धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनाने का संकल्प दोहराया।

# संत कबीर की 628वीं जयंती पर कबीर ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ, धर्म जागरण शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह**। संत सम्राट सद्गुरु कबीर साहब की 628वीं जयंती के अवसर पर रविवार को श्री कबीर ज्ञान मंदिर में आयोजित 'कबीर ज्ञान महायज्ञ' का भव्य शुभारंभ धर्म जागरण शोभायात्रा के साथ हुआ। आकर्षक झांकियों, प्रेरक नारों और कबीर साहब के जयघोष के बीच निकली शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर पुनः कबीर ज्ञान मंदिर पहुंची। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया शोभायात्रा के बाद कबीर भजन सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें कबीर साहब एवं सनातन धर्म पर आधारित सुमधुर भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके पश्चात संतों एवं भक्तों के प्रवचन हुए तथा परम वंदनीय सद्गुरु माँ ज्ञान ने अपने





दिव्य उद्बोधन में कहा कि सद्गुरु कबीर की वाणी और वेदों की शिक्षाओं में अद्भुत समानता है। उन्होंने कहा कि कबीर ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रहार करते हुए कर्म, सच्ची भक्ति और मानवता का संदेश दिया। बाहरी आडंबर नहीं, बल्कि श्रेष्ठ कर्म ही वास्तविक भक्ति का परिचायक है कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी सभी का मन मोह लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने "तूने हीरा जन्म गवाया, भजन बिन बावरे" भजन पर भावनृत्य प्रस्तुत कर खूब सराहना बटोरी। वहीं देशभक्ति पर आधारित नृत्य और 'मन से संघर्ष' नामक नाटक का मंचन भी आकर्षण का केंद्र रहा इस अवसर पर आध्यात्मिक जगत की प्रतिष्ठित विदुषी सद्गुरु माँ ज्ञान द्वारा रचित नवीन ग्रंथ 'संत कबीरः भक्त या भगवान' तथा 'कबीर रमैनी में सत्य का शंखनाद' का लोकार्पण धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के करकमलों द्वारा किया गया अपने संबोधन में सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि सद्गुरु माँ अब तक लगभग 85 पुस्तकों की रचना कर चुकी हैं, जिनमें सनातन धर्म एवं कबीर दर्शन के गूढ़ विषयों का विस्तृत विवेचन है। उन्होंने कहा कि सद्गुरु माँ विश्व की पहली महिला संत हैं जिन्होंने संपूर्ण श्रीमद्भगवद्गीता के 18 अध्यायों पर भाष्य लिखा है। उन्होंने कबीर ज्ञान मंदिर द्वारा आयोजित इस प्रकार के आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताते हुए इसकी सराहना की आयोजकों ने बताया कि सोमवार को संत कबीर साहब के लोकप्राकट्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बीजक ग्रंथ का पाठ, यज्ञ-हवन एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# गिरिडीह के सभी 13 प्रखंडों में लगेगा ड्राइविंग लाइसेंस कैंप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह**। जिला परिवहन पदाधिकारी, गिरिडीह ने जिले के सभी 13 प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय ड्राइविंग लाइसेंस कैंप आयोजित करने का कार्यक्रम जारी किया है। यह कैंप 1 जुलाई से 13 अगस्त 2026 तक संबंधित प्रखंड परिसर में आयोजित होंगे। प्रत्येक कैंप सुबह 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक चलेगा। कैंप में ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित आवेदन, दस्तावेजों की जांच तथा नियमानुसार लाइसेंस निर्गत करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारियों एवं चिकित्सा पदाधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था एवं व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है प्रखंडवार कैंप की तिथियां इस प्रकार हैं: बेंगाबादः 1 एवं 2 जुलाई 2026 जमुआः 4 एवं 6 जुलाई 2026 तिसरीः 8 एवं 9 जुलाई 2026 देवरीः 10 एवं 11




जुलाई 2026 गावांः 14 एवं 15 जुलाई 2026 धनवारः 17 एवं 18 जुलाई 2026 गिरिडीह सदरः 21 एवं 22 जुलाई 2026 पीरटांड़ः 24 एवं 25 जुलाई 2026 डुमरीः 27 एवं 28 जुलाई 2026 बगोदरः 31 जुलाई एवं 1 अगस्त 2026 बिरनीः 4 एवं 5 अगस्त 2026 सरियाः 7 एवं 8 अगस्त 2026 गांडेयः 12 एवं 13 अगस्त 2026 जिला परिवहन पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से कैंप का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का अनुरोध किया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। साथ ही नवसिखुआ ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट के लिए प्रखंड सभागार उपलब्ध कराने, बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा प्रज्ञा केंद्र संचालकों को दस्तावेज अपलोड एवं ऑनलाइन शुल्क जमा कराने में सहयोग देने का निर्देश दिया गया है इसके अलावा सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों को कैंप के दिन आवेदकों के ब्लड ग्रुप परीक्षण एवं फिजिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए एक लैब टेक्नीशियन और एक एमबीबीएस चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# किसान सलाहकार संघ की बैठक संपन्न

**बेगूसराय/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। प्रदेश एससी-एसटी किसान सलाहकार संघ के बैनर तले एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश राम भाई की अध्यक्षता में जिला के केंद्र में स्थित प्रतिष्ठित सर गणेश दत्त (जीडी) महाविद्यालय के प्रांगण स्थित अशोक वाटिका में आहूत की गई। बैठक में बेगूसराय किसान सलाहकार संघ के प्रखंड सहयोग समिति के गठन और किसानों के हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की मुख्य अध्यक्षता दिनेशराम भाई ने की। जिसमे दर्जनों किसान सलाहकारों की रही मौजूदगी। इस बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसान सलाहकारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और संघ की मजबूती को लेकर अपने-अपने विचार साझा किए। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित रहने वाले किसान सलाहकारों में निम्नलिखित नाम शामिल हैं।इस अवसर पर किसान सलाहकार रणधीर कुमार, गोविंद कुमार, विजय कुमार, अमित कुमार, राजीव कुमार, प्रेमचंद गुप्ताचंदन कुमार, मनीष कुमार, सज्जन कुमार,अमर कुमार, जटाशंकर कुमार, मुकेश कुमार, जनार्दन ठाकुर बैठक के अंत में सर्वसम्मति से प्रखंड सहयोग समिति के विस्तार और आगामी कार्ययोजना को लेकर रणनीति तैयार की गई।

# झारखंड छात्र मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**गिरिडीह/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। झारखंड छात्र मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक रविवार को झामुमो जिला कार्यालय, गिरिडीह में जिला अध्यक्ष अभय कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान को गति देने, छात्र हितों से जुड़े मुद्दों तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई बैठक में मुख्य रूप से झामुमो के जिला अध्यक्ष संजय सिंह एवं गिरिडीह के डिप्टी मेयर सुमित कुमार के साथ टूना सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने पर बल देते हुए छात्र हित के मुद्दों पर एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया बैठक में जिला सचिव विशाल झा, जिला उपाध्यक्ष सुमेर वर्मा, रोहित मंडल, रौनक मिश्रा, कोषाध्यक्ष आदित्य, सचिव आर्यन वर्मा, विनय हसदा, संगठन मंत्री सूरज मंडल, जेबा नाज, बिट्टू यादव, बंटी वर्मा, गौरव सिंह, राहुल, रंजन वर्मा, मारूफ आलम, खुशबू साहू सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे बैठक के दौरान संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान को प्रभावी बनाने तथा विभिन्न छात्र समस्याओं के समाधान के लिए रणनीति तैयार की गई। अंत में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने छात्र हितों की रक्षा करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### शराब कांड में दो आरोपित गिरफ्तार

**नावकोठी**। नावकोठी थाना पुलिस ने शराब तस्करी के दो अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे दो आरोपितों को शनिवार की रात गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान थाना क्षेत्र के पहसारा गांव निवासी लाभों सिंहका पुत्र अंकित कुमार एवं ललन सिंह का पुत्र केशव कुमार के रूप में हुई है। रविवार को दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि तकनीकी अनुसंधान एवं गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार की रात दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पुछताछ के दौरान शराब तस्करी से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि दोनों मामलों में फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### अखाड़ा के पहलवानों ने दिखाए करतब

**वीरपुर**। प्रखंड के जिन्दपुर में मुहर्रम के अवसर पर आयोजित चार दिवसीय मेले के दूसरे दिन जिला स्तरीय कलाबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रजौरा, लरूआरा, चिलमिल, किरतौल, बरौनी सहित जिले की कई प्रसिद्ध टीमों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने तलवारबाजी, भालाबाजी, बाना-बनेठी और लाठी खेल की पारंपरिक एवं आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बेगूसराय के पूर्व मेयर आलोक कुमार अग्रवाल, डॉ. राजेश कुमार रौशन, राजद महिला प्रकोष्ठ महानगर जिलाध्यक्ष रीना जायसवाल, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुल्ताना बेगम तथा मुखिया अशोक पासवान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपमुखिया अजीत महतो, पूर्व सरपंच ललन महतो, पूर्व मुखिया सुखराम महतो, वार्ड पार्षद शबाना बेगम और मुर्शिदा खातून सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों का चादर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नवीन कुमार एवं आबिद ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन समिति के तौसीफ, आजम शहजादा, इसराफिल, शाहनवाज, अफरोज, साबिर, औरंगजेब, शाह हुसैन, कादिर सहित अन्य सदस्य आयोजन को सफल बनाने में जुटे रहे। मेले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वहीं हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने कलाबाजी प्रतियोगिता के साथ-साथ ब्रेक डांस, नाव झूला, ड्रैगन झूला, मिक्की माउस सहित विभिन्न मनोरंजक झूलों का भी भरपूर आनंद उठाया।

### राष्ट्रगान के साथ शुरू हुई पंचायत बैठक

**बेगूसराय**। प्रखंड की बागवान पंचायत ने पंचायत बैठकों की शुरुआत राष्ट्रगान से करने की अनूठी पहल की है। पंचायत भवन में आयोजित आधिकारिक बैठक का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ किया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस पहल की ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सराहना की जा रही है। बागवान पंचायत के मुखिया योगेंद्र राय ने बताया कि जिस प्रकार लोकसभा और विधानसभा की कार्यवाही राष्ट्र के प्रति सम्मान के साथ शुरू होती है, उसी भावना को ग्राम पंचायत स्तर पर भी अपनाया गया है। उनका कहना है कि ग्राम पंचायत लोकतंत्र की सबसे मजबूत नींव है और गांवों का समग्र विकास ही राज्य एवं देश की प्रगति का आधार है। मुखिया ने कहा कि पंचायत की प्रत्येक बैठक की शुरुआत राष्ट्रगान से करने का उद्देश्य केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यबोध एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करना है। इससे विकास संबंधी निर्णय अधिक जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच के साथ लिए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि "ना लोकसभा, ना विधानसभा सबसे बड़ी ग्राम सभा" केवल एक नारा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति का प्रतीक है। ग्राम सभा वह मंच है, जहां आम नागरिक सीधे विकास संबंधी निर्णयों में अपनी भागीदारी निभाते हैं। बागवान पंचायत की यह पहल क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि अन्य पंचायतें भी इस परंपरा को अपनाएं तो राष्ट्रहित, ग्राम विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक मजबूती मिलेगी।

# सिख पंथ के छठे गुरु गुरु हरगोबिंद साहिब जी का 431वां प्रकाश पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह**। स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में रविवार को सिख पंथ के छठे गुरु, धन-धन श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी का 431वां प्रकाश पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में विशेष दीवान का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त किया प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में पिछले 48 घंटे से चल रहे अखंड पाठ साहिब की संपूर्णता के बाद विशेष कीर्तन दीवान आयोजित किया गया। स्थानीय रागी जत्था ने गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर संगत भाव-विभोर हो उठी। पूरे गुरुद्वारा परिसर में "बोले सो निहाल, सत् श्री अकाल" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने बताया कि गुरु हरगोबिंद साहिब जी के प्रकाश पर्व को लेकर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कीर्तन के उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने गुरु के अटूट लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर लंगर सेवा डॉ. अमरजीत सिंह सलूजा एवं उनके परिवार द्वारा कराई गई इस पावन अवसर पर गुरुद्वारा के प्रधान सेवक डॉ. सरदार गुणवंत सिंह मोंगिया, सचिव सरदार नरेंद्र सिंह शम्मी, डॉ. अमरजीत सिंह सलूजा, सरदार देवेंद्र सिंह, सरदार राजेंद्र सिंह, सरदार परमजीत सिंह दुआ, सरदार भूपेंद्र सिंह, प्रिंस सलूजा, सरदार चरणजीत सिंह सलूजा, कुशल सलूजा, सुधीर आनंद, रतन गुप्ता, बलजीत सलूजा सहित बड़ी संख्या में सिख समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चों ने श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया।


# अतिक्रमण की भेंट चढ़ा ताजपुर पंचायत भवन, कब चलेगा सरकारी डंडा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग)**। गांवों में विकास के लिए लोग पंचायत सचिवालय की ओर आस लगाए रहते है। यहां हालत ही उल्टे नज़र आ रहे है चौपारण प्रखंड के ताजपुर पंचायत भवन अपने परिसर में हुए अवैध अतिक्रमण के कब्जे से मुक्त होने के लिए प्रशासन को राह देख रहा है। वर्ष 2016 में अनुमंडल प्रशासन तथा प्रखंड प्रशासन के पहल से जी.टी रोड दुर्गा मंदिर परिसर में लगने वाला दैनिक सब्जी बजार को पंचायत भवन के बगल में नर्सरी में स्थानांतरित किया था । जिसमें स्पष्ट निर्देश था कि दैनिक सब्जी बाजार तथा दुकानें नर्सरी हेतु चयनित स्थल पर ही रहेगी। वर्तमान में स्थिति यह है कि नर्सरी में दैनिक बाजार के दायरा बढ़ता जा रहा है। कई दुकानदार ऐसे है कि स्थाई रूप से दुकान बना कर किराया भी वसूल रहे है। वहीं नर्सरी से सटे ताजपुर पंचायत भवन परिसर को भी चारों तरफ से अवैध दुकानों से अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया है। प्रखंड प्रशासन के उदाशीनता रवैया के कारण







अतिक्रमणकर्ताओं का हौसला बुलंद हो गया है जिसका अनुमान ऐसे लगाया जा सकता है कि प्रखंड की सरकारी बाउंड्री को तोड़ कर वहां अवैध रूप से गुमटी बैठा दिया गया है। कई बार स्थानीय लोगों द्वारा अंचल अधिकारी सहित कई प्रखंड पदाधिकारी को आवेदन देकर हो रहे अतिक्रमण पर अंकुश लगाने का अनुरोध किया गया है परंतु स्थिति जस की तस बनी हुई है। आय दिन प्रखंड प्रशासन के अधिकारी इसी रास्ते से जाना आना करते है लेकिन अवैध अतिक्रमण को लेकर अपनी आँखे बंद कर लेते है। ब्लॉक मोड़ से सब्जी मार्केट तक आने जाने वाले रास्तों में अवैध अतिक्रमण से भीड़ भाड़ की स्थिति बनी रहती है। देर रात्रि होने के पश्चात् इन गुमटियों में अवैध नशीले सामग्री का भी कारोबार जोर शोर से चलता है। इस संबंध में भी स्थानीय ग्रामीण द्वारा आवेदन देकर इसकी शिकायत की गई । आवेदन में इन गुमटियों में गांजा, शराब, और नशीले सामग्री के बिक्री और होने वाले अड्डेबाजी पर अंकुश लगाने की लिए प्रखंड,जिला से लेकर मुख्यमंत्री तक गुहार लगाई गई है। स्थानीय निवासी मनीष रंजन ने बताया है कि सरकारी बाउंड्री को तोड़ कर गुमटी बिठाये हुए 15 दिन से अधिक हो गया है अंचल अधिकारी को आवेदन देकर इस संबंध में अवगत भी कराया गया है परंतु अब तक सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब लगता है प्रखंड प्रशासन ही भगवान भरोसे बैठा है। जिला प्रशासन या सीधे राज्य के मुखिया से ही करवाई हेतु उम्मीद लगाई जा सकती है।

# महानंदा नदी में स्नान के दौरान डूबी नौ वर्षीय बच्ची, मौत से गांव में मातम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अमदाबाद (कटिहार)**। प्रखंड की दुर्गापुर पंचायत स्थित कमरुद्दीन टोला के पास महानंदा नदी के स्पर संख्या-42 के समीप स्नान के दौरान नौ वर्षीय एक बच्ची की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। जानकारी के अनुसार बच्ची अपनी नानी के घर आई हुई थी। शनिवार की सुबह करीब 10 बजे वह अपने साथियों के साथ महानंदा नदी में स्नान करने गई थी। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चली गई और देखते ही देखते डूब गई। साथ मौजूद बच्चों ने तत्काल इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन एवं ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और बच्ची की तलाश शुरू की। कई घंटे की खोजबीन के बाद उसका शव नदी से बरामद किया गया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। अंचल पदाधिकारी स्नेहा कुमारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि महानंदा नदी में डूबने से बच्ची की मौत हुई है।

# पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने का जनांदोलन है पंचायत विकास दिवस समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड अंतर्गत बनिया पंचायत के बनिया घटराइन स्थित राणा रामेश्वर +2 उच्च विद्यालय के मैदान में रविवार को जिला स्तरीय पंचायत विकास दिवस समारोह का बिहार सरकार पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सह प्रभारी मंत्री रमा निषाद द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री रमा निषाद ने कहा कि पंचायत विकास दिवस सरकार की उन सभी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है, जिनका उद्देश्य ग्रामीण विकास एवं जनकल्याण है। उन्होंने कहा कि आज का दिन केवल एक आयोजन नहीं बल्कि ग्राम पंचायतों के संकल्प को और अधिक मजबूत करने का अवसर है। बिहार सरकार द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पंचायत विकास दिवस मनाने का निर्णय पंचायतों को विकास का वास्तविक केंद्र बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि इस माह की थीम 'महिला हितैषी ग्राम पंचायत' अत्यंत सार्थक एवं समयानुकूल है। किसी भी पंचायत की समृद्धि तभी संभव है जब उसकी महिलाएं सुरक्षित, शिक्षित, आर्थिक रूप से सशक्त हों तथा विकास की प्रत्येक प्रक्रिया में उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने हेतु अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। आज पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण इकाई बन चुकी हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कराया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को अधिकांश सरकारी सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध हो सकें और उन्हें अनावश्यक रूप से प्रखंड अथवा जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने मुख्यमंत्री ग्रामीण विवाह मंडप योजना की जानकारी देते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर आधुनिक एवं सुलभ विवाह मंडपों का निर्माण कराया जा रहा है जिससे गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल आधारभूत संरचना का विकास नहीं बल्कि स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण भी है। इसी सोच के तहत पंचायतों में खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं ताकि ग्रामीण युवाओं को खेल एवं शारीरिक विकास के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि जब हम महिला हितैषी ग्राम पंचायत की बात करते हैं तब हमारा दायित्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनभागीदारी को अपने कार्यों का आधार बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि विकास तभी सफल होगा, जब प्रत्येक नागरिक स्वयं को पंचायत विकास का सहभागी माने। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट पंचायतों के विकास कार्यों से संबंधित वीडियो का प्रदर्शन किया गया तथा प्रधानमंत्री के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसे उपस्थित ग्रामीणों एवं अधिकारियों ने गंभीरतापूर्वक सुना। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि आज हम सभी बनिया ग्राम पंचायत में 'महिला हितैषी ग्राम पंचायत' विषय पर एकत्रित हुए हैं। यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि ग्राम पंचायतों को सशक्त, समावेशी एवं आत्मनिर्भर बनाने का एक जनआंदोलन है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अपनी ग्राम पंचायत को स्वच्छ, शिक्षित, सुरक्षित, महिला हितैषी एवं आत्मनिर्भर पंचायत बनाने का सामूहिक संकल्प लेने का आह्वान किया। सर्वप्रथम वरीय उप समाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, वरीय उप समाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी, निदेशक डीआरडीए अनुपम कुमार, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), मदनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में जीविका दीदियाँ, आशा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मद्य निषेध के प्रति किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पंचायत विकास दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं ग्राम पंचायतों में 'महिला हितैषी ग्राम पंचायत' थीम के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन कर ग्रामीणों को सामाजिक सरोकारों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटकों का मुख्य विषय मद्य निषेध रहा। कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से शराब सेवन से परिवार एवं समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को दर्शाया तथा शराबबंदी के सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक लाभों को रेखांकित किया। साथ ही महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा, सशक्तिकरण तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में जनसहभागिता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह बताया गया कि महिला हितैषी ग्राम पंचायत की अवधारणा तभी साकार होगी जब पंचायत स्तर पर महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक एवं नशामुक्त वातावरण का निर्माण किया जाए। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे मद्य निषेध अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दें तथा अपने गांव को नशामुक्त, सुरक्षित एवं समृद्ध बनाने में सहभागिता निभाएं। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने शराबबंदी के समर्थन में सकारात्मक संदेश ग्रहण किया तथा महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक जागरूकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। पंचायत विकास दिवस के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 'महिला हितैषी ग्राम पंचायत' थीम पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जिससे पंचायत स्तर पर महिलाओं के अनुकूल वातावरण तथा जनभागीदारी को बढ़ावा मिल सके।

# डीएम ने किया पोलियो अभियान का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ सदर अस्पताल में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा बच्चों को दो बूंद दवा पिलाकर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं तथा अभियान को सफल बनाने में जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें। जिलाधिकारी ने कहा कि पोलियो उन्मूलन में भारत ने ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है, किंतु इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए नियमित रूप से आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान में शत-प्रतिशत बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करना आवश्यक है। एक भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के सभी पदाधिकारियों, चिकित्सा कर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं अभियान से जुड़े सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि वे पूरी जिम्मेदारी एवं सजगता के साथ कार्य करें तथा घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि अभियान के प्रथम दिन जिले के सभी बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस अवसर पर सिविल सर्जन, डीपीएम हेल्थ, सदर अस्पताल के चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी नरेन्द्र गुप्ता का निधन, शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** शहर के शाहपुर मुहल्ला निवासी शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी एवं नरेन्द्र सिनेमा हॉल के संचालक नरेन्द्र गुप्ता का रविवार को निधन हो गया। वे लगभग 80 वर्ष के थे। शहर में व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। उनके निधन की सूचना मिलते ही विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के लोग उनके आवास पर पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने दिवंगत नरेन्द्र गुप्ता के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। पूर्व सांसद ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि ईश्वर पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। नरेन्द्र गुप्ता के निधन पर शहर के लोगों ने भी गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके सामाजिक योगदान को याद किया।

# 17 केंद्रों पर सिपाही भर्ती परीक्षा संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के 17 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को बिहार पुलिस कांस्टेबल ऑपरेटर के 993 पदों पर नियुक्ति के लिए भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और कदाचारमुक्त संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था की गई थी। परीक्षा एक ही पाली में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित की गई। इसके लिए अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्रों में प्रवेश सुबह 10 बजे से शुरू किया गया। निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार सुबह 11 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। समय पर पहुंचे परीक्षार्थियों की गहन जांच के बाद ही उन्हें एंट्री दी गई। सभी 17 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। केंद्रों के मुख्य द्वार पर अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग की गई और पहचान व प्रवेश पत्र का मिलान करने के बाद ही अंदर जाने दिया गया। महिला अभ्यर्थियों की जांच के लिए अलग से महिला कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। साथ ही उनकी सुविधा के लिए पृथक कक्ष और घेरायुक्त स्थान की व्यवस्था की गई। परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ डिवाइस, वाई-फाई गैजेट, स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, व्हाइटनर, इरेजर और अन्य किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक या प्रतिबंधित सामग्री को परीक्षा केंद्र में ले जाने पर पूरी तरह रोक रही। जांच के दौरान ऐसे सामान रखने वाले अभ्यर्थियों को उन्हें बाहर जमा कराने के बाद ही प्रवेश दिया गया। जिला प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की थी ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष वातावरण में संपन्न हो सके। केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ को रोकने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई थी। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक स्वयं परीक्षा व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे थे। अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और परीक्षा संचालन का जायजा लिया और प्रतिनियुक्त कर्मियों को निर्धारित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा की पारदर्शिता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और कदाचार की किसी भी कोशिश पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# शराब सहित अन्य मामलों में 28 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 10 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार मद्य निषेध अधिनियम के तहत 6 तथा अन्य मामलों में 22 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 169.20 लीटर देसी एवं एक बाइक बरामद किया गया है। 24500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा एक वारंट एवं चार कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के अनुसार औरंगाबाद जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार विशेष अभियान जारी रहेगा। इस जद में मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा कानून विरोधी कृत्य करने वालों की खैर नहीं होगी।

# प्रभात फ़ेरी निकाल महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार रविवार को 'पंचायत विकास दिवस' के अवसर पर आमजन को पंचायतों की भूमिका, महिला सशक्तिकरण तथा ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले के सभी प्रखंडों एवं ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर प्रभात फ़ेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फ़ेरी में स्कूली छात्र-छात्राओं, जीविका दीदियों, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं, जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने जागरूकता संबंधी नारों एवं संदेशों के माध्यम से ग्रामीण विकास, स्वच्छता, महिला अधिकार, शिक्षा तथा पंचायतों की सहभागिता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। गौरतलब है कि पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में 'पंचायत विकास दिवस' का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में जून माह के आयोजन की थीम 'महिला हितैषी ग्राम पंचायत' निर्धारित की गई है। इस थीम का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा, सम्मान, समान अवसर तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए और अधिक संवेदनशील एवं उत्तरदायी बनाना है। साथ ही पंचायत स्तर पर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उन्हें शासन एवं विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में प्रभावी पहल करना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है। जिला प्रशासन द्वारा पंचायत विकास दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों के बीच जनजागरूकता बढ़ाने तथा पंचायतों को जनकल्याणकारी बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# आर्द्रा के प्रथम रविवार पर देव सूर्य मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आर्द्रा नक्षत्र के प्रथम रविवार को विश्व प्रसिद्ध देव सूर्य मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से लेकर देर शाम तक करीब 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर के दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर पूरे दिन श्रद्धालुओं से गुलजार रहा। औरंगाबाद के अलावा रोहतास, गया, अरवल, पलामू सहित आसपास के कई जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु देव पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पहले सूर्यकुंड में स्नान करने के बाद लंबी कतार में लगकर भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना की। दर्शन के लिए कई घंटे तक लोगों को इंतजार करना पड़ा। रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी अधिक थी कि सूर्य मंदिर से लेकर सूर्यकुंड तक का पूरा क्षेत्र श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। करीब 150 मीटर की दूरी तय करने में भी श्रद्धालुओं को लगभग आधे घंटे का समय लग रहा था। भीड़ के कारण पूरे देव नगर में यातायात व्यवस्था भी प्रभावित रही और कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रही। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती भी की गई थी।

# आम लोगों को मिली जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रविवार को पंचायत विकास दिवस के अवसर पर आमजन को पंचायतों की भूमिका, महिला सशक्तिकरण तथा ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों के ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर 'पंचायत विकास दिवस' का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में 'पंचायत विकास दिवस' का आयोजन किया जाना है। जून माह के आयोजन की थीम 'महिला हितैषी ग्राम पंचायत' निर्धारित की गई जिसके माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, समान अवसर, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण में ग्राम पंचायतों की सक्रिय भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में ग्राम सभा के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, जीविका दीदियाँ, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएँ, आंगनबाड़ी सेविकाएँ, आशा कार्यकर्ता, पंचायत स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठियों एवं संवाद कार्यक्रमों में 'महिला हितैषी ग्राम पंचायत' विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, सुरक्षा, आजीविका संवर्धन, वित्तीय समावेशन, लैंगिक समानता, सरकारी योजनाओं की पहुँच तथा पंचायत स्तर पर महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही पंचायतों द्वारा महिलाओं के हित में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए भविष्य की कार्ययोजना एवं नवाचारों पर भी चर्चा की गई।

# पुलिस ने चलाया विशेष वाहन जांच अभियान, संदिग्धों से की पूछताछ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशानुसार जिले में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था के संधारण तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर जांच अभियान संचालित किया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों की टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की तथा दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की गहन जांच की। वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। साथ ही वाहनों की डिक्की एवं अन्य हिस्सों की भी जांच की गई ताकि किसी प्रकार की अवैध सामग्री, हथियार अथवा संदिग्ध वस्तु की आवाजाही को रोका जा सके। अभियान के दौरान पुलिस ने लोगों को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में जागरूक भी किया।

# आज से व्यवहार न्यायालय की समय सारिणी में बदलाव

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय में आज सोमवार से न्यायिक कार्य की समय सारिणी में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेशानुसार अब ग्रीष्मकालीन मॉर्निंग कोर्ट व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार न्यायालय में केसों की सुनवाई और अन्य कानूनी कार्यवाही प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शुरू होगी। इस नई व्यवस्था के तहत दोपहर 1:30 बजे से लेकर 2:00 बजे तक आधे घंटे का लंच अवकाश निर्धारित किया गया है। वहीं न्यायालय परिसर सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 5:30 बजे तक खुला रहेगा।




# भारत की प्रगति में हर व्यक्ति की भागीदारी महत्वपूर्ण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार के नेतृत्व में रामराज नगर स्थित भाजपा नेता अरविंद सिंह के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 135वीं कड़ी को सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से देशभर में हो रहे सकारात्मक और प्रेरणादायक कार्यों की जानकारी मिलती है जिससे लोगों को समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों, विशेषकर युवाओं, महिलाओं, किसानों और समाज के विभिन्न वर्गों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि भारत की प्रगति में हर नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने जनभागीदारी, सकारात्मक सोच और समाजहित में किए जा रहे प्रयासों को देश की ताकत बताया। प्रधानमंत्री ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने का आह्वान करते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़े परिवर्तन का आधार बनते हैं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों और समाज सेवा में जुटे प्रेरणादायी व्यक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के हर कोने में अनेक लोग निस्वार्थ भाव से समाजहित में कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर सुनील सिंह, रामरूप सिंह, शत्रुघ्न सिंह उर्फ मुन्ना, टुन्ना गुप्ता, हरिओम, संजय राय, अविनाश कुमार, रामजन्म सिंह, कमल कुमार, उपेंद्र सिंह, कमलेश शर्मा, अनिल कुमार सिंह, दीपक सिंह, ई. वीरेंद्र पाठक, धीरेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, डॉ. मधेश्वर चंद्रवंशी, सत्यम कुमार, मनीष गुप्ता, प्रमोद गुप्ता सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

CMYK